✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 340 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 10 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



कोलकाता में शपथ ग्रहण के बाद नये मंत्रियों के साथ पीएम नरेन्द्र मोदी

## संक्षिप्त समाचार

### एनएस राजा सुब्रमणि बने भारत के नए सीडीएस

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** भारत सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि (सेवानिवृत्त) को देश का नया चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) नियुक्त किया है। वह 30 मई को कार्यकाल पूरा कर रहे जनरल अनिल चौहान की जगह लेंगे। रक्षा मामलों, खासकर पाकिस्तान और चीन से जुड़े रणनीतिक मुद्दों पर उनकी गहरी पकड़ मानी जाती है। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि का जन्म एक सैन्य पृष्ठभूमि वाले परिवार में हुआ। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और भारतीय सैन्य अकादमी से प्रशिक्षण हासिल किया है।

### बिहार विधान परिषद की नौ सीटों पर चुनाव जल्द

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधान परिषद की नौ सीटों पर चुनाव को लेकर अगले पखवारे चुनावी प्रक्रिया शुरू हो सकती है। चुनाव आयोग जल्द इसकी अधिसूचना जारी कर सकता है। इन चुनावों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों खेमों में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

### 16 नये राजकीय डिग्री कॉलेजों में प्रभारी प्राचार्यों की नियुक्ति

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय (पीपीयू) ने बिहार सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर विश्वविद्यालय क्षेत्र के नवस्थापित 16 राजकीय डिग्री कॉलेजों में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों के संचालन के लिए प्रभारी प्राचार्यों की प्रतिनियुक्ति कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गयी है।

### तेलंगाना के छात्र का शव मिलने से हड़कंप

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बिहटा के अमहारा थाना क्षेत्र स्थित आईआईटी परिसर से तेलंगाना निवासी छात्र हर्षित पटनायक का शव बरामद हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम मौके पर पहुंच गई। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह आईआईटी परिसर के बॉयज हॉस्टल के बगल स्थित मैदान में लोगों ने एक युवक का शव देखा जिसके बाद प्रशासन को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हालांकि छात्र की मौत कैसे हुई, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

### सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत

**किशनगंज(नबिटा ब्यूरो)।** बहादुरगंज-किशनगंज मुख्य पथ पर सर्रा पुल के पास भीषण सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दोनों भाई एक ही बाइक पर सवार होकर बहादुरगंज से अपने घर सकौर लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क निर्माण कंपनी के प्लांट के पास खड़े एक मालवाहक डंपर से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। मृतकों की पहचान मुनतसीर और दानिश के रूप में हुई है।

## रवींद्र जयंती पर पश्चिम बंगाल की राजनीति ने लिखा नया इतिहास

# शुभेंदु ने ली सीएम पद की शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति ने शनिवार को रवींद्र जयंती पर नया इतिहास लिख दिया। कोलकाता के विशाल ब्रिगेड परेड ग्राउंड में पहली बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने शपथ ली। शुभेंदु अधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के अलावा देश के अलग-अलग राज्यों के एनडीए सरकारों के मुखिया की मौजूदगी में पश्चिम बंगाल के नौवें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उनके शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए देश भर के नेता आये थे। बंगाल के कोने-कोने से आम लोग भी ब्रिगेड परेड ग्राउंड में इस ऐतिहासिक पल के गवाह बने। आजादी के बाद यह पहली बार है, जब बंगाल की किसी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह लोक भवन के बंद कमरों से निकलकर खुले मैदान में आयोजित हुआ। बांग्ला पंचांग के अनुसार बैसाख के 25वें दिन जब राज्य भर में रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मन रही थी उसी दौरान राज्यपाल आरएन रवि ने शुभेंदु अधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। उनके साथ पांच मंत्रियों दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक किर्तिनया, खुदीराम टुडू और निशीथ प्रमाणिक ने भी शपथ ली। अधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुली जीप में बंगाल के नये चीफ मिनिस्टर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के साथ ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आये लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। पीएम मोदी हाथ हिला रहे थे और शुभेंदु अधिकारी तालियां बजा रहे थे। थोड़ी देर बाद पीएम मोदी, शुभेंदु और शमिक जीप से उतरकर पैदल ही स्टेज की तरफ बढ़े। कोलकाता पुलिस ने सुरक्षा के लिए 4000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया था। पूरे मैदान में 1500 सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से नजर रखी जा रही थी। वीवीआईपी मेहमानों के लिए कार्यक्रम स्थल के पास ही अस्थायी हेलीपैड बनाया गया था। शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय मंत्री, भाजपा सांसद, उद्योगपति, फिल्मी हस्तियां, संत और धार्मिक नेता शामिल हुए।



## शुभेंदु के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए सीएम सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए। शपथ ग्रहण के बाद चौधरी ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री को बधाई भी दी। एक्स पोस्ट पर लिखा कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शुभेंदु अधिकारी को शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। श्री चौधरी ने कहा कि पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में पश्चिम बंगाल प्रगति, सुशासन और समग्र विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ राज्य के प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुंचेगा। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता स्थित ब्रिगेड परेड मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न राज्यों से पधारे मुख्यमंत्रीगण और वरिष्ठ साथियों से आत्मीय भेंट हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा की अविराम यात्रा का यह पड़ाव जनविश्वास, संगठन शक्ति और राष्ट्रवाद की नई ऊंचाइयों का प्रतीक है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के शपथ ग्रहण का यह ऐतिहासिक क्षण सदैव स्मरणीय रहेगा।



## दो मासूमों समेत तीन की जिंदा जलकर मौत, पीड़ितों से मिले डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के कुण्डवा चैनपुर थाना क्षेत्र में एक दो मंजिला होलसेल किराना दुकान में भीषण आग लगने से दो बच्चों समेत तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल है। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने स्वयं घटनास्थल पर जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की एवं प्रति मृतक 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आदेश दिया। घटना पूर्वी चंपारण जिले में कुण्डवा चैनपुर थाना क्षेत्र के बड़हरवा फतेह मोहम्मद गांव में शुक्रवार देर रात घटित हुई। आग भीषण थी। अगलगी की घटना में किराना व्यवसायी राजकुमार साह के दो बच्चे 12 वर्षीय सृष्टि कुमारी, 8 वर्षीय रुद्र कुमार और एक सेल्समैन 28 वर्षीय पिंटू कुमार सिंह की जलकर मौत हो गयी है। इस घटना में राजकुमार साह भी आग की लपटों की चपेट में आकर घायल हो गए हैं। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि घटना शुक्रवार की रात तकरीबन 12 बजे घटित हुई। उस वक़्त वर्षा के साथ तेज हवा चल रही थी। बिजली के पोल और राजकुमार साह के दुकान में एक साथ शॉट सर्किट से आग की लपटें उठी। राजकुमार साह की दुकान और घर संयुक्त था। दुकान का आकार किसी मिनी मॉल की तरह था जिससे स्थानीय लोगों की तमाम जरूरतें पूरी हो जाया करती थीं। पंचपकडी, घोड़ासहन, चिरैया और ढाका थाना से सहयोग में पुलिस दल के साथ अग्निशामक दस्ता भी पहुंचा लेकिन घंटों प्रयास के बाद जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक तीन इंसानी ज़िंदगी सहित घर और दुकान राख में तब्दील हो चुके थे। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने पूरी टीम के साथ घटनास्थल पर जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने को बताया कि यह अत्यंत दुःखद हादसा है। परिवार के मुखिया राजकुमार साह के दो बच्चों और एक सहयोगी की मौत हो गयी है। स्वयं राजकुमार साह भी आग की लपटों से झुलस गए हैं। उनकी चिकित्सा प्रशासनिक निगरानी में करायी जा रही है।

## गोलीबारी में घायल सुल्तानगंज के नगर सभापति की मौत

**पुष्पांकर / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के सुल्तानगंज स्थित नगर परिषद कार्यालय में विगत दिनों अपराधियों के दिनदहाड़े गोलीबारी में गंभीर रुप से घायल नगर सभापति राजकुमार गुड्डू की मौत शनिवार को हो गई। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार इस गोलीबारी में गंभीर रुप से घायल नगर सभापति राजकुमार गुड्डू को बेहतर इलाज के लिए विगत दस दिनों पहले पटना के एक निजी अस्पताल मेदांता में भर्ती कराया गया था जहां प्रमुख चिकित्सकों के देखरेख में उनका इलाज चल रहा था। सूत्रों के अनुसार अस्पताल में भर्ती उनकी तबीयत शनिवार की सुबह अचानक खराब हो गई। मौके पर मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें बचाने का पूरा प्रयास किया लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। इधर नगर सभापति के मौत की खबर मिलते ही सुल्तानगंज शहर शोक में डूब गया। नगर परिषद कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने कार्य को स्थगित रखा। भागलपुर के विधायक रोहित पांडेय, सुल्तानगंज के विधायक ललित नारायण मंडल, जिला परिषद के अध्यक्ष विपिन मंडल, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार, जिला जदयू अध्यक्ष विवेका गुप्ता, बिहार मध्यदेशीय वैश्य संगठन के डॉ जनार्दन साह आदि ने उनकी मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### सीएम सम्राट चौधरी ने जताया शोक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सुल्तानगंज नगर परिषद् सुल्तानगंज के सभापति राजकुमार गुड्डू की असामयिक मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि उनकी मृत्यु का समाचार अत्यंत ही दुःखद है और इससे मैं मर्माहत हूं। 28 अप्रैल को हुई घटना में घायल होने के पश्चात् गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान आज उनकी मौत हो गई। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया है कि इस मामले में स्पीडी ट्रायल के माध्यम से दोषी व्यक्तियों को शीघ्र कठोर सजा दिलवायें ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

## शहर से लेकर गांव तक एक समान होगी मेडिकल सुविधा : निशांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार में पहली बार स्वास्थ्य मंत्री बने निशांत कुमार ने पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन अचानक सचिवालय स्थित स्वास्थ्य विभाग के दफ्तर पहुंच गए। इसके बाद कई अधिकारी भी फौरन दफ्तर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान बड़ी बात की। उन्होंने कहा कि गांव में शहरों जैसी और गरीबों को अमीरों जैसी मेडिकल सुविधाएं देने की कोशिश करूंगा। अमीर-गरीब में बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक जरूरतमंद को उच्च कोटि की स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसे मैं पूरी ईमानदारी से निभाने का प्रयास कर रहा हूं। मैं स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की कोशिश करूंगा। गरीब हो या अमीर, ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी इलाका, हर जगह बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। निशांत का यह बयान सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। एक दिन पहले जब निशांत कुमार ने स्वास्थ्य विभाग जाकर अपना पदभार ग्रहण किया था तब उन्होंने कहा था कि मैं पूरी ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाऊंगा। पिताजी ने सात निश्चय और समृद्धि यात्रा के दौरान जो वादा जनता से किया है उसे निभाने का प्रयास करूंगा। विकास के काम को आगे बढ़ाने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जो जिम्मेदारी दी है उसका पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके पिता नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्षों में राज्य में जो भी ईमानदारी पूर्वक विकास कार्य किए उसे भविष्य में भी जारी रखा जाएगा। निशांत कुमार ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं और योजनाओं को थोड़ा समझना पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में कराए जाने वाले विकास कार्यों में पूरी ईमानदारी और संवेदना बरती जाएगी।

## सम्राट कैबिनेट में करोड़पतियों की भरमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में सम्राट चौधरी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद अब नए मंत्रियों की संपत्ति के आंकडें आये हैं। नई कैबिनेट में शामिल 35 मंत्रियों में से 32 मंत्री करोड़पति हैं। सिर्फ तीन मंत्री ऐसे हैं जिनकी कुल संपत्ति एक करोड़ रुपये से कम बताई गई है। करीब 10 मंत्री ऐसे भी हैं जिनकी संपत्ति मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से ज्यादा है। नई कैबिनेट में पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण मंत्री रमा निषाद संपत्ति के मामले में सबसे आगे हैं। चुनावी हलफनामों और उपलब्ध जानकारी के अनुसार उनकी कुल संपत्ति करीब 31.85 करोड़ रुपये बताई जा रही है। दूसरी बार मंत्री बनीं रमा निषाद ने संपत्ति के मामले में कई बड़े और पुराने नेताओं को पीछे छोड़ दिया है। यही वजह है कि उनके नाम की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। समाज कल्याण मंत्री श्वेता गुप्ता संपत्ति के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। उनकी कुल संपत्ति लगभग 29.24 करोड़ रुपये बताई गई है। महिला मंत्रियों में वह सबसे संपन्न मानी जा रही हैं। नई कैबिनेट में महिला मंत्रियों की औसत संपत्ति पुरुष मंत्रियों के मुकाबले काफी ज्यादा बताई जा रही है जिससे राजनीतिक हलकों में नई चर्चा शुरू हो गई है। खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री अशोक चौधरी करीब 22.39 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं। लंबे समय से सक्रिय राजनीति में रहने वाले अशोक चौधरी कई अहम विभाग संभाल चुके हैं। इसके अलावा विजय सिन्हा, दिलीप जायसवाल, बुलो मंडल समेत कई मंत्री भी करोड़ों की संपत्ति वाले नेताओं में शामिल हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की घोषित संपत्ति करीब 6.38 करोड़ रुपये बताई गई है लेकिन नई कैबिनेट में लगभग 10 मंत्री ऐसे हैं जिनकी संपत्ति इससे ज्यादा है। इससे साफ है कि बिहार की राजनीति में आर्थिक रूप से मजबूत नेताओं की मौजूदगी तेजी से बढ़ी है। राजनीतिक जानकार इसे बदलते चुनावी दौर और बढ़ते संसाधन आधारित राजनीति से जोड़कर देख रहे हैं। बिहार में जहां ज्यादातर मंत्री करोड़पति हैं वहीं तीन मंत्री ऐसे भी हैं जिनकी संपत्ति 1 करोड़ रुपये से कम है। इनमें कुछ नए चेहरे शामिल हैं। सबसे कम संपत्ति वाले मंत्री के रूप में एलजेपी (रा) के संजय कुमार का नाम सामने आया है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार उनकी कुल संपत्ति करीब 23 लाख रुपये बताई जा रही है। नई कैबिनेट में महिला मंत्रियों की आर्थिक स्थिति भी चर्चा में है। आंकड़े बताते हैं कि महिला मंत्रियों की औसत संपत्ति पुरुष मंत्रियों के मुकाबले करीब पांच गुना ज्यादा है। इससे साफ है कि नई सरकार में महिलाओं की मौजूदगी सिर्फ राजनीतिक प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं बल्कि आर्थिक रूप से भी मजबूत है।





# पश्चिम बंगाल के लिए आज का दिन ऐतिहासिक : संजय सरावगी

## बंगाल में सत्ता परिवर्तन नहीं, बड़े बदलाव की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के तौर पर सुवेंदु अधिकारी के शपथ ग्रहण को प्रदेश के लोगों के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि बंगाल में हुए चुनाव में एक 'जन-विरोधी' सरकार हार गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा के नेतृत्व में राज्य में बड़ा विकास होगा। उन्होंने पश्चिम बंगाल में भाजपा की पहली बार सरकार बनने पर देश के भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए भी एक बड़ा दिन बताया। उन्होंने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बनने पर सुवेन्दु अधिकारी को भी बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि सुवेन्दु अधिकारी की दृढ़ नेतृत्व क्षमता, जनता के प्रति समर्पण और विकास को केंद्र में रखकर कार्य करने की दूरदर्शी सोच निश्चित रूप से पश्चिम बंगाल को प्रगति, सुशासन और नई संभावनाओं की ओर अग्रसर करेगी। उन्होंने 'सोनार बांग्ला' का सपना साकार होने की भी ईश्वर से कामना की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह में कई प्रमुख नेता, अलग-अलग राज्यों के भाजपा और एनडीए के मुख्यमंत्री शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। पश्चिम बंगाल के लिए इसे एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक दिन बताते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने लंबे समय से राज्य में सरकार बनाने का सपना देखा था। उन्होंने कहा कि आज से पश्चिम बंगाल में एक बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोगों ने आज विकास का सूर्योदय देख लिया है। अब वहां के लोग विकास और सुशासन भी देखेंगे। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार लोगों की आकांक्षाएं पूर्ण करेगी। उन्होंने कहा कि यह मात्र एक सत्ता परिवर्तन नहीं है, नए बदलाव की भी शुरुआत है। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल की नई सरकार 2047 तक भारत को 'विकसित भारत' बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के विजन को भी गति देगा और राज्य की पुरानी विरासत और पुरानी प्रतिष्ठा को भी लौटाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि इतिहास साक्षी है कि भारत का सबसे स्वर्णिम काल वही था जब अंग (बिहार), बंग (बंगाल) और कलिंगा (ओडिशा) समृद्ध थे। मौर्य काल से लेकर गुप्त काल और फिर पाल राजाओं के दौर तक, भारत की ताकत का केंद्र यही पूर्वी इलाका था। पीएम मोदी ने इसे कई बार उध्दृत कर चुके है कि भारत को विकसित होना है तो इन तीन प्रदेशों को विकसित होना होगा। उन्होंने दावे के साथ कहा कि अंग जो अब विकास से समृद्धि की यात्रा पर है वहीं अब बंग में भी बड़ा बदलाव आएगा। कलिंगा में भी विकास अब अपनी गति पकड़ रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि भाजपा अपने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किस प्रकार करती है, इसका भावपूर्ण उदाहरण पश्चिम बंगाल में नव निर्वाचित सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में से एक 98 वर्षीय माखनलाल सरकार का आशीर्वाद प्राप्त किया। यह कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान ही भाजपा का संस्कार है। यह अन्य किसी पार्टी में नहीं दिख सकता।

# ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं से बदली गरीबों की तस्वीर : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि देश भर में बिहार ही ऐसा राज्य है जो भूमिहीन और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को जमीन खरीदने में एक लाख रुपये तक का सहयोग देता है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में ग्रामीण विकास विभाग का विशालतम बजट दूसरे स्थान पर है। श्री कुमार ने यह बातें नए मंत्रिमंडल का गठन और ग्रामीण विकास विभाग में मंत्री पद का दायित्व संभालने के बाद शनिवार को अपने बयान में कही है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विभाग में कई ऐसी योजनाओं की शुरुआत की जो दूसरे किसी भी राज्य में नहीं हैं। महिला रोजगार और सशक्तिकरण की दिशा में बिहार ने मील का पत्थर स्थापित किया। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत करीब एक करोड़ 81 लाख महिलाओं को 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। बिहार में पहली बार शहरी क्षेत्र में भी महिलाओं को योजना से जोड़ने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए करीब 18 लाख महिलाओं को चिन्हित किया गया है। इनमें से करीब एक लाख महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपये की राशि भेजी जा रही है। बाकी की महिलाओं की जांच के बाद उनके रोजगार के लिए राशि भेजी जाएगी। मंत्री ने कहा कि रोजगार शुरू करने वाली महिलाओं को जो अतिरिक्त दो लाख रुपये दिए जाएंगे, वह किस्त स्तर पर होगा। पहली किस्त 10 हजार रुपये दी गई है। दूसरी किस्त के तौर पर 20 हजार, फिर 40 हजार, 60 हजार और पांचवी किस्त 80 हजार की होगी। उन्होंने साफ कहा कि जिन महिलाओं ने भी रोजगार शुरू किया है उन्हें खुद के स्तर पर कुछ न कुछ राशि अपने व्यवसाय में लगाना होगा। बड़े रोजगार के लिए मात्र सात फीसदी के ब्याज दर पर 10 लाख रुपये तक का ऋण दिलाने का प्रावधान है।

**जमीन, आवास और रोजगार के लिए बिहार सरकार की बड़ी पहल**

श्री कुमार ने बताया कि बिहार जैसे राज्य में पीएम आवास योजना से वंचित आवास विहीन लोगों को एक लाख 20 हजार रुपये राज्य खजाने से मुख्यमंत्री आवास के लिए दिया जाता है। विभागीय योजना के अनुसार जिस गरीब का घर 2010 में स्वीकृत और आज तक अधूरा है ऐसे लोगों को आवास निर्माण कार्य पूरा करने के लिए 50 हजार रुपये तक की आर्थिक मदद दी जा रही है।

# विधानसभा अध्यक्ष ने मातृ दिवस पर देश की सभी माताओं को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष ने मातृ दिवस के अवसर पर देश एवं प्रदेश की सभी माताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि मां केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति होती है। डॉ. प्रेम कुमार ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि एक मां अपने त्याग, ममता, संस्कार और समर्पण से परिवार को सशक्त बनाती है तथा बच्चों को नैतिक मूल्यों एवं मानवता का पाठ पढ़ाती है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में माता को सर्वोच्च स्थान दिया गया है और मातृ शक्ति का सम्मान हमारी परंपरा एवं संस्कृति की पहचान है। उन्होंने कहा कि माताएं समाज में प्रेम, सहनशीलता और सेवा की भावना को विकसित करती है। आज के समय में महिलाओं एवं माताओं का योगदान प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय है और देश की प्रगति में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने सभी नागरिकों से मातृ शक्ति के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया तथा मातृ दिवस पर सभी माताओं के उत्तम स्वास्थ्य, सुख एवं समृद्धि की कामना की।

# लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं : दिलीप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कल ही अपने विभाग का पदभार ग्रहण किया। इसके बाद आज विभागीय अधिकारियों और जमीन माफियाओं को लेकर बेहद सख्त तेवर दिखाए। मंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि राजस्व विभाग के अंदर जो भी चुनौतियां हैं, उन्हें अवसर में बदलकर व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाएगा। मंत्री दिलीप जायसवाल ने कड़े अंदाज में कहा कि सरकार की प्राथमिकता आम जनता को जमीन से जुड़े मामलों में त्वरित और पारदर्शी सेवा उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनता के प्रति जवाबदेही तय की जाएगी और लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। दिलीप जायसवाल ने कहा कि सरकार अब राजस्व व्यवस्था को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। अब जमीन से संबंधित लगभग सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रूप से उपलब्ध हैं और किसी भी प्रकार की हेराफेरी की संभावना कम हो गई है। राजस्व मंत्री ने बताया कि सरकार चाहती है कि राजस्व विभाग जनता के लिए भरोसेमंद विभाग बने और लोगों को पारदर्शी व्यवस्था का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि हाल ही में विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जमीन विवाद, दाखिल-खारिज, म्यूटेशन और अतिक्रमण जैसे मामलों में तेजी से कार्रवाई हो। साथ ही जनता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसकी भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। परिवारवाद के सवाल पर मंत्री दिलीप जायसवाल ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि परिवारवाद का असली मतलब वही है जहां किसी बड़े नेता का बेटा सीधे सर्वोच्च पद पर पहुंच जाए। परिवारवाद उसे कहते हैं जब प्रधानमंत्री का बेटा प्रधानमंत्री बन जाए, मुख्यमंत्री का बेटा मुख्यमंत्री बन जाए। जैसे राहुल गांधी और तेजस्वी यादव। राजस्व मंत्री ने निशांत कुमार का बचाव करते हुए कहा कि निशांत कुमार अभी राजनीति में नए हैं और संगठन व पार्टी के माध्यम से काम कर रहे हैं। निशांत कुमार अभी-अभी राजनीति में आए हैं। संगठन में हैं, पार्टी में हैं, मंत्री बने हैं और आगे बेहतर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष को परिवारवाद पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है क्योंकि देश और राज्य की राजनीति में सबसे ज्यादा परिवारवाद विपक्षी दलों में ही देखने को मिलता है।

# डॉ. प्रेम कुमार ने शुभेंदु अधिकारी को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं प्रेषित की है। उन्होंने कहा कि आपका चयन केवल एक पद की प्राप्ति नहीं, बल्कि आपके वर्षों के संघर्ष, सांगठनिक कौशल और बंगाल की जनता के प्रति आपकी अटूट निष्ठा का प्रमाण है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके सक्षम नेतृत्व में बंगाल में जनहित की आवाज और अधिक प्रखर होगी। आपके मार्गदर्शन में पश्चिम बंगाल को एक नई ऊर्जा और सशक्त लोकतांत्रिक व्यवस्था का सूत्रपात होगा।

# सुशील कुमार मोदी की पुण्यतिथि पर 13 मई को आयोजित होगा श्रद्धांजलि समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जनप्रिय नेता श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर आगामी 13 मई को कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राजेंद्र नगर स्थित सुशील कुमार मोदी पार्क में सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान के तत्वावधान में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संस्थान से जुड़े सदस्यों द्वारा आज स्थल का निरीक्षण किया गया तथा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय पदाधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक कर आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, आगंतुकों के स्वागत, स्वच्छता, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने हेतु सक्रिय सहभागिता का आह्वान भी किया गया। श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में बिहार की राजनीति को नई दिशा देने का कार्य किया। वित्तीय प्रबंधन, सुशासन, पारदर्शिता तथा जनहित के मुद्दों पर उनकी स्पष्ट सोच और प्रतिबद्धता ने उन्हें जनमानस के बीच विशेष सम्मान दिलाया। उनका संपूर्ण जीवन सार्वजनिक मूल्यों, सादगी और शुचिता का उत्कृष्ट उदाहरण रहा है। 13 मई को आयोजित इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेतागण, कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित होकर श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे तथा उनके विचारों और योगदान को स्मरण करेंगे।

# मनोज भावुक को मिला 'भोजपुरी भाषा शिखर सम्मान'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भोजपुरी भाषा, साहित्य, सिनेमा और मीडिया जगत में अपने बहुआयामी, दीर्घकालिक और ऐतिहासिक योगदान के लिए सुप्रसिद्ध साहित्यकार, फिल्म गीतकार एवं वरिष्ठ टीवी पत्रकार मनोज भावुक को आज पटना के ऐतिहासिक बापू सभागार में जी मीडिया द्वारा आयोजित भव्य समारोह में 'भोजपुरी भाषा शिखर सम्मान' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें 'ग्लोबल भोजपुरी एम्बेसडर' तथा 'भोजपुरी आइकॉन' की प्रतिष्ठित उपाधियों से भी अलंकृत किया गया। उन्हें यह सम्मान जी बिहार-झारखंड के संपादक राजकमल चौधरी, जी उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड के संपादक रमेश चंद्रा व भोजपुरी सुपरस्टार दिनेश लाल निरहुआ ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। सम्मान ग्रहण करते हुए मनोज भावुक ने कहा जब साहित्य सिनेमा के साथ चलने लगता है तो सिनेमा खिल जाता है। इसलिए भोजपुरी सिनेमा को साहित्य के साथ चलने की जरूरत है। साथ ही मनोज ने जोर देकर कहा कि भोजपुरी एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है, इसलिए सरकार को भी इसे आठवीं अनुसूची में शामिल कर भाषा का दर्जा दे देना चाहिए। भोजपुरी करोड़ों लोगों की सांस्कृतिक आत्मा और भावनात्मक पहचान है।

# पहली बार बिहार में मंत्री बने मिथिलेश तिवारी, भाजपा संगठन के पुराने योद्धा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार में बनी सम्राट मंत्रिमंडल के नये चेहरों में एक और भारतीय जनता पार्टी संगठन के पुराने योद्धा मिथिलेश तिवारी को शिक्षा विभाग सौंपा गया है। श्री तिवारी से पहले यह विभाग जनता दल यूनाइटेड के नेता और पूर्व भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी सुनील कुमार के पास था। श्री तिवारी को इसी वर्ष फरवरी महीने में बिहार विधानसभा के बजट सत्र में अल्पसूचित सवाल पूछने वाले विधायकों की सूची में नंबर एक स्थान मिला था, तभी से बेहद मुखर स्वभाव के इस नेता को बड़ी जिम्मेदारी मिलने की अटकलें लगने लगी थीं। सदन की कार्यवाही के दौरान ही बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने प्रशंसा करते हुए उन्हें भावी मंत्री कहा था। 29 दिसंबर 1971 को गोपालगंज के डुमरिया गांव में मिथिलेश तिवारी अपनी हिन्दुवादी विचारधारा के साथ 1988 में ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य बने थे। अर्थशास्त्र विषय में आनर्स के साथ स्नातक श्री तिवारी ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को सुनना उनको बहुत भाता था और 1990 में उनको भाजपा की सदस्यता मिल गई। श्री तिवारी को 1996 में बिहार भाजपा स्पोर्ट्स सेल का राज्य सचिव बनाया गया। 1998 में वह इसी सेल में उपाध्यक्ष तथा 2000 में महासचिव बने।

# स्वास्थ्य मंत्री ने की पार्टी ऑफिस में कार्यकताओं से मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार शनिवार को पार्टी कार्यालय पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से शिष्टाचार भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। मंत्री से भेंट के लिए पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। उपस्थित जनों ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर निशांत कुमार का हार्दिक अभिनंदन किया तथा उनके नवीन दायित्वों के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी सहित कई नेता उपस्थित रहे।

### बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का किया भ्रमण

# आधुनिक सुविधाओं और 'नेट जीरो' मॉडल की सराहना की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने राजगीर स्थित विश्व प्रसिद्ध नालंदा विश्वविद्यालय के भव्य परिसर का विस्तृत भ्रमण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, बुनियादी ढांचे और इसके अद्वितीय 'नेट जीरो' पर्यावरण अनुकूल मॉडल की जानकारी प्राप्त करना था। इस अवसर पर नालंदा के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित शासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय आगमन पर मुख्य सचिव का स्वागत विश्वविद्यालय के वरिष्ठ संकायों द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों ने एक विस्तृत प्रेजेंटेशन के माध्यम से मुख्य सचिव को संस्थान के ऐतिहासिक गौरव और वर्तमान शैक्षणिक ढांचे से अवगत कराया। उन्हें बताया गया कि विश्वविद्यालय वर्तमान में ऐतिहासिक अध्ययन, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण अध्ययन और बौद्ध अध्ययन जैसे विभिन्न अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्कूलों का संचालन कर रहा है। श्री अमृत ने विश्वविद्यालय के अत्याधुनिक पुस्तकालय, सुषमा स्वराज ऑडिटोरियम, योग परिसर और शैक्षणिक ब्लॉकों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राचीन नालंदा की वास्तुकला और आधुनिक तकनीक के अद्भुत संगम की सराहना की। मुख्य सचिव ने विश्वविद्यालय के 6.5 मेगावाट के सौर फार्म, बायोगैस संयंत्र और जल संचयन प्रणालियों में विशेष रुचि दिखाई। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय का यह 'नेट जीरो' कार्बन फुटप्रिंट मॉडल बिहार के अन्य संस्थानों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनना चाहिए।

# नशीली सुइयों की अवैध बिक्री करने वाला सिंडिकेट ध्वस्त, पिस्टल संग छह चढ़े हत्थे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी पटना में नशे के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में सुलतानगंज थाना क्षेत्र में नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि इलाके में एक ई-रिक्शा के माध्यम से नशीली सूइयों की अवैध बिक्री की जा रही है। मामले की गंभीरता और युवाओं में बढ़ते नशे के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने तुरंत एक्शन लिया। इस सिंडिकेट को ध्वस्त करने के लिए त्वरित आधार पर एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया ताकि आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा जा सके। गठित विशेष टीम ने सुव्यवस्थित तरीके से जाल बिछाकर छापेमारी शुरू की। सबसे पहले पुलिस ने उस ई-रिक्शा को चिह्नित किया जिससे नशीली दवाएं सप्लाई की जा रही थीं और मौके से 2 अभियुक्तों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों से जब कड़ी पूछताछ की गई तो उनकी निशानदेही पर पुलिस ने विभिन्न ठिकानों पर दबिश दी और गिरोह के 4 अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार कर लिया। इस प्रकार पुलिस ने नशीली दवाओं के इस पूरे नेटवर्क से जुड़े कुल 06 शातिर अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

# भक्ति और उल्लास के साथ शुरू हुआ मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर का तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को धार्मिक आस्था, भक्ति और उत्साह के वातावरण में हुआ। मौके पर एम पी जैन ने बताया कि महोत्सव के प्रथम दिन प्रातः सबसे पहले भव्य घट यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। श्रद्धालुओं द्वारा मंगल गीत एवं जयकारों के साथ वातावरण भक्तिमय बना रहा। घट यात्रा के उपरांत मंदिर परिसर में विधि-विधानपूर्वक वेदी शुद्धि का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके बाद ध्वजारोहण कर महोत्सव की विधिवत शुरूआत की गई। सभी धार्मिक अनुष्ठान भोपाल से पधारे प्रसिद्ध अनिल भैयाजी के निर्देशन में सम्पन्न हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं को वेदी प्रतिष्ठा के महत्व एवं आध्यात्मिक संदेश की जानकारी देते हुए कहा कि मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि संस्कार, संयम और आत्मशुद्धि का केंद्र होता है। कार्यक्रम में मंदिर समिति के अध्यक्ष विजय कासलीवाल जैन, सचिव सुनील जैन एवं कोषाध्यक्ष कमल जैन सहित समाज के अनेक गणमान्य लोगों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

# बिहार में आंधी-तूफान के बाद दूसरे दिन भी युद्धस्तर पर राहत कार्य जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना सहित अन्य जिलों में शुक्रवार को आए तेज आंधी-तूफान के बाद राहत एवं बचाव कार्य शनिवार को भी युद्धस्तर पर जारी रहा। आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह के निर्देशानुसार जिला प्रशासन, नगर निगम और वन विभाग की टीमें राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से कार्य करती रहीं ताकि आमजन को शीघ्र राहत एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री रत्नेश सदा और मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की ओर से राहत एवं बचाव कार्य की नियमित समीक्षा की जा रही है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को दिशानिर्देश दिया जा रहा है। गायघाट, कंकड़बाग, हार्डिंग रोड, हज भवन, सचिवालय, गर्दनीबाग, 96 ऑफिसर्स एनक्लेव, हवाई अड्डा, बेली रोड, पुनाईचक, नेहरू पार्क, पटना म्यूजियम एवं आसपास के क्षेत्रों में सफाई के साथ अवरोध हटाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जा रहा है। संबंधित विभागों की ओर से मार्गों को सामान्य बनाने और जनजीवन को सुचारु रूप से बहाल करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे धैर्य एवं संयम बनाए रखें। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

# भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भोजपुरी सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने शनिवार को बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से उनके आवास पर सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान बिहार के विकास, बिहारी भाषाओं की फिल्मों के निर्माण और सांस्कृतिक विषयों पर चर्चा हुई। मुलाकात के बाद अक्षरा सिंह ने कहा कि निशांत कुमार बिहार में बदलाव के बड़े वाहक साबित होंगे और उनकी योग्यता का लाभ राज्य को मिलेगा। उन्होंने कहा कि बिहार में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। वहीं निशांत कुमार ने कहा कि सभी लोग बिहार की तरक्की चाहते हैं और राज्य को आगे बढ़ाने के लिए हर क्षेत्र में सार्थक पहल जरूरी है। उन्होंने बताया कि बिहारी भाषाओं की फिल्मों के निर्माण, संस्कृति और युवाओं के अवसरों को लेकर विस्तृत बातचीत हुई। इस मुलाकात को राजनीतिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों के बीच बिहार की सांस्कृतिक पहचान और क्षेत्रीय भाषाओं के विकास को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई।

# बरसात से पहले शहर के सभी मुख्य नालों की होगी सफाई

## नगर परिषद की बैठक में लिए गये कई अहम फैसले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी-डालमियानगर नगर परिषद के सभागार में मुख्य पार्षद शशि कुमारी की अध्यक्षता में साधारण बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। देर शाम तक चली बैठक में 30 सितंबर 2025 एवं 30 मार्च 2026 को सशक्त स्थायी समिति की बैठक में पारित प्रस्तावों की संपुष्टि की गई। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. विमल कुमार ने सभी 39 वार्ड पार्षदों से अपने-अपने वार्ड से एक-एक विकास योजना का प्रस्ताव देने का आग्रह किया, ताकि लंबित विकास कार्यों को गति दी जा सके। नगर परिषद बोर्ड की बैठक में पार्षदों ने सामूहिक रूप से शहरी क्षेत्र के सभी मुख्य नालों की सफाई कराने का निर्णय लिया। बरसात को देखते हुए इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मुख्य पार्षद शशि कुमारी ने बताया कि मई माह के अंत तक सफाई कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही विकास कार्यों के लिए सभी पार्षदों से योजनाएं मांगी गई है। बैठक में विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह, उप मुख्य पार्षद रानी कुमारी एवं कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. विमल कुमार भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि शहर में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराने तथा जहां स्ट्रीट लाइट नहीं हैं वहां नई लाइट लगाने के लिए खरीद प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके लिए जल्द ही टेंडर जारी होगा। बैठक में पूर्व में खरीदी गई सीमेंटेड कुर्सियों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठे। पार्षदों ने घटिया गुणवत्ता की कुर्सियां सप्लाई किए जाने का आरोप लगाया। प्रत्येक वार्ड में लगभग 20 कुर्सियां लगाने की योजना थी। इस मामले में पार्षद आनंद चौधरी ने भी आपत्ति दर्ज कराई। इसके बाद संबंधित संवेदक को काली सूची में डालते हुए भुगतान पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान बड़ा बाबू कुमार राहुल को पद मुक्त करते हुए उनके स्थान पर आलोक कुमार को नई जिम्मेदारी सौंपी गई। बताया गया कि कुमार राहुल के खिलाफ आरोपों के बाद यह कार्रवाई की गई जिससे चेक भुगतान कार्य प्रभावित हो रहा था। गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए खराब चापाकलों की मरम्मत एवं आरओ सिस्टम को दुरुस्त कराने का भी निर्णय लिया गया। वहीं पार्षदों की मांग पर अब रविवार को भी शहर में सफाई कार्य कराया जाएगा। इस प्रस्ताव को पार्षद आनंद चौधरी सहित अन्य पार्षदों ने उठाया था। बैठक में पार्षद सरोज उपाध्याय, रितेश कुमार, मंजू देवी, मीरा देवी, श्याम बिहारी, अमन शर्मा, कलावती देवी, रंजना श्रीवास्तव, मीना देवी, सोनू चौधरी, रामेश्वर प्रजापति, प्रेमा देवी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 965 मामले निबटाये गये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिला व्यवहार न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। सुबह 10:30 बजे से आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुज कुमार जैन, प्रधान न्यायाधीश प्रणव कुमार झा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कुमार कृष्णदेव, रोहतास बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुक्तिनारायण तिवारी, रोहतास जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष मार्कण्डेय सिंह, पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार एवं अपर समाहर्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर न्यायिक पदाधिकारी में अपर सत्र न्यायाधीश जीवनलाल, दिनेश कुमार प्रधान, प्रहलाद कुमार, मनीष कुमार पांडे, ब्रजेंद्र कुमार राय, रविंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार मिश्रा, श्री अरविंद, सुचित्रा सिंह, उमेश राय, सीजेएम राधा कुमारी, शिल्पा प्रशांत मिश्रा, सुश्री रोजी, सुधीर कुमार पासवान, कुमार नरून, निश्चया सहित सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं अधिवक्ता पक्षकार मौजूद थे। राष्ट्रीय लोक अदालत के मद्देनजर पक्षकारों की सुविधानुसार कुल 16 बेंच बनाए गए थे। पक्षकारों की सुविधा हेतु चिकित्सा, पानी एवं बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 965 मामले निबटाये गये। प्रथम बेंच में वैवाहिक मामलों हेतु प्रधान न्यायाधीश प्रणव कुमार झा एवं अधिवक्ता मधु कुमारी मौजूद थी जिसमें कुल 05 मामले निबटाये गये। द्वितीय बेंच में दावा वाद आईसीआईसीआई लोंबार्ड एवं न्यू इंडिया इंश्योरेंस हेतु अपर सत्र न्यायाधीश बृजेंद्र कुमार राय द्वितीय मुंसिफ तेजस्विनी जायसवाल एवं अधिवक्ता गोपाल ठाकुर मौजूद थे जिसमें 23 मामले निबटाये गये। तृतीय बेंच में प्राइवेट फाइनेंस से जुड़े मामलों हेतु अपर सत्र न्यायाधीश जीवन लाल, जेएम प्रथम तूलिका शंकर एवं अधिवक्ता बिंदु कुमारी मौजूद थे जिसमें 08 मामले निबटाये गये। चौथे बेंच में यूनियन बैंक यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया केनरा बैंक हीरो फाइनेंस, इंडियन बैंक, सिंडिकेट बैंक, कोऑपरेटिव बैंक, भूमि विकास बैंक हेतु अपर सत्र न्यायाधीश दिनेश प्रधान, जेएम कुमार शुभम अधिवक्ता अरुण कुमार सिंह ने कुल 78 मामले निबटाये। पांचवे बेंच में मध्य बिहार ग्रामीण बैंक सासाराम शिवसागर एवं चेनारी हेतु अपर सत्र न्यायाधीश रविन्द्र कुमार एवं विश्वजीत कुमार ने कुल 26 मामले निबटाये। छठे बेंच में मध्य बिहार ग्रामीण बैंक कोचस, करगहर नोखा अपर सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार मिश्रा एवं अधिवक्ता मनोज कुमार पाठक ने कुल 44 मामले निबटाये। सातवें बेंच में पंजाब नेशनल बैंक हेतु अपर सत्र न्यायाधीश श्री अरविंद एवं अधिवक्ता बीरेन्द्र कुमार सिंह ने कुल 139 मामले निबटाये। आठवें बेंच में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया हेतु अपर सत्र न्यायाधीश सुचित्रा सिंह, जेएम भावना नंदा एवं अधिवक्ता ज्योति कुमार ने कुल 44 मामले निबटाये। नौवें बेंच में दीवा वाद न्यू इंडिया इंश्योरेंस आईसीआईसीआई लोंबार्ड हेतु अपर सत्र न्यायाधीश उमेश राय, मुंसिफ प्रियांशवी सिंह एवं अधिवक्ता राधिका शर्मा ने कुल 07 मामले निबटाये। दसवें बेंच में नीलाम वाद हेतु अपर सत्र न्यायाधीश प्रहलाद कुमार एवं अधिवक्ता राजकुमार सिंह ने कुल 06 मामले निबटाये।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 52 आपराधिक मामलों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** व्यवहार न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के मामलों का सुलह के आधार पर निष्पादन किया गया। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए दो बेंचों का गठन किया गया। पहली बेंच में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी रीचा कश्यप एवं सदस्य रीतेश कुमार शामिल थे जबकि दूसरी बेंच में सिविल जज अर्चना कुमारी एवं सदस्य रामनाथ राम उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 52 आपराधिक मामलों का सुलह के आधार पर निष्पादन किया गया। वहीं विभिन्न बैंकों से संबंधित 263 मामलों में से 109 मामलों का निपटारा करते हुए 1 करोड़ 12 लाख 937 रुपये का सेटलमेंट कराया गया जिससे विभिन्न बैंकों को 34 लाख 33 हजार 650 रुपये की प्राप्ति हुई। इसके अलावा ट्रैफिक चालान से संबंधित 47 मामलों का निष्पादन करते हुए 73 हजार रुपये जुर्माना राशि प्राप्त की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न बैंकों के पदाधिकारी, वन विभाग, मापतौल विभाग, विद्युत विभाग, श्रम विभाग, खनन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही डिहरी विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष मनोज अज्ञानी, पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय, सचिव एवं बड़ी संख्या में अधिवक्तागण भी मौजूद रहे।

# आठवीं बार मंत्री बनने पर श्रवण कुमार को डॉ. निर्मल कुशवाहा ने दी बधाई

## भगवान सिंह, निशांत कुमार, अशोक चौधरी, दीपक प्रकाश को भी दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार सरकार में वरिष्ठ जदयू नेता श्रवण कुमार के आठवीं बार मंत्री पद की शपथ लेने पर समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। शाहाबाद के ख्यातिप्राप्त चिकित्सक, जदयू नेता डॉ. निर्मल कुशवाहा ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कर्पूरी ठाकुर की विचारधारा से प्रभावित होकर राजनीति में आए श्रवण कुमार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भरोसेमंद नेताओं में शामिल हैं और लगातार जनता के बीच अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि आठवीं बार विधायक चुने जाने वाले कद्दावर नेता श्रवण कुमार ने सम्राट कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ लेकर एक बार फिर अपनी लोकप्रियता साबित की है। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार देश स्तर पर नई पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा कि श्रवण कुमार का अपने गांव एवं विधानसभा क्षेत्र के लोगों से जुड़ाव कभी कम नहीं हुआ। लोगों के सुख-दुख में शामिल होना तथा उनके दरवाजे तक पहुंचकर समस्याओं को सुनना उनकी कार्यशैली का अहम हिस्सा रहा है। यही कारण है कि पिछले 30 वर्षों से नालंदा विधानसभा क्षेत्र में कोई भी प्रतिनिधि उनके सामने टिक नहीं पाया। श्रवण कुमार के मंत्री बनने पर रोहतास जिला महासचिव महाराणा प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू पटेल, धर्मेंद्र कुशवाहा, पत्रकार मदन कुमार, मुमताज अंसारी, अमित कुमार पटेल सहित कई लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। डॉ निर्मल कुशवाहा और जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने श्री भगवान सिंह, निशांत कुमार, अशोक चौधरी तथा दीपक प्रकाश को सम्राट मंत्रिमंडल में शामिल होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

# बेटे की सगाई से लौट रहे पिता की सड़क हादसे में मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** बेटे की सगाई समारोह से लौट रहे पिता की सड़क हादसे में मौत हो गई। इस घटना से खुशियां मातम में बदल गई। घटना कुदरा थाना क्षेत्र के एनएच-19 की है। मृतक की पहचान मोहनियां थाना क्षेत्र के बडुपुर गांव निवासी 73 वर्षीय शामाकांत शाह के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार रमाकांत शाह अपने बेटे की सगाई के लिए कुदरा गए थे जहां से घर वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में उस जगह सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरा भर्ती करवाया गया। प्राथमिकी इलाज के बाद सदर अस्पताल भभुआ ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया तथा शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना से बेटे के शादी की खुशियां मातम में बदल गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा है तो वहीं गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। घटना की जानकारी देते हुए मुखिया प्रतिनिधि नंदन राय ने मृतक के आश्रितों के लिए जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी बार एसोसिएशन के कक्ष संख्या-6 में भारत के वीर सपूत एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लेकर महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित किए तथा उनके आदर्शों एवं संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महान योद्धा थे जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा और स्वाभिमान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनका त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में अधिवक्ता विश्वनाथ सिंह, अंगेश कुमार सिंह, प्रभात कुमार, मुनमुन पाण्डेय, प्रदीप सिंह, जमुना प्रसाद, अनिल गुप्ता, कपिल सिंह, राणा संदीप, सुनील सिंह, चंदन सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे। समारोह के दौरान महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

# बिना चालान गिट्टी लदे दो ट्रक जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी ने बड़ी कार्रवाई की है। दिनारा-धनसोई मोड़ के पास जांच के दौरान बिना वैध चालान के गिट्टी लदे दो ट्रकों को पकड़ा गया और जब्त कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज प्रभात कुमार द्वारा शनिवार सुबह दिनारा क्षेत्र में वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान दिनारा-धनसोई मोड़ के समीप गिट्टी लदे दो ट्रक रोके गए। जांच में ट्रक चालक गिट्टी परिवहन से संबंधित कोई वैध चालान या कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। बिना चालान के खनिज परिवहन को अवैध मानते हुए प्रशासन ने तत्काल दोनों वाहनों को जब्त कर लिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# 'सुरक्षित शनिवार' को बच्चों को दी गई लू से बचाव की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय मध्य विद्यालय शिवगंज डिहरी में सुरक्षित शनिवार के अंतर्गत छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा लू से बचाव विषय पर जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय की शिक्षिका आयुषी गौतम ने बच्चों को बताया कि अप्रैल से जून माह के दौरान तापमान सामान्य से अधिक बढ़ जाता है और लगातार कई दिनों तक गर्म हवाएं चलती है जिसे लू कहा जाता है। उन्होंने बताया कि लू लगने के प्रमुख लक्षणों में शरीर का तापमान बढ़ना, सिर दर्द, उल्टी या जी मिचलाना, तेज बुखार एवं बेहोशी शामिल है। उन्होंने बच्चों को लू से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि अधिक से अधिक पानी, ओआरएस घोल एवं नींबू पानी का सेवन करना चाहिए। घर से बाहर निकलते समय सिर और मुंह को गमछे या कपड़े से ढंक कर रखना चाहिए तथा कभी भी खाली पेट बाहर नहीं निकलना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने कहा कि सुरक्षित शनिवार एवं बैगलेस डे के अवसर पर बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया जाता है। इस दौरान छात्रों को जीवन रक्षक घोल तैयार करने की विधि की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका चंचल द्विवेदी, सुजाता प्रसाद एवं आयुषी गौतम ने सभी कक्षाओं में जाकर बच्चों को लू से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।


**पूर्व रेलवे**

**सं. ओ-एसी-टी-21 से 23-26-27 (खुली), दिनांक** 07.05.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस सं. ओ-एसी-टी-21-26-27, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता/4/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में रिसीविंग यार्ड, अंडाल में फ्रेट रेक एग्जामिनेशन के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचागत सुविधा के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 3,04,60,920.41, **बयाना राशि :** रु. 6,09,200/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं. 2, केस सं. ओ-एसी-टी-22-26-27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/1/ आसनसोल के अधीन एईएन/II/ आसनसोल के कार्यक्षेत्र में एमडीजेडआरटीआई/भूली (फेज-I) में बुनियादी ढांचागत कार्य के विस्तार के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,41,50,345.13, **बयाना राशि :** रु. 2,83,000/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं. 3, केस सं. ओ-एसी-टी-23-26-27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/I/ आसनसोल के अधीन एईएन/II/ आसनसोल के कार्यक्षेत्र में कालूबथान स्टेशन यार्ड में अप और डाउन लूप लाइनों के विस्तार के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 2,10,46,936.04, **बयाना राशि :** रु. 4,20,900/-, **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 03.06.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।
ASN-61/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें :** @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# पति-पत्नी विवाद में फायरिंग, तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज/सूर्यपुरा (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के सूर्यपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बारुण गांव में शनिवार सुबह करीब 9 बजे पति-पत्नी के बीच तीन साल से चल रहा विवाद हिंसक हो गया जब लड़की पक्ष के लोगों ने लड़के उत्तम तिवारी के घर पहुंचकर मारपीट की और चार राउंड फायरिंग कर दी। जानकारी के अनुसार लड़की पक्ष के कई लोग अपने सहयोगियों के साथ उत्तम तिवारी के घर पहुंचे और उनके साथ घर के अन्य सदस्यों की पिटाई कर दी जिसमें उत्तम तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूर्यपुरा में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज जारी है। घटना के दौरान उत्तम तिवारी की बहन सुमन कुमारी के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर जुट गए और भीड़ देखकर आरोपी अपनी कार छोड़कर भागने लगे। भागते समय उन्होंने दहशत फैलाने के लिए चार राउंड फायरिंग भी की जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए भाग रहे आरोपियों का पीछा किया, वहीं सूचना मिलते ही सूर्यपुरा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटनास्थल से एक देशी कट्टा और घटना में प्रयुक्त कार भी जब्त की है। जानकारी के अनुसार सूर्यपुरा थाना प्रभारी चंदन कुमार भगत के हवाले से बताया गया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया, साथ ही पुष्टि की कि मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर देशी कट्टा व कार बरामद की गई है। फायरिंग और मारपीट मामले की हर बिंदु पर जांच की जा रही है और अन्य आरोपितों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गांव में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है।

# जरूरतमंद परिवारों की मदद को आगे आई जन सेवा समिति, सौंपे सहायता राशि के चेक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी-डालमियानगर में सामाजिक एवं धार्मिक सेवा के लिए समर्पित संस्था जन सेवा समिति द्वारा शनिदेव जी महाराज प्रसाद वितरण समारोह के अवसर पर एक विशेष सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान समिति ने पीड़ित एवं जरूरतमंद दो परिवारों को आर्थिक सहयोग के रूप में चेक प्रदान किया।

समिति की ओर से पहला चेक 25 हजार रुपये का मौनिया बिगहा, डालमियानगर निवासी दिवंगत चिंटू कुमार के परिवार को सौंपा गया। यह सहायता राशि उनके पुत्र एवं माता को प्रदान की गई। वहीं दूसरा चेक 5,100 रुपये का मथुरापुर कॉलोनी निवासी सबिता कुंवर की पुत्री के विवाह में सहयोग हेतु दिया गया। इस अवसर पर जन सेवा समिति के निदेशक विकास कुमार ने कहा कि समिति का उद्देश्य केवल धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करना ही नहीं, बल्कि समाज के जरूरतमंद, असहाय एवं पीड़ित परिवारों तक हर संभव सहायता पहुंचाना भी है। उन्होंने कहा कि समिति आगे भी इसी प्रकार सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रहेगी। कार्यक्रम में जन सेवा समिति के अध्यक्ष बबलू मधेशिया सहित पंकज गुप्ता, संतोष सोनी, अनिल बिहारी सिन्हा, राजू गुप्ता, श्रीराम साव, शिवानंद प्रसाद, दीपक कुमार, गोविंद ठाकुर, राजाराम सिंह, कन्हैया प्रसाद, रविन्द्र सेठ, अभिषेक श्रीवास्तव, राजेश केशरी, पप्पू गुप्ता एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया जपला स्टेशन का सघन निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना आज डीडीयू जंक्शन से निरीक्षण यान से चल निरीक्षण करते हुए जपला स्टेशन पहुंचे। स्टेशन का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित शाखा अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक ने जपला स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, आरपीएफ पोस्ट, रनिंग रूम, रिले रूम, बैटरी रूम सहित सिग्नल, इंजीनियरिंग एवं विद्युत विभाग से संबंधित कार्यस्थलों का अवलोकन किया। इसके साथ ही प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, स्टेशन परिसर तथा रेल क्षेत्र में उपलब्ध यात्री सुविधाओं, स्वच्छता एवं परिचालन व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। स्टेशन पर स्थापित सोलर पैनलों की स्थिति का भी जायजा लिया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने जपला स्टेशन के संपूर्ण रेल परिक्षेत्र का पैदल भ्रमण कर विभिन्न रेल संसाधनों और व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया। इस दौरान रेलवे कॉलोनी पहुंचकर कॉलोनीवासियों से संवाद करते हुए जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के क्रम में जपला स्टेशन पर स्थापित अग्निशमन यंत्र का परीक्षण भी कराया गया। ताकि आपात स्थिति में उनकी तत्पर उपलब्धता एवं कार्यक्षमता सुनिश्चित की जा सके। बढ़ती गर्मी को देखते हुए रेलकर्मियों को व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए कार्यस्थल पर सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

# आंधी-तूफान ने बिक्रमगंज अनुमंडल में मचाई तबाही, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में प्रकृति ने जमकर कहर बरपाया। अचानक उठे तेज आंधी और ओलावृष्टि के साथ आए तूफान ने पूरे इलाके को अस्त-व्यस्त कर दिया। नासरीगंज, राजपुर, काराकाट, संझौली, दिनारा, दावथ और सूर्यपुरा प्रखंडों के सैकड़ों गांव इसकी चपेट में आ गए। 4 सेंटीमीटर तक के ओले ऐसे गिरे मानो आसमान से पत्थर बरस रहे हों। सड़कों पर सफेद चादर बिछ गई और लोग जान बचाने के लिए घरों में दुबक गए। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि सैकड़ों पेड़ जड़ से उखड़कर सड़कों पर आ गिरे। इससे काराकाट-नासरीगंज मुख्य मार्ग समेत कई ग्रामीण सड़कें पूरी तरह जाम हो गईं। आवागमन ठप होने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। खेतों में खड़ी सब्जियां और आम के फल ओलों की भेंट चढ़ गए। कई घरों पर पेड़ गिरने से दीवारें चटक गईं। इस आंधी तूफान के कारण लोगों को लाखों का नुकसान उठाना पड़ा। सूर्यपुरा, दावथ और नटवार क्षेत्र में कई झोपड़ियां तबाह हो गईं। अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंड में कई स्थानों पर चल रहे यज्ञ समारोह भी अवस्थित हो गए। बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। कनीय अभियंता संजीत कुमार के अनुसार केवल काराकाट क्षेत्र में 10 से अधिक ट्रांसफार्मर ध्वस्त हो गए और 11 हजार व 33 हजार केवी लाइन के 50 से ज्यादा खंभे गिर गए। कंचनपुर बाध टोला में हालात सबसे खराब रहे जहां पैक्स राइस मिल का 30 टन वजनी ड्रायर पोल तक उखड़ गया। काराकाट में पूर्व पैक्स अध्यक्ष अरविंद प्रसाद के गोदाम, राइस मिल, पॉटरी फार्म का हार्वेस्टर और मकानों की छतें तबाह हो गईं। प्रशासन ने राहत और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है, लेकिन कई गांव अब भी अंधेरे में हैं और पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत है कि मौसम विभाग का अलर्ट समय पर नहीं मिला। फिलहाल अनुमंडल प्रशासन टूटे घरों, गिरे खंभों और बर्बाद हुए संसाधनों के बीच जनजीवन सामान्य करने में जुटा है।


**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**
**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

**UNDER GRADUATE ENGINEERING ADMISSION COUNSELLING (UGEAC)-2026 for Admission in B.E. / B. Tech. Course**

**Adv. No.- BCECEB(UGEAC)-2026/02 Dated 09.05.2026**

**Important Notice**

Online Applications are invited from candidates who have appeard in Joint Entrance Examination [JEE (MAIN)]-2026 (Paper-I), conducted by the National Testing Agency (NTA) and got valid score. Such candidates may apply for appearing in the Under Graduate Engineering Admission Counselling (UGEAC)-2026 for admission to the first year B.E. / B. Tech. Courses in Govt. Engineering Colleges of Bihar, SGIDT, Patna , Dr. APJ Abdul Kalam Womens Institute of Technology, Navodaya Complex, Kameshwar Nagar, Darbhanga (Under Lalit Narayan Mithila University, Darbhanga), Bihar.

**Note :** Advertisement regarding admission in B. Arch. course in G.E.C., Gaya will be published later on.

2. The online Registration and submission of Application Form will start from **13.05.2026** and close on **05.06.2026 (10.00 p.m.)**.

3. Detailed Programme/ eligibility criteria for counselling / admission/ Fee payment precedure, instructions and other details are available in the prospectus of UGEAC-2026 and the **related Advertisement No.-BCECEB(UGEAC)-2026/01 dated 09.05.2026 which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.**

**Controller of Examination**

# जिला समन्वय व राजस्व-तकनीकी बैठक में योजनाओं की गहन समीक्षा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय समन्वय, राजस्व एवं तकनीकी विभागों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की पीपीटी के माध्यम से क्रमवार समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनगणना कार्य की समीक्षा में रजौली व अकबरपुर में प्रगति अपेक्षाकृत धीमी पाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को कार्य में तेजी लाते हुए निर्धारित समयसीमा में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। साथ ही विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य निष्पादन में तत्परता बरतने पर जोर दिया गया। सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन को लेकर जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ बिना विलंब मिल सके। वन विभाग की समीक्षा के दौरान कर्पूरी नगर पथ से नालापर रविदास टोला तक सड़क निर्माण के लिए वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव लंबित पाया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अभियंता से समन्वय कर प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया। ककोलत जलप्रपात के सौंदर्यीकरण और पर्यटक सुरक्षा के लिए भी आवश्यक कदम उठाने को कहा गया। राजस्व विभाग की समीक्षा में सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज स्थापना हेतु भूमि उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। काशीचक अंचल से प्रतिवेदन लंबित रहने पर शीघ्र भूमि चिन्हित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। गोधन संरक्षण योजना के तहत गोशाला निर्माण के लिए भूमि चिन्हित कर योजना को धरातल पर उतारने को भी कहा गया। भू-अर्जन, एनएच-20 परियोजना, पंचायत सरकार भवनों में आ रही समस्याओं, कृषि योजनाओं, आईसीडीएस, सामाजिक सुरक्षा और दिव्यांगजन योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को लंबित कार्यों का शीघ्र निष्पादन कर समयसीमा के भीतर लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, अपर समाहर्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# लोक अदालत में एक हजार से अधिक मामलों का निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर शनिवार को व्यवहार न्यायालय, नवादा परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में तथा सचिव अरविन्द कुमार के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर न्यायिक पदाधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और पारा विधिक स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही। मंच संचालन न्यायिक पदाधिकारी चन्द्रलेखा मौर्य ने किया। अपने संबोधन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशुतोष कुमार झा ने कहा कि लोक अदालत सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित और सस्ता न्याय दिलाने का प्रभावी माध्यम है, जहां से कोई भी पक्षकार निराश नहीं लौटता। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की। सचिव अरविन्द कुमार ने बताया कि लोक अदालत न्यायालयों पर बढ़ते बोझ को कम करने का सरल और प्रभावी उपाय है, जिसमें दोनों पक्षों की जीत होती है। इस लोक अदालत में न्यायालय आधारित 142 मामलों का निष्पादन किया गया, जबकि





प्री-लिटिगेशन के तहत 595 बैंक मामलों का निपटारा हुआ। इसके अलावा ट्रैफिक चालान के 285, श्रम वाद के 2, ग्राम कचहरी के 5 तथा वैवाहिक मामलों के 3 मामलों का सुलह के आधार पर निष्पादन किया गया। इस दौरान बैंक मामलों में कुल 1 करोड़ 35 लाख 60 हजार 632 रुपये की समझौता राशि की वसूली की गई। कार्यक्रम में विभिन्न न्यायिक पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में हजारों मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश सह नालंदा के इंस्पेक्टिव जज राजीव रंजन राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के अवसर पर न्यायमूर्ति राजीव रंजन राय ने न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं और आम लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत त्वरित, सुलभ और अंतिम न्याय का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि यह मंच आपसी सहमति के आधार पर बिना किसी हार-जीत के विवादों के समाधान का अवसर प्रदान करता है, जिससे सामाजिक सौहार्द को भी बढ़ावा मिलता है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष गुरविंदर सिंह मल्होत्रा ने बताया कि इस बार कुल 17,076 मामलों को सूचीबद्ध किया गया है, जिनमें 10,500 बैंक संबंधी मामले तथा 6,576 न्यायालयों में लंबित मामले शामिल हैं। उन्होंने जानकारी दी कि लोक अदालत के सफल संचालन के लिए व्यवहार न्यायालय के विभिन्न भवनों में कुल 14 बेंचों का गठन किया गया है। इन बेंचों पर न्यायिक पदाधिकारी एवं अधिवक्ता सदस्य के रूप में तैनात हैं, जबकि पारा विधिक स्वयंसेवकों और न्यायालय कर्मियों की भी व्यवस्था की गई है, ताकि पक्षकारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार गौरव सहित कई वरिष्ठ न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र के बाद विभिन्न बेंचों पर समझौता प्रक्रिया प्रारंभ हुई, जिसमें बिजली, बैंक ऋण, माप-तौल, वन विभाग, अधिनियम से जुड़े एवं वैवाहिक विवादों जैसे सुलहनीय मामलों का निपटारा किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में पक्षकार अपने मामलों के निष्पादन के लिए न्यायालय पहुंचे।

# बर्खास्त कर्मियों ने सांसद से लगाई पुनर्नियुक्ति की गुहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** वर्ष 2004 पैनल से बर्खास्त किए गए चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों ने पुनर्नियुक्ति की मांग को लेकर नवादा सांसद विवेक ठाकुर को आवेदन सौंपा है। कर्मचारियों ने माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा पारित आदेशों का हवाला देते हुए जिला प्रशासन को आवश्यक निर्देश देने की मांग की है।

आवेदन में कहा गया है कि वर्ष 2004 पैनल से नियुक्त कर्मचारियों को बाद में सेवा से हटा दिया गया था। इसके खिलाफ कर्मचारियों ने पटना उच्च न्यायालय में CWJC No.-17916/16 दायर किया था, जिसमें 17 जुलाई 2019 को न्यायालय ने पुनर्नियुक्ति के संबंध में आदेश पारित किया। इसके बावजूद नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर कर्मचारियों द्वारा MJC No.-95/2021 दायर किया गया। इस मामले में 12 फरवरी 2026 को न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पैनल को कैटेगरी वाइज तैयार कर प्रचलित नियमों के अनुसार फाइनल नियुक्ति की जाए तथा कर्मचारियों की पूर्व सेवा अवधि को भी ध्यान में रखा जाए।

कर्मचारियों ने आवेदन में उल्लेख किया है कि वर्ष 2006 से 2013 तक उन्होंने विभिन्न विभागों में कार्य किया था, जिसे "पास्ट सर्विस" मानते हुए नियुक्ति प्रक्रिया में वेटेज देने का निर्देश न्यायालय ने दिया है। इसके बावजूद अब तक पुनर्नियुक्ति नहीं होने से कर्मचारियों में निराशा है। आवेदन के माध्यम से सांसद से आग्रह किया गया है कि वे जिला पदाधिकारी, नवादा को न्यायालय के आदेशों के अनुरूप कार्रवाई करने हेतु निर्देशित करें, ताकि वर्षों से लंबित पुनर्नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो सके। आवेदन के साथ न्यायालय के आदेशों की प्रतिलिपि भी संलग्न की गई है।

# भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग शुरू



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी, नवादा के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल महा प्रशिक्षण महाभियान के तहत दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन त्रिवेणी महाविद्यालय में 9 से 10 मई तक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने की, जबकि उद्घाटन बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद चन्द्रवंशी और नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। पहले सत्र में सांसद विवेक ठाकुर ने "गरीब कल्याण योजनाएं एवं संगठन की भूमिका" विषय पर कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। दूसरे सत्र में मंत्री प्रमोद चन्द्रवंशी ने "कार्यपद्धति" विषय पर संगठन में अनुशासन, समर्पण और जनसंपर्क की आवश्यकता पर बल दिया। तीसरे सत्र में हिसुआ विधायक अनिल सिंह ने "देश के समक्ष राजनीतिक व सामाजिक चुनौतियां" विषय पर कार्यकर्ताओं को जागरूक भूमिका निभाने का आह्वान किया। चौथे सत्र में अरवल विधायक मनोज शर्मा ने संगठन और सरकार के समन्वय पर जोर देते हुए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने की बात कही। पांचवें सत्र में प्रदेश कर समिति सदस्य अनिल स्वामी ने पार्टी के इतिहास और विकास पर प्रकाश डाला। छठे सत्र में भीखु भाई दलसाणिया ने कार्यकर्ता विकास, अनुशासन और सेवा भाव को संगठन की ताकत बताया, जबकि सातवें सत्र में प्रदेश उपाध्यक्ष अनामिका पासवान ने मीडिया और सोशल मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही।

# पोखर में डूबने से मजदूर की मौत

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत सरगांव गांव में शनिवार को पोखर में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सरगांव निवासी स्वर्गीय बाबूलाल के 40 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है। मृतक के चचेरे भाई सोनू कुमार ने बताया कि मुकेश कुमार शनिवार सुबह गांव के पोखर के पास शौच के लिए गए थे। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चले गए और डूबने से उनकी मौत हो गई। कुछ देर बाद ग्रामीणों की नजर पोखर में तैर रहे शव पर पड़ी। इसके बाद गांव वालों ने शव को पानी से बाहर निकाला और घटना की सूचना परिजनों को दी। घटना के बाद परिवार में मातम का माहौल है।

# नवादा में छात्र की हत्या से सनसनी, जलाशय से मिला शव



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में एक स्कूली छात्र की निर्मम हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है। गुनावां मध्य विद्यालय के नौवीं कक्षा के छात्र वंशराज का शव शनिवार सुबह गोनी पहाड़ी स्थित जलाशय से बरामद किया गया। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।

परिजनों के अनुसार, गुनावां डीह निवासी वंशराज शुक्रवार को रोज की तरह स्कूल गया था, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि सूचना देने के बावजूद पुलिस ने तत्परता नहीं दिखाई। शनिवार सुबह जलाशय में छात्र का क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आशंका जताई जा रही है कि हत्या के बाद पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव को पानी में फेंक दिया गया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि इस घटना में उसके कुछ परिचितों की संलिप्तता हो सकती है और सभी आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने गुनावां काली मंदिर के पास शव रखकर सड़क जाम कर दिया। कई घंटों तक आवागमन बाधित रहा और प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना मिलने पर नगर थाना इंस्पेक्टर और मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा लोगों को समझाकर जाम समाप्त कराया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और संदिग्धों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** सरमेरा थाना क्षेत्र में शनिवार को तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान वृंदावन निवासी रामजीवन मिस्त्री के 20 वर्षीय पुत्र धनराज कुमार के रूप में की गई है। घटना सरमेरा गांव के पास की बताई जा रही है। मृतक के चचेरे भाई रंजन कुमार ने बताया कि धनराज कुमार पैदल बाजार सामान लाने जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उसे सरमेरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस संबंध में सरमेरा थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार बिंद ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों की ओर से लिखित आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रविन्द्र नाथ टैगोर एवं महाराणा प्रताप की मनाई गई जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नारदीगंज, नवादा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पेंशनर भवन नारदीगंज में शनिवार को धूम धाम से महाराणा प्रताप एवं रविन्द्र नाथ टैगोर जी की जयंती मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता समाज के सचिव नरेश कुमार ने किया। कार्यक्रम से शामिल लोगों सर्व प्रथम दोनों महापुरुषों के तैलचित्र पर पुष्प माला अर्पित कर नमन किया। तत्पश्चात दोनों के जीवन पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सभापति नरेश कुमार ने कहा कि महाराणा प्रताप एक महान योद्धा थे। वे ताउम्र देश के लिए लड़ते रहे। कभी किसी का गुलामी स्वीकार नहीं किया। मौके पर उपस्थित रामशरण सिंह, यमुना सिंह, कामता सिंह, शुभकरण चौहान, सियाशरण दास ने भी दोनों महापुरुषों के जीवनी पर प्रकाश डाला।

# टी.एस. कॉलेज में स्नातक सेमेस्टर-4 की परीक्षा में 1500 से अधिक परीक्षार्थी शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हिसुआ।** नगर परिषद स्थित टी.एस. कॉलेज, हिसुआ में मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा आयोजित स्नातक सेमेस्टर-4 (सत्र 2024-28) की परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में संचालित हो रही है। केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा ने बताया कि नारदीगंज कॉलेज, नारदीगंज के छात्रों के लिए परीक्षा केंद्र टी.एस. कॉलेज, हिसुआ में बनाया गया है। इस केंद्र पर विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय के कुल 1505 छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। सैद्धांतिक परीक्षाएं 7 मई से 12 मई 2026 तक निर्धारित हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा के तीसरे दिन दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। महाविद्यालय के 10 कमरों में परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा संचालन में परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय कुमार



चौहान, सहायक परीक्षा नियंत्रक सिंधुकांत, अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार और अजय कुमार शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि परीक्षा कार्य में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से तैनात हैं, जिससे परीक्षा निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो रही है।

# विश्व रेड क्रॉस दिवस पर सर हेनरी ड्यूनां को दी गई श्रद्धांजलि



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, नवादा शाखा द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस के संस्थापक सर हेनरी ड्यूनां का जन्मदिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस से जुड़े सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मानव सेवा के प्रति उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नवादा शाखा के चेयरमैन डॉ. आरपी साहू ने कहा कि रेड क्रॉस संस्था मानवता, सेवा और सहयोग की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सर हेनरी ड्यूनां द्वारा स्थापित यह संस्था आज दुनिया भर में जरूरतमंदों की सहायता के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने सभी सदस्यों से समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गोपाल प्रसाद, सचिव प्रिया शंकर सिन्हा, कोषाध्यक्ष विजय कुमार, कार्यकारिणी सदस्य विनय कुमार सिन्हा, राजेंद्र प्रसाद, सुरेश बर्मन, सदस्य वजीर प्रसाद, नित्यानंद प्रसाद, नवीन कुमार सिंह, डॉ. पंकज कुमार सिन्हा तथा मनमोहन प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सदस्यों ने जिलाधिकारी से रेड क्रॉस भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने की मांग उठाई। साथ ही जनप्रतिनिधियों से एक एंबुलेंस उपलब्ध कराने का आग्रह करने का निर्णय लिया गया, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर सहायता मिल सके। सदस्यों ने यह भी प्रस्ताव रखा कि आने वाले दिनों में रेड क्रॉस की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोगों को रक्त उपलब्ध कराया जा सके। कार्यक्रम का समापन समाज सेवा और मानवता की भावना को मजबूत करने के संकल्प के साथ हुआ।

# कार्यकर्ताओं के सम्मान की संस्कृति ही भाजपा की पहचान : अमरेश कुमार

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** भाजपा बिहारशरीफ नगर उत्तरी मंडल की बैठक शनिवार को बबुरबन्ना मोहल्ला स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर उत्तरी अध्यक्ष संदीप कुमार ने की, जबकि जिला मंत्री सह मंडल प्रभारी अमरेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की कार्यप्रणाली, बूथ स्तर पर मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अपने संबोधन में अमरेश कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल सरकार बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने कार्यकर्ताओं के संघर्ष, समर्पण और योगदान का सम्मान करना उसकी मूल संस्कृति है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 98 वर्षीय वरिष्ठ कार्यकर्ता माखनलाल सरकार के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और मंच से जनता को दंडवत प्रणाम कर यह संदेश दिया कि भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जन का सम्मान करना जानती है। इस मौके पर नगर महामंत्री मोनू कुमार, ओबीसी मोर्चा से राजकुमार, रविशंकर कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता, सुरेंद्र शर्मा, प्रेमदीप कुमार, अरविंद कुमार, रितेश कुमार वर्मा, वीरेंद्र चौधरी, शशिकांत सिन्हा, कमल प्रभाकर, राजदीप कुमार, विक्रम कुमार, विकास कुमार, मनोज कुमार गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिहारशरीफ में मंत्री श्रवण कुमार ने विपक्ष पर साधा निशाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री बनने के बाद पहली बार अपने गृह जिला नालंदा पहुंचे मंत्री श्रवण कुमार का जदयू कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी और उत्साह के साथ स्वागत किया। बिहारशरीफ स्थित परिषदन में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, बुके और नारों के साथ अपने नेता का अभिनंदन किया। इस दौरान पूरे परिसर में जदयू समर्थकों का उत्साह देखने लायक था। मंत्री श्रवण कुमार ने परिषदन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठन की मजबूती और विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा लगाए गए परिवारवाद के आरोपों पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि निशांत कुमार को मंत्रिमंडल में जगह मिलने के पीछे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कोई व्यक्तिगत भूमिका नहीं है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कभी भी अपने पुत्र निशांत कुमार को राजनीति में लाने को लेकर कोई विशेष रुचि नहीं दिखाई। बल्कि बिहार के युवाओं, पार्टी कार्यकर्ताओं



और आम जनता की लगातार मांग के बाद निशांत कुमार ने सार्वजनिक जीवन में आने का निर्णय लिया। श्रवण कुमार ने कहा कि जब पश्चिम चंपारण से जनसंपर्क यात्रा की शुरुआत हुई थी, उस दौरान भी जगह-जगह आम लोगों और युवाओं ने निशांत कुमार को सक्रिय राजनीति में आने और सरकार में जिम्मेदारी देने की मांग की थी। जनता के इसी आग्रह और विश्वास को स्वीकार करते हुए उन्होंने राजनीति में कदम रखा है। इसे परिवारवाद कहना पूरी तरह गलत और भ्रामक है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों की राजनीति परिवारवाद पर टिकी रही है, वही आज दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दलों द्वारा भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है। इस मौके पर मौजूद जदयू कार्यकर्ताओं ने कहा कि मंत्री श्रवण कुमार का प्रशासनिक और राजनीतिक अनुभव तथा निशांत कुमार की युवा सोच आने वाले समय में न सिर्फ नालंदा बल्कि पूरे बिहार की राजनीति को नई दिशा देने का काम करेगी। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि दोनों नेताओं के नेतृत्व में पार्टी और अधिक मजबूत होगी। इस अवसर पर बधाई देने वालों में संजयकांत सिन्हा, संजय मुखिया, सुरेश प्रसाद, बब्लू पटेल, उपेन्द्र दिलवाला, अर्जुन कुशवाहा, विकास कुमार, अमरेन्द्र कुमार, मुन्ना, युगल किशोर प्रसाद, राजेंद्र मुखिया, प्रदीप मुखिया, टुनटुन चंद्रवंशी, सकलदीप कुमार, रंजू देवी, लक्ष्मण प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महाराणा प्रताप जयंती पर जदयू कार्यालय में श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिला जनता दल (यूनाइटेड) कार्यालय में शनिवार को महाराणा प्रताप जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंत्री श्रवण कुमार एवं सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कार्यकर्ताओं के साथ उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और मुगलों से आजीवन संघर्ष करते हुए भी समर्पण नहीं किया। मंत्री ने कहा कि हल्दीघाटी का युद्ध सहित अनेक संघर्ष उनके अदम्य साहस और मातृभूमि के प्रति समर्पण को दर्शाते हैं। युवाओं को उनके जीवन से त्याग, साहस और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन संदेश देता है कि एक योद्धा हार का सामना कर सकता है, लेकिन अन्याय के सामने कभी नहीं झुकता।

## समाज को जब जरूरत होगी, मैं खड़ा रहूंगा : प्रमोद चंद्रवंशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व तथा कला-संस्कृति मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी शनिवार को नवादा पहुंचे। वे यहां भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल महाप्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन करने आए थे। नवादा पहुंचने पर भाजपा नेता, पूर्व वार्ड पार्षद एवं समाजसेवी मनोज चंद्रवंशी ने समर्थकों के साथ मंत्री का माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन के तुरंत बाद मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी सीधे समाजसेवी मनोज चंद्रवंशी के आवास पहुंचे। वहां उन्होंने परिवारजनों से मुलाकात की और उनकी पुत्री से मिलकर कुशलक्षेम जाना। स्वजातीय होने के कारण मंत्री का मनोज चंद्रवंशी के परिवार से पुराना पारिवारिक लगाव रहा है। इसी आत्मीयता के चलते उन्होंने घर पर पहुंचकर परिवारजनों व समर्थकों से लंबी बातचीत की। इस दौरान परिवारजनों ने उनका सम्मान किया। इस मौके पर मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा, "यह हमारा परिवार है और हम हमेशा आपलोगों के साथ रहेंगे। समाज को जब-जब मेरी जरूरत होगी, हम समाज के लिए खड़े रहेंगे।"

डॉ. प्रेम कुमार ने आमस से दरभंगा तक प्रस्तावित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य का किया स्थल निरीक्षण

# ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे राज्य के विकास में मील का पत्थर : अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आमस से दरभंगा तक प्रस्तावित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे (राष्ट्रीय राजमार्ग-119क) के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना की प्रगति, गुणवत्ता एवं कार्यान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह बिहार का पहला ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे है जो राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि यह चार लेन का एक्सेस कंट्रोल्ड राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना है जिसकी कुल लंबाई लगभग 190 किलोमीटर है। यह परियोजना आमस से शिवरामपुर तक विकसित की जा रही है और भारतमाला परियोजना के अंतर्गत हाइब्रिड एन्युटी मॉडल पर निर्माणाधीन है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की कुल लागत लगभग 1,157.5 करोड़ रुपये है तथा इसका निर्माण कार्य मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। परियोजना का कार्यादेश 20 मई 2022 को दिया गया था तथा 31 मार्च 2023 से कार्य प्रारंभ हुआ। निर्धारित अवधि 24 माह की है। निरीक्षण के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि कुल 55.002 किलोमीटर में से लगभग 50.549 किलोमीटर भूमि पर कार्य की भौतिक उपलब्धता हो चुकी है जबकि शेष 4.453 किलोमीटर क्षेत्र में अभी कुछ बाधाएं बनी हुई हैं जिन्हें दूर करने की प्रक्रिया जारी है। वर्तमान में परियोजना का लगभग 44.51 प्रतिशत वित्तीय कार्य पूर्ण हो चुका है। अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न किया जाए तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि इस एक्सप्रेसवे के निर्माण से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के बीच बेहतर संपर्क स्थापित होगा जिससे व्यापार, उद्योग एवं कृषि को बढ़ावा मिलेगा और आम जनता को भी आवागमन में सुविधा होगी। इस अवसर पर परियोजना से जुड़े अधिकारी, अभियंता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बोधगया में धर्म-संस्कृति संगम का समापन, चीवरदान-संघदान में उमड़ा आस्था का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया जी।** पावन नगरी बोधगया में धर्म, आध्यात्म और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला जहां धर्म संस्कृति संगम के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय वार्षिक चीवरदान एवं संघदान कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। विगत 6 मई से प्रारंभ हुए इस आयोजन का समापन 9 मई को महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया के परिसर में श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में देश भर से पहुंचे सैकड़ों बौद्ध भिक्षुओं, उपासकों, धर्माचार्यों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। पूरे परिसर में मंत्रोच्चार, करुणा, भाईचारे और भारतीय सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई दी। मुख्य वक्ता इंद्रेश कुमार ने कहा कि समाज में शांति, सद्भाव, करुणा और भाईचारे का वातावरण मजबूत होना चाहिए। उन्होंने बोधगया और गया क्षेत्र को छुआछूत मुक्त, जातिवाद मुक्त, हिंसा मुक्त और प्रदूषण मुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि धर्म का वास्तविक उद्देश्य मानवता, करुणा और सामाजिक एकता को सशक्त करना है। वही बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि धर्म संस्कृति संगम केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हजारों वर्षों पुरानी भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक विरासत और सामाजिक चेतना का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बोधगया की पवित्र धरती सदियों से विश्व को ज्ञान, करुणा और मानवता का संदेश देती रही है तथा इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें गौरव की अनुभूति हुई। वही बंगाल डॉ. प्रेम कुमार ने पश्चिम बंगाल की राजनीति पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य में 'नए युग की शुरुआत' हो रही है। उन्होंने कहा कि सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल विकास और सुशासन की नई दिशा में आगे बढ़ेगा तथा नरेंद्र मोदी 'सबका साथ, सबका विकास' विजन को मजबूती मिलेगी। वही तेजस्वी यादव द्वारा निशांत कुमार पर दिए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि युवा नेतृत्व में कार्य करने की क्षमता और सेवा भावना है जिसका लाभ आने वाले समय में बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था को मिलेगा।

# उत्तर कोयल जलाशय परियोजना का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, कार्य में तेजी लाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने शुक्रवार को उत्तर कोयल जलाशय परियोजना के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। 1367.61 करोड़ रुपये की लागत वाली यह अंतरराज्यीय सिंचाई एवं जल संसाधन परियोजना झारखंड और बिहार के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। परियोजना से गया और औरंगाबाद जिले में कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। निरीक्षण के दौरान वाप्कोस लिमिटेड, परियोजना के संवेदक तथा उत्तर कोयल नहर परियोजना के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने पैकेज-10 और पैकेज-11 के अंतर्गत चल रहे कार्यों का जायजा लिया। पैकेज-10 आमस अंचल के सितहल गांव से नीमा गांव तक 6.51 किलोमीटर क्षेत्र में फैला है। जिलाधिकारी ने मिट्टी कार्य और नहर पक्कीकरण में तेजी लाने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया कि 6.5 किलोमीटर में से 2.5 किलोमीटर में नहर पक्कीकरण कार्य पूरा हो चुका है। इस पैकेज में एसएलआर ब्रिज, डीएलआर ब्रिज, सुपर पैसेज समेत कुल 19 संरचनाओं का निर्माण होना है जिनमें तीन संरचनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। पैकेज-11 नीमा गांव से गुरुआ के जय बिगहा तक 12.5 किलोमीटर लंबाई में फैला है। यहां 11.50 किलोमीटर मिट्टी कार्य तथा 10 किलोमीटर नहर पक्कीकरण पूरा कर लिया गया है। इस पैकेज में 29 संरचनाओं का निर्माण होना है जिनमें नौ का निर्माण पूरा हो चुका है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि तय समय सीमा के भीतर परियोजना का शत-प्रतिशत कार्य पूरा कराया जाए।

# अच्छा कार्य करने वाले को हर जगह मिलता है सम्मान : डॉ. शशि प्रताप शाही

## मिर्जा गालिब कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** शहर के प्रतिष्ठित मिर्जा गालिब कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मगध विश्वविद्यालय बोधगया के कुलपति प्रो. (डॉ.) शशि प्रताप शाही थे। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष शबी आरफीन शमसी ने उन्हें शॉल, गुलदस्ता एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मगध विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. प्रमोद कुमार चौधरी को शासी निकाय के सचिव डॉ. हफीजुर रहमान खान ने पौधा एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। वहीं, प्रॉक्टर प्रो. डॉ. कृष्णदेव प्रसाद वर्मा को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने सम्मानित किया। समारोह के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकेतर कर्मियों तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को कुलपति द्वारा सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. (डॉ.) शशि प्रताप शाही ने कहा कि जो अच्छा कार्य करता है, उसे हर जगह सम्मान मिलता है। उन्होंने मिर्जा गालिब कॉलेज को मगध विश्वविद्यालय का गौरवशाली कॉलेज बताते हुए कहा कि यहां का अनुशासन एवं कार्यप्रणाली अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा डरते वही हैं जो काम नहीं करते हैं। यह कॉलेज नैक से डरता नहीं है और अन्य कॉलेजों से अलग अपनी विशेष पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि देश को महान बनाने के लिए कड़े अनुशासन की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कुलपति ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में विश्वविद्यालय की परिस्थितियों में सुधार किया गया है तथा परीक्षाओं के संचालन को नियमित कर शैक्षणिक सत्र को पटरी पर लाया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि विश्वविद्यालय अब सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम का सफल संचालन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. सरवत शमसी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन जैव प्रौद्योगिकी विभाग की समन्वयक डॉ. इरफाना नाहिद ने किया। समारोह में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ. इबरार खान एवं डॉ. अकरम वारिस ने दी।

# तेजस्वी जंगलराज-2 के युवराज हैं : संतोष सुमन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार कैबिनेट विस्तार के बाद पहली बार गया पहुंचे बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। समर्थकों ने फूल-माला और अंगवस्त्र देकर उनका अभिनंदन किया। इसके बाद गया के सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मंत्री ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तीखा हमला बोला। संतोष सुमन ने कहा कि तेजस्वी यादव 'जंगलराज-2 के युवराज' हैं और उन्हें राजनीति तथा संविधान की समझ नहीं है। उन्होंने कहा कि राबड़ी देवी को सीधे घर के किचन से निकालकर मुख्यमंत्री बना दिया गया था जबकि तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कृपा से दो बार उपमुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव को राजनीतिक संजीवनी दी, लेकिन वह उन्हीं को चुनौती देने लगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि दूसरे को नकलची बंदर कहने वाले पहले खुद को देखें। निशांत कुमार को लेकर तेजस्वी यादव की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए संतोष सुमन ने कहा कि निशांत कुमार शांत, सौम्य और संस्कारी व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों से नीतीश कुमार देश और बिहार की सेवा कर रहे हैं और उनके पुत्र में भी अच्छे संस्कार एवं खूबियां हैं। परिवारवाद पर निशाना साधते हुए मंत्री ने कहा कि जब तेजस्वी यादव हाफ पैंट पहनते थे, तब से वह राजनीति और सामाजिक संगठनों में सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के गठन से पहले भी वह भारतीय जनता पार्टी और एनसीसी के कार्यकर्ता के रूप में समाज सेवा करते रहे हैं। संतोष सुमन ने कहा कि बिहार की जनता ने विकास के लिए एनडीए सरकार को भारी बहुमत दिया है। उन्होंने दावा किया कि नीतीश कुमार, जीतन राम मांझी, चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा समेत एनडीए के सभी नेता मिलकर बिहार को अग्रणी राज्य बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार रोजगार और विकास के अपने संकल्प को पूरा करने में जुटी है, जबकि विपक्ष केवल बयानबाजी कर रहा है।

# जनगणना के प्रथम चरण की तैयारियों की समीक्षा, समयबद्ध कार्य पूर्ण करने का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिलाधिकारी सह प्रधान जनगणना अधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में शनिवार को भारत की जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्यों की समीक्षा को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में गया जिले के सभी चार्ज जनगणना अधिकारी ग्रामीण एवं शहरी तथा सभी प्रखंडों के वरीय पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान 02 मई 2026 से 31 मई 2026 तक संचालित होने वाले मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि के भीतर जनगणना कार्यों के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी चार्ज जनगणना अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र के सभी प्रगणकों की आवंटित हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए प्रतिदिन मकान सूचीकरण कार्य कराया जाए। साथ ही संबंधित पर्यवेक्षकों द्वारा कार्य का सतत अनुश्रवण सुनिश्चित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी क्षेत्रों के हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में शीघ्र कार्य प्रारंभ कराया जाए ताकि निर्धारित अवधि के भीतर लक्ष्य पूरा किया जा सके। इसके अलावा सभी प्रखंडों के वरीय पदाधिकारियों को अपने आवंटित प्रखंड एवं नगर निकाय क्षेत्रों का नियमित क्षेत्र भ्रमण कर जनगणना कार्यों की निगरानी करने तथा चार्ज जनगणना अधिकारियों के कार्यों की लगातार समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। शशांक शुभंकर ने कहा कि जनगणना कार्य राष्ट्रीय महत्व का दायित्व है। सभी पदाधिकारी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निष्पादित करना सुनिश्चित करें।

# करंट लगने से मीटर मिस्त्री की मौत

## गुस्साए ग्रामीणों ने शव रखकर किया सड़क जाम, मानवबल के प्रति लापरवाही का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** कोंच प्रखंड क्षेत्र के परसावां पंचायत अंतर्गत रूपसपुर गांव निवासी संतोष कुमार (30 वर्ष), पिता शालिग्राम यादव की शनिवार सुबह करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा मुंडेरा गांव के बधार में उस समय हुआ जब वे बिजली संबंधी कार्य कर रहे थे। बताया जाता है कि संतोष कुमार बिजली विभाग में ठेकेदार के माध्यम से मीटर लगाने का कार्य करते थे तथा निजी मिस्त्री के रूप में भी कार्यरत थे। घटना के संबंध में बिजली विभाग का कहना है कि संतोष कुमार की मौत 440 वोल्ट प्रवाहित तार की चपेट में आने से हुई जबकि परिजनों का आरोप है कि 11 हजार वोल्ट बिजली प्रवाहित होने से उनकी जान गई। परिजनों ने मामले में विभागीय लापरवाही का भी आरोप लगाया है। बताया जाता है कि शनिवार को संतोष कुमार बिजली विभाग के मानवबल रविशंकर मिस्त्री के साथ ट्रांसफार्मर में बिजली संबंधी कार्य कर रहे थे। परिजनों का आरोप है कि लाइन काटकर संतोष कार्य कर रहे थे, तभी मानवबल रविशंकर मिस्त्री ने जानबूझकर लाइन चालू कर दी जिससे वे करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गया ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद गांव एवं आसपास के इलाके में शोक का माहौल है। पत्नी समेत परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र एवं एक पुत्री छोड़ गए हैं। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों एवं परिजनों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

# धाना विगहा से दूसरे दिन भी अस्पताल पहुंचे पहुंचे फूड प्वाइजनिंग के मरीज

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** थाना क्षेत्र के धाना विगहा गांव में आयोजित तिलक समारोह के बाद फैले फूड प्वाइजनिंग का असर दूसरे दिन भी देखने को मिला। शनिवार को आधा दर्जन से अधिक मरीज इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुआ पहुंचे। इनमें मुख्य रूप से आदित्य कुमार, पार्वती देवी, छोटू दास एवं अर्चना कुमारी शामिल हैं। गौरतलब है कि शुक्रवार की रात तिलक समारोह में भोजन करने के बाद अचानक गांव में अफरा-तफरी मच गई थी जब करीब पचास से अधिक लोग उल्टी और दस्त की शिकायत से बीमार पड़ गए थे। सभी पीड़ितों का इलाज सीएचसी गुरुआ में कराया गया। चिकित्सकों की देखरेख में अधिकांश मरीजों की स्थिति में अब धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। चिकित्सा प्रभारी डॉ हरेन्द्र कुमार ने बताया कि मरीजों को सावधानी बरतने और हल्का एवं स्वच्छ भोजन करने की सलाह दी गई है।

# शिक्षक अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज का विरोध, कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** राजधानी पटना में शिक्षक अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज के बाद बिहार की सियासत गरमा गई है। टीईटी-एसटीईटी पास अभ्यर्थियों के समर्थन में उतरी कांग्रेस पार्टी ने इस घटना को लेकर राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गयाजी कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर घटना की कड़ी निंदा की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अपनी नियुक्ति और रिक्त पदों पर बहाली की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर पुलिस ने बल प्रयोग किया। उन्होंने इसे लोकतंत्र के सिद्धांतों के खिलाफ बताया। कांग्रेस नेताओं के अनुसार शिक्षक अभ्यर्थी लंबे समय से टीआरई-4 की वैकेंसी जारी करने और शिक्षकों के खाली पदों पर बहाली की मांग कर रहे हैं। इसी मांग को लेकर वे पटना के जेपी गोलंबर के पास शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने अचानक लाठीचार्ज कर युवाओं को खदेड़ा। इस कार्रवाई में कई अभ्यर्थी घायल हो गए। कुछ छात्रों के सिर में चोटें आईं जबकि कई के हाथ-पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें लगीं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बिहार में शिक्षकों के दो लाख से अधिक पद खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार बहाली प्रक्रिया को लगातार टाल रही है। पार्टी नेताओं ने कहा कि टीआरई-4 की प्रक्रिया शुरू नहीं होने से हजारों अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटक गया है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं.: 31_2026-27, दिनांक: 07.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, नया मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी /एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **[वरिष्ठ डीईएन/सी/ हावड़ा] ई-निविदा सं.: 31_2026-27, कार्य का विवरण :** हावड़ा-डीएसडीसी के लिए हावड़ा मंडल के तहत रूट को खुला (क्लीयर) रखने के लिए अतिक्रमण को हटाना। **अनुमानित मूल्य :** रु. 31,51,27,961.71, **बयाना राशि :** रु. 63,02,600/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. शून्य। **समापन अवधि :** 12 माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 29.05.2026 को 14.00 बजे । निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-55/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. : ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-425, दिनांक 06.05.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.- झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं. : ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-425, कार्य का नाम :** i) "मालदा मंडल के एसबीजी-बीजीपी खंड में जीजीए-एलएलएम स्टेशनों के बीच किमी 286/5-6 पर एलसी गेट नंबर 8/स्पेशल के स्थान में सबवे का निर्माण" के संबंध में विद्युत कार्य। ii) "मालदा मंडल के बीजीपी-जेएमपी खंड में एनएटी-एकेएन स्टेशनों के बीच किमी 314/9-315/0 पर एलसी गेट नंबर 2ए के स्थान में सबवे का निर्माण" के संबंध में विद्युत कार्य। iii) "मालदा मंडल के बीजीपी-जेएमपी खंड में एनएटी-एकेएन स्टेशनों के बीच किमी 316/7-8 पर एलसी गेट नंबर 2 के स्थान में सबवे का निर्माण" के संबंध में विद्युत कार्य। iv) "मालदा मंडल के बीजीपी-जेएमपी खंड में एकेएन-एसजीजी स्टेशनों के बीच किमी 325.636 पर एलसी गेट नंबर 7 के स्थान में सबवे का निर्माण" के संबंध में विद्युत कार्य। v) "मालदा मंडल के बीजीपी-जेएमपी खंड में एसजीजी-जीएनएनए स्टेशनों के बीच किमी 331.629 पर एलसी गेट नंबर 11 के स्थान में सबवे का निर्माण" के संबंध में विद्युत कार्य। vi) "मालदा मंडल के बीजीपी-जेएमपी खंड में आरपीयूआर यार्ड में किमी 351/8-9 पर एलसी गेट नंबर 16 के स्थान में सबवे का निर्माण" के संबंध में विद्युत कार्य। vii) "मालदा मंडल के बीजीपी-जेएमपी खंड में जेएमपी-डीआरटीपी स्टेशनों के बीच किमी 361/6-7 पर एलसी गेट नंबर 16/स्पेशल के स्थान में सबवे का निर्माण" के संबंध में विद्युत कार्य। viii) "मालदा मंडल के जेएमपी-केईयू खंड में जेएमपी-डीआरटीपी स्टेशनों के बीच किमी 362/7-8 पर एलसी गेट नंबर 17/स्पेशल के स्थान में सबवे का निर्माण" के संबंध में विद्युत कार्य। ix) "मालदा मंडल के जेएमपी-केईयू खंड में एमएसडीएन-एएचए स्टेशनों के बीच किमी 377/9-378/0 पर एलसी गेट नंबर 23 के स्थान में सबवे का निर्माण" के संबंध में विद्युत कार्य। x) "मालदा मंडल के जेएमपी-केईयू खंड में एएचए-केजेएच स्टेशनों के बीच किमी 382/6-7 पर एलसी गेट नंबर 26 के स्थान में सबवे का निर्माण" के संबंध में विद्युत कार्य। xi) "मालदा मंडल के जेएमपी-केईयू खंड में एएचए-केजेएच स्टेशनों के बीच किमी 386/4-5 पर एलसी गेट नंबर 27/स्पेशल के स्थान में सबवे का निर्माण" के संबंध में विद्युत कार्य। xii) "मालदा मंडल के जेएमपी-केईयू खंड में डीएनआरई-केईयू स्टेशनों के बीच किमी 400/0-1 पर एलसी गेट नंबर 34/स्पेशल के स्थान में सबवे का निर्माण" के संबंध में विद्युत कार्य। xiii) "मालदा मंडल के बीजीपी-एमडीएलई खंड में बीएचएलबी-पीजेएलई स्टेशनों के बीच किमी 41/14-15 पर एलसी गेट नंबर 29 के स्थान में सबवे का निर्माण" के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,38,79,083.20, **बयाना राशिः** रु. 2,77,600/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई-निविदा जमा देने की तिथि एवं समयः** दिनांक 14.05.2026 से 28.05.2026 को 11.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** सूचना पटः वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-36/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Rural Work Department**
**Works Division Daltonganj**

**Short Notice Inviting e-quotation**
**Notice No-01/2026-27 (2nd Call)**

Government of Jharkhand through its Cabinet Secretariat and Vigilance Department is engaged in revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for rate of items/materials annexed as Annexure-1 for Construction Works from Quarry Owners/ Crusher owners/ Reputed Manufacturer/ authorized dealers/ Suppliers and other stakeholders authorized for respective items having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction/ infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 12.05.26 at 10:30 hrs. to 21.05.26 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 23.05.26 at 11.30 Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

**Terms and Condition**

1. The quotationer Shall Submit basic rate of material which will be inclusive of Royalty and other taxes but exclusive of GST.
2. The make and Specifications of various materials shall be governed by the relevant Indian Standard (IS) Codes and Specifications as issued by Central Public Works Department (CPWD)/ Concerned Department of Government of India.
3. Quotationer may quote rate for all the materials/ Part of the material for which they are concerned.
4. Manufacturers/ Producers or their authorized dealers shall quote their rate for material which is actually manufactured/produced/procured by them and the rate quoted for other materials shall not be acceptable.
5. The quotationer shall quote latest and authentic rate which shall reflect market rate.
6. The quotationer should have necessary Portal enrolment with their own digital signature Certificate. Quotationers without necessary portal enrolment with their digital signature may quote their rate by uploading in the website, however they have to submit hard copy of the same duly signed along with necessary documents in the concerned division.
7. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
8. The quotationer shall furnish GST registration no.
9. The undersigned reserves the right to accept or reject/ cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.
10. For any query or clarification you may Contact Executive Engineer R.W.D. Works Div. Daltonganj.

**Address for Communication :-**
Executive Engineer
Rural Works Department
Works Div. Daltonganj
Address –Court Cmound, Daltonganj
Mobile No - 9170538098
e- mail ID - **ee-pal@jharkhandmail.gov.in**

**PR 379374 Rural Development(26-27).D**

**Executive Engineer**
**R.W.D. Works Div.**
**Daltonganj**

संपादकीय

# हेट स्पीच पर सुप्रीम फैसला!

देश में हेट स्पीच यानी नफरती भाषा की बढ़ती प्रवृत्ति के बीच सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों अहम फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि 'हेट स्पीच' के लिए क़ानून में फ़िलहाल कई प्रावधान मौजूद हैं और कोर्ट इसमें कोई नया संशोधन लाने के लिए आदेश नहीं दे सकता। कोर्ट ने इस मामले को लेकर 4 को छोड़कर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सीधा अर्थ यह है कि सरकारों के पास वो सभी कानून मौजूद हैं, जिनसे हेट स्पीच को सख्ती से रोका जा सकता है। लेकिन ऐसा करने की उनकी नीयत और इच्छाशक्ति चाहिए। गौरतलब है कि हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ के सामने कई याचिकाएँ थीं। कुछ याचिकाओं में माँग की गई थी कि हेट स्पीच के मुद्दे पर क़ानून में संशोधन होना चाहिए। ऐसे नए प्रावधान लाने चाहिए जिससे हेट स्पीच को रोका जा सके। जबकि कुछ की माँग थी कि कोर्ट को विशेष जाँच टीम बना कर हेट स्पीच की घटनाओं पर जाँच की निगरानी रखनी चाहिए। कई याचिकाएँ कुछ कथित हेट स्पीच की घटनाओं के खिलाफ़ थीं। इसमें याचिका दायर करने वालों की माँग थी कि ऐसे नफ़रती भाषण देने वालों के खिलाफ़ कार्रवाई होनी चाहिए। इनमें भाजपा नेता अनुराग ठाकुर और परवेश वर्मा के भाषणों, हरिद्वार और दिल्ली में धर्म संसद से जुड़े केस, कोरोना काल में तबलीग़ी जमात के बारे में दिए गए बयान जैसे मामले शामिल हैं। एक मामला सुदर्शन टीवी चैनल से जुड़ा था। अगस्त 2020 में सुदर्शन टीवी के मुख्य संपादक सुरेश चव्हाण ने कथित 'यूपीएससी जिहाद' के बारे में ट्विटर (अब एक्स) पर टिप्पणी की थी। इन्हीं तमाम याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने विगत 29 अप्रैल को फैसला देते हुए 4 को छोड़ बाकी याचिकाएं खारिज कर दीं। चार याचिकाओं के बारे में सुप्रीम कोर्ट का कहना था कि इनमें प्रशासन ने कोर्ट के सामने अपना जवाब दायर नहीं किया था कि उन्होंने क्या कार्रवाई की। इसलिए वे इन केस में आगे सुनवाई जारी रखेंगे। बाक़ी मामलों में कोर्ट ने राज्यों से 'स्टेटस रिपोर्ट' माँगी थी। कोर्ट ने कहा कि उन मामलों में एफ़आईआर दायर हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत के क़ानून और कोर्ट के पहले के फ़ैसलों से यह साफ़ है कि अगर किसी संज्ञेय जुर्म (कॉग्निज़ेबल ऑफ़ेंस) की जानकारी पुलिस को दी जाती है तो पुलिस को एफ़आईआर दायर करना ज़रूरी है। संज्ञेय जुर्म यानी ऐसे अपराध जिसमें पुलिस बिना वारंट के किसी अभियुक्त को गिरफ़्तार कर सकती है। साथ ही, कोर्ट ने कहा कि अगर ऐसा नहीं हो तो किसी व्यक्ति के पास अनेक क़ानूनी विकल्प हैं. वे वरिष्ठ पुलिस अफ़सर के पास शिकायत कर सकते हैं। उसके बाद मजिस्ट्रेट के पास जा सकते हैं। अगर मजिस्ट्रेट भी मामले में कार्रवाई करने से मना कर दे तो हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट भी जा सकते हैं। पुलिस में एफ़आईआर दायर करने के बाद मजिस्ट्रेट के पास शक्ति होती है कि वे अलग-अलग पड़ाव में जाँच पर निगरानी रख सकें। इसके अलावा, कोर्ट ने कहा कि हेट स्पीच के मुद्दे पर भारत में अनेक क़ानून हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर कानून विशेषज्ञों की अलग अलग राय है। कुछ का मामला है कि कोर्ट ने कानून के दायरे में ही अपना फैसला दिया है जबकि कुछ का मानना है कि कोर्ट ने हेट स्पीच पर सख्ती से लगाम लगाने के लिए सरकार को कानून में संशोधन का कोई आदेश नहीं दिया है, जबकि कोर्ट चाहती तो ऐसा कर सकती थी।

# तमिलनाडु : थलपति विजय की 'क्वांटम लीप'

**'क्वांटम लीप' वैज्ञानिक शब्दावली का टर्म है, लेकिन यदि भारतवर्ष की बीती अर्द्धशती की राजनीति का सिंहावलोकन करें तो इस टर्म को दक्षिण भारत की राजनीति के सन्दर्भ में बाखूबी प्रयुक्त किया जा सकता है। दक्षिण भारत के मतदाताओं में सिने-कलाकारों के प्रति गजब का क्रेज है और वहां लंबी नीहारिका है, जिसने राजनीति में चमकीली सफलता अर्जित की। एनटी रामाराव, एमजी रामचंद्रन, जयललिता, करूणानिधि और पवन कल्याण की फेहरिस्त में अब एक नया नाम आ जुड़ा है। यह नाम है विजय थलपति का, जो सिने-स्टारडम से लंबी छलांग लगाकर तमिलनाडु जैसे महत्वपूर्ण प्रांत के मुख्यमंत्री की कुर्सी तक जा पहुंचे हैं।**

**डॉ. सुधीर सक्सेना**



थलपति यानि कमांडर के नाम से विख्यात विजय का पूरा नाम है जोसेफ विजय चंद्रशेखर। अगले माह 22 जून को वह अपने जीवन के बावन वर्ष पूरे कर लेंगे। उनके पिता एसए चंद्रशेखर ईसाई हैं और मां शोभा हिन्दु। यह इसी पृष्ठभूमि का प्रभाव है कि वह मंदिर भी जाते हैं और चर्च भी, साथ ही उन्हें मस्जिद और दरगाह जाने में कोई संकोच नहीं होता। तमिल-सिनेमा से उनका नाता इस नाते पुराना है कि उनके पिता सिने निर्देशक रहे हैं और कांग्रेस के प्रति उनकी रूझान रही है। चेन्नै में जनमे विजय की पढ़ाई भी स्थानीय लोयोला कॉलेज में हुई और उन्होंने शुरूआती डेढ़ दो दशक तक अपना ध्यान पूरी तौर पर फिल्मों पर केंद्रित किया। इसके बाद वह सार्वजनिक जीवन की ओर मुड़े और फैन क्लबों के जरिये उन्होंने सधे हुये कदमों से वह यात्रा शुरू की, जिसकी परिणति चार मई, 26 को उनकी आशातीत राजनीतिक सफलता और उपलब्धि में हुई। थलपति विजय आज तमिल सिनेमा की सफलतम और शीर्षस्थ कमाऊ सितारों की सूची में शुमार हैं। वह अब तक 69 फिल्मों में लीड-भूमिकाओं में आ चुके हैं और फिल्म में उनकी मौजूदगी टिकट खिड़की पर सफलता की गारंटी मानी जाती है। यदि उनके जीवन-वृत्त को खंगालें तो दिलचस्प तौर पर पिता के प्रोत्साहन और प्रेरणा पर उन्होंने अपना सिनेमाई सफर सन 1984 में तमिल फिल्म 'वेट्री' में बाल कलाकार के तौर पर किया। पिता द्वारा निर्देशित कुछ फिल्मों में बाल भूमिकाएं निभाने के उपरांत 18 वर्ष की वय में 1992 में उन्हें 'नालैया थीर्पु' में नायक की भूमिका निभाने का मौका मिला। तदंतर पूर्व उनक्कगा, लव टुडे, कडलुक्कू मरियाधई, थुल्लथ, मानामम थुल्लम, कुशी, प्रियम्मनावले और फ्रेंड्स आदि ने एक दशक में उन्हें तमिल सिने उद्योग में शिखर पर पहुंचा दिया। इसके बाद के ढाई दशक रूपहले पर्दे पर उनकी धूम की दहाई थी। वह तमिल सिने दर्शकों की पहली पसंद बनकर उभरे। अंततः सन् 2024 में उन्होंने सिनेमा को 'सायोनारा' कह दिया और राजनीति उनका पहला प्रेम बनकर उभरी। दिलचस्प बात है कि इसी साल आई उनकी फिल्म का टाईटिल था 'ग्रेटेस्ट आफ आल टाइम। मगर उनकी अंतिम फिल्म जन नायगान का रिलीज होना अभी शेष है।

फरवरी, सन् 2024 में विजय ने अपनी नयी पार्टी लाँच की। द्रविड़ पार्टियों के वर्चस्व की अर्द्धशती के परिप्रेक्ष्य में यह एक साहसिक कदम था, लेकिन यह साहस उन्हें फला। नयी पार्टी का उन्होंने नाम रखा तमिलगा वेट्री कझगम। बताते हैं कि वह विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन के इच्छुक थे। इसके वास्ते उन्होंने राहुल गांधी से भेंट व चर्चा भी की थी, लेकिन द्रमुक से जारी गठबंधन और स्थानीय ईकाई के परामर्श से वह ऐसा करने से हिचक गये। फलतः कांग्रेस और टीवीके मेल सिरे नहीं चढ़ा।

यह सोचना भ्रामक होगा कि थलपति की सियासी सफलता दो वर्ष की सक्रियता का नतीजा है। इसके पीछे बिलाशक उनके फैन क्लबों की गतिविधियों का हाथ है। थलपति ने सन् 2009 में अपने फैन क्लब विजय मक्काल इयक्कम की नींव डाली थी। समय के साथ ये फैन क्लब समूचे तमिलनाडु में ओरछोर फैल गये। इन क्लबों ने राहत कार्यों, शिक्षण, प्रशिक्षण और चैरिटी का काम हाथ में लिया। इसने उनकी सिनेमाई छवि में हातिमताई के रंगे भरे। आपदा पीड़ितों के लिये दरवाजे और थैलियां खोलने ने जननायक की संवदेनशील छवि अर्जित करने में मदद की। इसके बावजूद जब-तब उनकी सियासत में रूचि और रूझान सामने आती रही। सन् 2011 के चुनाव में उन्होंने अन्नाद्रमुक-नीत गठबंधन को समर्थन दिया। सन् 2019 में उन्होंने नागरिकता अधिनियम का यह कहकर विरोध किया कि इससे सामाजिक-धार्मिक सौमनस्यता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। सन् 2022 में उनके फैन क्लब के सदस्यों ने निकाय चुनावों में शिरकत की और 115 सीटों पर सफलता पाई। उनकी बढ़ती लोकप्रियता प्रमाण 27 सितंबर, 2025 को करूर में तब मिला, जब उनकी रैली में भगदड़ से 41 लोगों की जानें गयीं। इस पर उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त की और हताहतों के लिये धनराशि वितरित की। थलपति विजय की खूबी है कि उन्होंने करीब 85000 फैन क्लबों की मजबूत चुनावी मशीनरी में बदल दिया है। ये क्लब उन्हें कार्यकर्ता, चुनावी भीड़ और समर्थक तो जुटाते ही हैं, उनकी 'नायक' की छवि में निर्मित करते हैं। जब वह भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की बात करते हैं तो यह छवि उसमें सहायक होती है। उनकी यह इमेज़ दक्षिण भारतीय मतदाताओं की सितारों के प्रति नैसर्गिक चाहत को पोसती है। मान सकते हैं कि सन् 2011 में जयललिता को समर्थन की परिणति ने उनके मन में सियासत में शिरकत का बिरवा रोपा था। बहरहाल, ताजा चुनाव में टीवीके की 108 सीटों पर कामयाबी से वह नया इतिहास रचने में सफल रहे हैं। उन्होंने स्वयं दो सीटों पेरांबूर और त्रिची ईस्ट से चुनाव लड़ा और विजयी रहे। यह भी तय है कि बहुमत से कुछ सीटों का फासला पूरने में वह सफल होंगे। तयशुदा है कि दोनों लेफ्ट पार्टियां भी उन्हें समर्थन देंगी। नतीजों के बाद वह राजभवन जाकर सरकार बनाने का दावा जता चुके हैं। कांग्रेस ने समर्थन के साथ यह शर्त जरूर नत्थी की है कि विजय सांप्रदायिक ताकतों से दूरी बरतेंगे, संवैधानिक मूल्यों का पान करेंगे, थंथाई पेरियार के सामाजिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता रखेगें और पेरूंथ लैवर कामराज के गौरवशाली दिनों की वापसी के लिये जतन करेंगे। जहां तक विजय के विचारों की बात है वह स्पष्ट कर चुके हैं कि द्रमुक उनकी राजनीतिक बैरी है और बीजेपी वैचारिक शत्रु। चुनाव प्रचार के दरम्यान उन्होंने इतनी अधिक लोकलुभावन घोषणायें की हैं कि वित्तीय कारणों से उन्हें अमल में लाना कठिन होगा। तमिल मतदाताओं को उनसे उम्मीद इस नाते है कि वह फैन क्लबों के जरिये मुफ्त कैंटीन, कंप्यूटर वितरण, ब्लड डोनेशन और राहत कार्यों का अभियान चलाते रहे हैं। मीडिया की चकाचौंध से बचने के लिये बाज वक्त वह रूमाल से चेहरा ढंककर अथवा दुपहिया वाहन पर बैठकर घटना स्थल पर गये। वह राहुल गांधी ही नहीं अन्ना हजारे और नरेन्द्र मोदी से भी मिल चुके हैं। वह करूणानिधि और एमजीआर के प्रशंसक हैं। सामाजिक न्याय उनके लिए मायने रखता है। कम ही लोगों को ज्ञात होगा कि वह कुशल और पुरस्कृत गायक हैं और इलैयाराजा और एआर रहमान तक के लिए गा चुके हैं।

हां, उनका निजी जीवन विवाद और नुक्ताची का शिकर रहा है। उन्होंने सन् 1999 में संगीता सोर्नालिंगम से शादी की थी, जो श्रीलंका में जनमी ब्रिटिश तमिल युवती थीं। संगीता ने गत वर्ष उनसे तलाक की अर्जी लगाई है, अलबत्ता उनकी दोनों संतानों से उनके रिश्तों को इससे बूझा जा सकता है कि उनका पुत्र जेसन संजय और पुत्री दिव्या साशा उनके साथ क्रमशः वेट्टेकरन और थेरी में रुपहले पर्दे पर आ चुके हैं। 6.25 बिलियन संपत्ति के स्वामी थलपति विजय का तृषा कृष्णन के साथ प्रेम प्रसंग संप्रति लोगों की जुबान पर है, लेकिन आज की राजनीति में नायकों के प्रेम-प्रसंग और विवाहेतर संबंध समर्थकों और प्रशंसकों के लिये मायने नहीं रखते, अतः थलपति का पर्फामेन्स ही तय करेगा कि वह राजनीति में कितनी लंबी और कैसी पारी खेलते हैं?

अध्यात्म

## हम नकारात्मक विचारों को छोड़ दें, जीवन में शांति, खुशी आने लगती है

एक लोक कथा है। पुराने समय में एक गांव में एक दंपत्ति बहुत मेहनती थे, लेकिन उनके जीवन में परेशानियां जैसे खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही थीं। पत्नी-पत्नी आर्थिक तंगी, बीमारी, तो कभी आपसी तनाव की वजह से परेशान थे। धीरे-धीरे वे दोनों इतने निराश हो गए कि उन्हें लगने लगा कि शायद सुख उनके भाग्य में है ही नहीं। रोज सुबह की शुरुआत चिंता से होती और हर रात शिकायतों के साथ खत्म होती। वे गांव-गांव जाकर मंदिरों में माथा टेकते, पूजा-पाठ करते, व्रत रखते, लेकिन मन की शांति उन्हें कहीं नहीं मिल रही थी। उनके चेहरे पर हमेशा उदासी छाई रहती थी। एक दिन गांव के एक बुजुर्ग ने इस दंपत्ति को क्षेत्र के प्रसिद्ध संत के बारे में बताया। कहा जाता था कि संत केवल लोगों की समस्याओं को दूर करने का सही मार्ग दिखाते हैं। अपने दुख दूर करने की उम्मीद लेकर पति-पत्नी उस संत के पास पहुंच गए। दोनों ने संत के सामने बैठकर अपने दुखों की कहानी सुनाई। संत शांत भाव से उनकी बातें सुनते रहे। कुछ देर बाद वे अचानक उठे और अपने कमरे की ओर चले गए। वहां जाकर उन्होंने एक खंभे को कसकर पकड़ लिया और जोर-जोर से चिल्लाने लगे, 'बचाओ! ये खंभा मुझे छोड़ नहीं रहा है! ' संत की आवाज सुनकर आश्रम के लोग दौड़कर आए। सभी आश्चर्यचकित थे। गांव वालों ने कहा, 'गुरुजी, खंभा आपको नहीं पकड़े हुए है। आपने ही खंभे को पकड़ रखा है। ' संत मुस्कुराए और बोले, 'यही बात मैं तुम सबको समझाना चाहता हूं। जीवन में दुख और चिंता भी ऐसे ही हैं। अक्सर दुख हमें नहीं पकड़ता, बल्कि हम ही दुख को पकड़कर बैठे रहते हैं। पुरानी गलतियों, नकारात्मक सोच और डर को छोड़ने के बजाय हम उन्हें बार-बार याद करते हैं। जब तक हम इन आदतों को नहीं छोड़ेंगे, तब तक सुख हमारे जीवन में प्रवेश नहीं कर पाएगा। ' दुखी पति-पत्नी को संत की बातें समझ आ गईं। उन्हें एहसास हुआ कि हम हर समय केवल दुखों के बारे में सोचते रहते हैं। उसी दिन उन्होंने संकल्प लिया कि अब वे शिकायत नहीं, बल्कि समाधान पर ध्यान देंगे। धीरे-धीरे उन्होंने सकारात्मक सोच अपनाई, छोटी-छोटी खुशियों को महत्व देना शुरू किया और अपने जीवन में बदलाव महसूस किया। कुछ महीनों बाद वही दंपति गांव में खुशहाल और शांत जीवन के लिए पहचाने जाने लगे। उन्होंने समझ लिया था कि सुख बाहर नहीं, हमारे विचारों और दृष्टिकोण में छिपा होता है।

# स्त्री सशक्तिकरण की बदलती भूमिका

**स्त्री सशक्तिकरण के कथित स्थापित मानदंड पश्चिम बंगाल के 2026 के चुनाव परिणामों में टूटते दिखाई दिए हैं। इन परिणामों से जुड़ी तीन महिलाओं ने साबित कर दिया है कि स्त्री अस्मिता से जुड़े सुरक्षा के प्रश्नों का समाधान उच्च शिक्षा, उच्च पद या कार्पोरेट चकाचौंध करने वाली दीवारों के भीतर से नहीं, बल्कि स्वयं स्त्री के साहस, संघर्ष और आत्मचेतना के प्रखर आत्मबल से निकलेंगे। बीते कुछ समय में देखने में आया है कि एक वे महिलाएं हैं, जो उच्च शिक्षित और मजबूत आर्थिक स्वावलंबी होने के बावजूद कार्पोरेट बनाम धार्मिक जिहाद की शिकार बन गईं। हमें अशोक खरात के कथित अतींद्रिय-अलौकिक मायालोक से आसक्त होकर अपनी दैहिक शुचिता गंवा बैठीं। जबकि विवाहित स्त्री के सम्मान और भरोसे का हा नहीं, सनातन मूल्य और संस्कार का भी यही सर्वाधिक प्रतिष्ठित गुण है।**

**प्रमोद भार्गव**

इन महिलाओं में महाराष्ट्र महिला आयोग की अध्यक्ष भी शामिल रही हैं। उच्च पद पर आसीन इस महिला का दायित्व था कि वह अंधविश्वास के पाखंड से महिलाओं को जागरूक व सचेत करती, जबकि वह खुद चमत्कार के आकर्षण में अपने चरित्र की पवित्रता खो बैठी। ऐसी ही जटिल स्थितियों के बीच बंगाल के विधानसभा चुनाव से तीन ऐसी महिलाओं की जीवटता देखने को मिली है, जो बड़े सामाजिक बदलाव का संदेश देती हैं।

बुलंद स्त्रियों की पहली आवाज है, संदेशखाली की रेखा पात्रा! यह वह साहसी महिला है, जिसने संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेताओं के यौन दुष्कर्म को झेला था। इन नेताओं के उत्पीड़न की हवस की रेखा अकेली शिकार नहीं थी, ज्यादातर युवा स्त्रियों को इन हवस के भूखे भेड़ियों ने अपना शिकार बनाया हुआ था। रेखा अपने मुख को घूंघट में छिपाकर बैठी नहीं रह गई, अपितु उसने घूंघट हटाकर संदेशखाली के बलात्कारियों के विरुद्ध मुख्य आवाज बन गई। मुख्य आरोपी शाहजहां शेख और उसके सहयोगी शिवप्रसाद हजारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। हजारी को इसी शिकायत पर गिरफ्तार भी किया गया था। यही वह शक्तिस्वरूपा रही, जो तृणमूल के नेताओं के विरुद्ध पीड़ित महिलाओं के समूह का नेतृत्व करते सड़क पर उतरी और आंदोलन का चेहरा बन गई। जब स्त्री के विद्रोह के स्वर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कानों तक पहुंचे तो उन्होंने रेखा से फोन पर बात कर 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्हें बसीरहाट से उम्मीदवार बना दिया। वे हारीं जरूर, लेकिन उन्होंने आंदोलन के वातावरण को निरंतर गरम बनाए रखा। इस संघर्ष का परिणाम रहा कि उन्हें हिंगलगंज आरक्षित विधानसभा सीट से भाजपा ने उम्मीदवार बना दिया। अब वे विधायक हैं।

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक महिला चिकित्सक की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। रत्ना देबनाथ ने बेटी के हत्यारों को सजा दिलाने का संकल्प तब लिया, जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कामकाजी स्त्री की मजबूरी को समझे बिना कह दिया था कि स्त्रियों को रात आठ बजे के बाद घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। ममता के इस बयान के बाद रत्ना बेटी के प्रतिकार की भावनात्मक प्रतीक बन कर न्याय के लिए जुट गईं। उन्हें जब समाज का सहयोग मिलने लग गया, तो उनमें राजनीतिक चेतना विकसित होने लग गई। तृणमूल नेता व कार्यकर्ताओं की धमकियों के भय से वे निर्भय हो गईं। 2025 में वे मजबूती से लड़ने के लिए भाजपा में सक्रिय राजनीति का हिस्सा बन गईं। तृणमूल द्वारा अपराधियों को खुला संरक्षण देने के चलते यह पहल जरूरी थी। यहीं उन्होंने शपथ ली, कि जब तक उनकी बेटी को न्याय नहीं मिलेगा, वे बालों में कंधी नहीं करेंगी। यह संकल्प द्रोपदी के द्वारा चीरहरण के बाद ली उस कसम की प्रतीक थी, जिसमें उन्होंने विद्वानों की भरी सभा में कहा था कि 'अब मैं अपनी चोटी तब तक नहीं बांधूगी जब तक दुशासन के लहू को बालों में नहीं डाल लूंगी।' रत्ना देबनाथ के इस संकल्प की ध्वनि मोदी के कानों में गूंजी और उन्हें पानीहाटी विधानसभा से उम्मीदवार बना दिया। इस पीड़िता के करुणा से आप्लवित स्वरों ने मतदाताओं को भीतर तक झकझोर दिया। फलतः उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी को अट्ठाइस हजार से भी ज्यादा मतों से पराजित कर दिया।

एक और घरेलू कामकाजी महिला हैं, कलिता मांझी! चार घरों में काम करके परिवार चलाती हैं। भाजपा की मुखर समर्थक होने के कारण उन्हें तृणमूल कार्यकर्ताओं के नियमित उत्पीड़न का दंश झेलना पड़ा है। बावजूद वे दृढ़ता के साथ भाजपा के साथ दमदारी से जुड़ी रहीं। इसका प्रतिफल उन्हें और ग्राम आरक्षित सीट से भाजपा की उम्मीदवारी हासिल हो गई। उन्होंने तृणमूल के उम्मीदवार को 12 हजार से भी ज्यादा मतों से हरा दिया। इस महिला की जिजीविषा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि उन्होंने गरीबी और उत्पीड़न की पीड़ा एक साथ झेलते हुए अपना राजनीतिक संघर्ष अनवरत रखा। इन तीनों महिलाओं की विपरीत परिस्थितियों में जीवटता देखते हुए कहना पड़ेगा कि उनकी ये उपलब्धियां केवल दलगत राजनीतिक शक्ति और संसाधन मिल जाने की सफलता नहीं है, बल्कि संकल्प सिद्धी की संजीवनी को स्वस्फूर्त अंतर-प्रेरणा से ऊर्जावान बनाए रखने के चलते मिली है। ये तीनों महिलाएं अलग-अलग पृष्ठभूमि से आती हैं, लेकिन सामाजिक बदलाव की भावना इनकी एक जैसी है। इनकी जीत ने तय कर दिया है कि अब मतदाता परंपरागत दलगत राजनीति की मानसिकता से मुक्त होकर उन चेहरों में उम्मीद तलाशने लगे हैं, जो संघर्ष की जमीन से उपजीं और विपरीत परिस्थिति में खड़ी रहीं। अपनी राजनीतिक जमीन की बुनियाद पुख्ता करती रहीं। इनकी राजनीतिक उपलब्धियां, वंदनीय, अविस्मणीय एवं तक अनुकरणीय हैं।

दूसरी तरफ देश में ऐसी उच्च शिक्षित महिलाओं की श्रृंखला देखने में आ रही है, जो हर प्रकार से अर्थ व अधिकार संपन्न हैं। परंतु कार्पोरेट जिहाद का शिकार होकर मतांतरित होने को मजबूर हो गई थीं। इस कड़ी में नासिक की टीसीएस कंपनी में कार्यरत इंजीनियर व एमबीए महिलाएं पदोन्नति, उत्तम अवसर के लालच में आकर इस्लामिक वेषभूषा, इबादत और रहन-सहन में ढलने लग गईं। सनातन संस्कारजन्य रीति-रिवाजों को बदलने लगीं। यहां तक की रोजे रखने लगीं, नमाज पढ़ने लगीं। इन तथ्यों की प्रामाणिकता एनआईए की जांच सीसीटीवी के फुटेज से तय हुई है। उच्च तकनीक में दक्ष ये महिलाएं मानसिक रूप से इतनी कमजोर और विचार के स्तर पर सतही साबित हुईं। ये कंपनी के मुस्लिम प्रबंधकों द्वारा इस्लाम धर्म के महिमामंडन के चलते उसकी गिरफ्त में आती चली गई और धर्मांतरण करने को आतुर होती चली गईं। यह कारपोरेट जिहाद हिंदुओं की अस्मिता के समक्ष ऐसी चुनौती बनकर उभरा है, जिससे सामान्य परिस्थितियों में निपटना आसान नहीं है?

एक वे महिलाएं हैं, जो कथित ढोंगी अशोक खरात के फरेब में आकर स्वेच्छा से शारीरिक संबंध बनाने को तैयार हो जाती हैं। ये सब महिलाएं विवाहित प्रौढ़ाएं हैं। आईएएस, आईपीएस और राजनेताओं की पत्नियां हैं। ये इस स्वयंभू धर्मगुरु के चंगुल में फंसती चली गई। यहां तक की महाराष्ट्र महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर इसके चंगुल में आ गई। उत्तम शिक्षा और उच्च पद की प्राप्ति के बाद ऐसी महिलाओं से उम्मीद तो यही की जाती है कि ये किसी भी शोषण और अन्याय के विरुद्ध अपनी वाणी को बुलंद करेंगी। उजले चेहरों को बेनकाब करेंगी? उनका घिनौना चरित्र उजागर करेंगी ? लेकिन देखने में आया कि धर्मांतरण और अंधविश्वास के लिए यौन शोषण के लिए भी समर्पित दिखाई दीं।

अभी तक हम यह सुनते चले आ रहे थे कि फिल्मों में काम पाने के लिए अभिनेत्रियां अपना शरीर निर्माता-निर्देशकों को सहज रूप में सौंप देती हैं। राजनीति में भी यह स्थिति बनती रही है। कुछ फिल्मी पर्दे की नायिकाओं ने इस दुराचार का 'मी-ट' अर्थात् 'मैं भी बोलूंगी' के बहाने 2018 में कुछ नायिकाएं मुखर भी हुईं। लेकिन उन्होंने यह सब संबंध बनाने के पूर्व नहीं, बल्कि लाभ उठाने के बाद किया। इन बयानों को कथित प्रगतिशीलों ने परिवर्तन की भूख माना तो कुछ ने इस मी-टू को उपभोक्तावादी संस्कृति का मसालेदार हिस्सा माना। अब कार्पोरेट जिहाद और पाखंडी ढोंगी के समक्ष अर्थ-संपन्न, अनुभवजन्य प्रौढ़ाओं के समर्पण को हम क्या मानें ? क्या कहें? नौकरी बचाए रखने की लालसा या कथित 'योनि-पूजा' के बहाने उत्कट भोग की तीव्र उत्कंठा ? दूसरी तरफ हमारे सामने रेखा पात्रा जैसी वह स्त्री है, जो अपने साथ हुए दुश्कर्म के विरुद्ध आवाज उठाती है, बल्कि दोषियों को कानून के कठघरे में ला खड़ा करती है।

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
जीवनसाथी आपसे किसी कारणवश नाराज हो सकते हैं। आज आपको किसी भी मामले पर त्वरित प्रतिक्रिया देने से बचना चाहिये।

**वृषभ**
आज आप घर की जिम्मेदारियों से घिरे रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आज एकान्त में समय बिताना चाहेंगे। आज आप किसी विशेष पूजा में भी भाग ले सकते हैं।

**मिथुन**
आज आपका मन भी अत्यधिक अशान्त रहेगा। नये कार्यों से पूरी तरह दूरी बनाकर रखें। पेट में दर्द और ऐंठन की शिकायत हो सकती है।

**कर्क**
परिजन आपका उत्साहवर्धन करेंगे। प्रेमीजन आपके लिये आज अत्यन्त भाग्यशाली रहेंगे। बच्चों की शिक्षा को लेकर चिन्ता दूर होगी।

**सिंह**
आप अपनी कार्यशैली में कुछ परिवर्तन करने का प्रयास करेंगे। नौकरीपेशा लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा। शत्रुओं से छुटकारा मिल सकता है।

**कन्या**
महत्त्वपूर्ण कार्य को लेकर आप थोड़े कनफ्यूज रहेंगे। महत्त्वपूर्ण बैठकों में आपको सम्मानित किया जा सकता है। सोशल मीडिया पर आपसे नये लोग जुड़ सकते हैं।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में नये विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। उच्चाधिकारियों की सहायता आपको मिलती रहेगी। व्यापारियों के लिये आज का दिन विशेष नहीं है।

**वृश्चिक**
व्यवसाय में अपनी सेवाओं और उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार कर सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिये आज का दिन उत्साह से भरपूर रहेगा।

**धनु**
दाम्पत्य सम्बन्धों में मिठास बढ़ेगी। व्यापारिक यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ के कार्यों में आप समय बर्बाद कर सकते हैं। गैस और कब्ज की शिकायत हो सकती है।

**मकर**
नये कार्यों को आरम्भ करने में आ रही बाधा दूर होगी। ऑफिस में आपके ऊपर से काम का दबाव दूर होगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिये दिन विशेष रूप से शुभ है।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में झगड़ा हो सकता है। सरकारी नियमों की अनदेखी न करें, अन्यथा अर्थदण्ड का सामना करना पड़ सकता है। घर पर समय बिताना लाभकारी होगा।

**मीन**
सहकर्मी आपकी उन्नति से प्रसन्न रहेंगे। आज आप अपनी बातों से लोगों को सहमत करने में सफल रहेंगे। रुका हुआ धन आज एकसाथ प्राप्त हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रखंड कृषि कार्यालय के सामने किसान जला रहे पलारी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलछी प्रखंड कार्यालय के सामने धड़ल्ले से किसानों के द्वारा खेत में पलारी जलाया जा रहा है जबकि सरकार के द्वारा खेत में पलारी जलाए जाने और प्रदूषण फैलाने को लेकर दिशा निर्देश जारी किया गया है और प्रखंड कृषि पदाधिकारी को इस पर रोकथाम के लिए व्यवस्था करने और जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी सौंप गई है लेकिन प्रखंड कृषि पदाधिकारी कार्यालय मे नहीं दिखे ग्रामीण ऑन ने बताया कि बेलछी प्रखंड में कई पंचायत में हर दिन पलारी जलाई जाती है। जिससे भारी प्रदूषण होता है लेकिन किस को मना करने पर वह लड़ाई झगड़ा पर आमादा हो जाते हैं। जिसके चलते आसपास के जागरूक लोग किसान को मना नहीं कर पाते हैं लेकिन हैरत की बात है कि एक तरफ बेलछी थाना और दूसरी तरफ प्रखंड कार्यालय का भवन होने के बाद भी बीच में खुलेआम दिनदहाड़े पलारी जलाया जा रहा है। यह इलाके के लोगों के लिए अच्छा संदेश नहीं है।

### शराब बेचने से रोका तो की जमकर मारपीट

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सैदपुर आम के बगीचा में शराब पीने और बेचने से मना करने पर शराब तस्करों ने बगीचा मालिक जगत पासवान और उसके बेटा अभिषेक कुनार और मां के साथ गाली गलौज करते हुए जमकर बीमारपीट की और आम भी तोड़ लिया. मना करने पर शराब तस्करों ने दोबारा घर में घुसकर महिलाओं और अभिषेक व पिता के साथ जमकर मर पीट की .जिससे अभिषेक की हालत गंभीर बताई जाती है. उसे बेहतर इलायज हेतु फतुहा से पटना भेज दिया है. पीड़िता प्रविला देवी ने तीन लोगों गुड्डू कुमार,बासा कुमार और कोरिला कुमार को नामजद करते हुए सात अज्ञात लोगो के खिलाफ फतुहा थाना में लिखित शिकायत की है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### मजदूरी को लेकर ड्रेस सिलाई करने वाली जीविका दीदी नाराज

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के बेलछी प्रखंड के पुराने प्रखंड कार्यालय में संचालित हो रहे आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के लिए ड्रेस तैयार करने को लेकर जीविका दीदी के दर्जनों महिलाओं के द्वारा कपड़ा सिलाई का काम चल रहा है लेकिन इस काम में लगे इलाके के ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि सरकार के द्वारा ड्रेस सिलाई के नाम पर महिलाओं का शोषण किया जा रहा है। बच्चा का एक सेट कपड़ा तैयार करने पर 54 और 44 रुपए दिया जाता है जो कि कम है उसमें भी अपना मशीन लगाकर कपड़ा की सिलाई की जाती है। सरकार से महिलाओं को काफी नाराजगी है मामले पर बेलछी प्रखंड के परियोजना प्रबंधक कुणाल कुमार से जब बात की गई तो अधिकारी ने स्पष्ट तौर पर बताया कि यह सरकार की नीति है और सरकार के द्वारा ही सिलाई के बदले पैसा तय किया गया है इसमें मेरे स्तर से कुछ भी नहीं किया जा सकता। जरूरतमंद महिलाएं इस काम में जुड़ी हुई है।

### 41 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना पुलिस का अवैध शराब के खिलाफ दूसरे दिन भी अभियान जारी है। इसी क्रम में एक तस्कर को देशी शराब की खेप के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि शनिवार को गुप्त सूचना मिली कि एक तस्कर शराब की खेप लेकर अथमलगोला स्टेशन के समीप मौजूद है। जो किसी माध्यम से स्थानीय किसी धंधेबाज तक पहुंचा सकता है। सूचना के उपरान्त तत्काल सजग हुई अथमलगोला थाना पुलिस के गश्ती वाहन ने पीछा कर जमालपुर गांव के निकट से एक युवक को प्लास्टिक के एक बोरा के साथ हिरासत में लेकर उसकी विधिवत तलाशी ली। इस क्रम में प्लास्टिक के बोरा से 41 लीटर देशी चूलाई शराब बरामद किया गया। तत्पश्चात युवक को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। जहां उसने अपना पहचान बख्तियारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नया टोला ददौर निवासी गौतम कुमार के रूप बताया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले मध निषेध सहित विभिन्न सुसंगत धाराओं के अधीन नामजद मामला दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जाएगा।



### वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में मनी महाराणा प्रताप की जयंती

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्र गौरव वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती शनिवार को मसौढ़ी के वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें महाराणा प्रताप की वीरता, स्वाभिमान और उनके बलिदान पर विस्तार से परिचर्चा हुई।कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी शिवपूजन सिंह ने की, जबकि मंच संचालन युवा नेता वीरेंद्र सिंह ने किया। संगोष्ठी की शुरूआत महाराणा प्रताप के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। वक्ताओं ने हल्दीघाटी युद्ध और महाराणा के संघर्षमय जीवन पर प्रकाश डाला।कहा की महाराणा प्रताप ने अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की। घास की रोटी खाकर जंगल में दिन गुजारे, लेकिन स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। उनका ह्यजय एकलिंगजीह्व का नारा आज भी रगों में जोश भर देता है। आज के युवाओं को उनसे त्याग और राष्ट्रभक्ति सीखनी चाहिए।"महाराणा प्रताप सिर्फ राजपूतों के नहीं, पूरे भारत के नायक हैं। प्रमुख रूप से सत्येंद्र सिंह, सुधीर कुमार सिंह, गोलू कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, मनी सिंह, पूर्व मुखिया सतेंद्र सिंह बौरही, चिदानंद सिंह, अभय सिंह, पिंटू सिंह समेत कई गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।



### ऑटो में शराब भरकर ले जा रहे तस्कर गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के दौरान शनिवार को पीपरा पुलिस ने बाजितपुर पुल के पास से एक सीएनजी ऑटो में पॉलिथीन में भरकर ले जा रहे शराब जहां तकरीबन 240 लीटर शराब थे उसके साथ एक शराब सप्लायर को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार सप्लायर का नाम राजा कुमार है जो अगम कुआं थाना क्षेत्र का रहने वाला है पूछताछ के दौरान बताया गया कि यह शराब की डिलीवरी रामकृष्ण नगर में करने जा रहा था, जिसे गुप्त सूचना के आधार पर सत्यापन करते हुए टीम गठित करते हुए इसकी गिरफ्तारी की गई है और अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।



### मसौढी के रेवां में जीविका भवन का उद्घाटन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए शुक्रवार को मसौढ़ी प्रखंड के रेवां पंचायत में नवनिर्मित जीविका भवन का उद्घाटन किया गया। मुखिया रामकृपाल प्रसाद 'ईशु' एवं जीविका महिला ग्राम संगठन की अध्यक्ष बबिता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जीविका दीदियां उपस्थित रहीं।कार्यक्रम में जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक दिग्विजय नारायण समदर्शी, पंचायत तकनीकी सहायक विद्यासागर, पंचायत रोजगार सेवक मालती कुमारी, उपमुखिया उर्मिला कुमारी, क्षेत्रीय समन्वयक जयप्रकाश शर्मा एवं सामुदायिक समन्वयक निर्भय कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। बीपीएम दिग्विजय नारायण समदर्शी ने कहा, "जीविका महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। रेवां पंचायत में 42 स्वयं सहायता समूहों से 500 से अधिक दीदियां जुड़ी हैं। बैंक लिंकेज के जरिए 1.5 करोड़ का ऋण लेकर दीदियां सिलाई, मधुमक्खी पालन, डेयरी और किराना दुकान जैसे व्यवसाय कर रही हैं। जीविका भवन का निर्माण इस दिशा में अहम योगदान देगा। अब दीदियों को बैठक, ट्रेनिंग और उत्पाद बिक्री के लिए स्थायी जगह मिल गई है। मुखिया रामकृपाल प्रसाद ने कहा कि 18 लाख की लागत से बना यह भवन सिर्फ ईंट-सीमेंट का ढांचा नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण का केंद्र बनेगा। यहां कंप्यूटर ट्रेनिंग, कौशल विकास और मार्केटिंग की ट्रेनिंग दी जाएगी।।जीविका ग्राम संगठन अध्यक्ष बबिता देवी ने कहा अब अपना भवन हो गया है। यहां हम दीदियां मिलकर कारोबार की योजना बनाएंगी। हमारा सपना था कि रेवां की हर दीदी के हाथ में रोजगार हो।समूह से जुड़ी दीदीयो ने बताया, "भवन बनने से अब हमें बाजार से जोड़ने में आसानी होगी।




# मसौढ़ी में लगा 'सोलर लोन मेला', एसडीएम बोले- अब सूरज से रोशन होगा हर घर

## 'हर घर सूर्य बिजली योजना' पर जागरूकता, जीरो बिल वाले 10 उपभोक्ता सम्मानित, बैंकों ने बांटे लोन के पर्चे

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिजली बिल से परेशान उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर। 'हर घर सूर्य बिजली योजना' के तहत शनिवार को मसौढ़ी के अशोक सम्राट हॉल में भव्य 'सौर्य लोन मेला' का आयोजन किया गया। एसडीएम अभिषेक कुमार एवं बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता पवन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मेले में एसबीआई, पीएनबी, केनरा बैंक, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक समेत 6 बैंकों ने स्टॉल लगाए। सोलर वेंडरों ने 1 किलोवाट से 10 किलोवाट तक के रूफटॉप सोलर पैनल का लाइव डेमो दिखाया। सैकड़ों किसान, गृहस्वामी और दुकानदार योजना की जानकारी लेने पहुंचे। एसडीएम अभिषेक कुमार ने कहा, "सरकार 3 किलोवाट तक के सोलर प्लांट पर 60% तक सब्सिडी दे रही है। बैंक 7% ब्याज पर आसान लोन दे रहे हैं। 25 साल तक बिजली बिल की टेंशन खत्म। दिन में सोलर से बिजली चलाएं, रात में ग्रिड की। अतिरिक्त बिजली सरकार खरीदेगी। यह योजना 'वन टाइम इन्वेस्टमेंट, लाइफटाइम सेविंग' है। कार्यक्रम में उन 10 उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने घर में सोलर प्लांट लगाकर पिछले 6 महीने से बिजली बिल जीरो कर दिया है। किसान रामाश्रय सिंह ने बताया, 2 किलोवाट का प्लांट 1.20 लाख में लगा। 72 हजार सब्सिडी मिली। अब एसी-कूलर चलाकर भी बिल शून्य आता है। उल्टे 300 रुपये महीने की कमाई हो रही है। कार्यपालक अभियंता पवन कुमार ने कहा, 1 किलोवाट प्लांट से रोज 4-5 यूनिट बिजली बनती है। 3 किलोवाट से महीने में 360 यूनिट तक उत्पादन। यानी 2000-2500 रुपये की बचत। नेट मीटरिंग से ग्रिड में बिजली भेज सकते हैं। 5-6 साल में लागत वसूल हो जाती है। बैंकों के शाखा प्रबंधक ने बताया कि 10 साल तक के लिए 40 हजार से 2 लाख तक का सोलर लोन तत्काल दिया जा रहा है। कोई प्रोसेसिंग फीस नहीं। किसान क्रेडिट कार्ड धारकों को प्राथमिकता मिलेगी। बीडीओ प्रभाकर कुमार ने कहा कि मसौढ़ी में पहले फेज में 2000 घरों पर सोलर लगाने का लक्ष्य है। जीविका दीदियों को 'सोलर सखी' बनाकर घर-घर जागरूकता फैलाई जाएगी। इस अवसर पर, सुरेंद्र कुमार, सहायक अभियंत, राजा अहमद, सहायक अभियंता प्रोजेक्ट, रंजीत कुमार बिजली जेईई, सुयस महाजन, सलाहकार एमएनआरई (डेलाइट) आदी शामिल रहे।






## 100 किलो वजन और कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित महिला मरीज की सफल बेरियाट्रिक सर्जरी

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिग अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, पटना में लगभग 103 किलो वजन से ग्रसित मरीज की सफलतापूर्वक बेरियाट्रिक सर्जरी की गई। मरीज अत्यधिक मोटापे के साथ-साथ कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित थीं, जिनमें उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, घुटनों के जोड़ों में गठिया एवं सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं शामिल थीं। बिग अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल के वरिष्ठ सर्जन डॉ. अभय एवं उनकी टीम ने अत्याधुनिक तकनीक की मदद से सफलतापूर्वक सर्जरी को अंजाम दिया। सर्जरी के दौरान एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. नैयर आजम द्वारा मरीज को सफलतापूर्वक एनेस्थीसिया दिया गया। इस सफल सर्जरी में सहायक असिस्टेंट डॉ. फिरोज आलम एवं OT असिस्टेंट मनीष कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति स्थिर रही और बेहतर रिकवरी के चलते उन्हें दूसरे दिन ही अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डॉक्टरों के अनुसार, बेरियाट्रिक सर्जरी न केवल वजन कम करने में मदद करती है, बल्कि मोटापे से जुड़ी कई गंभीर बीमारियों को नियंत्रित करने में भी प्रभावी साबित होती है।



## विवाहिता ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की लगाई गुहार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाने में एक विवाहिता ने अपने पति के खिलाफ प्रताड़ित करना और जान से मारने की नियत से मारपीट करने के मामले में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है, दरअसल रघुनाथपुर कढौना थाना क्षेत्र के रहने वाली जूली कुमारी पति सुधीर प्रसाद ने थाने में आवेदन लिखकर जान मारने की नीयत से मारपीट करने के मामले में अपने पति पर कार्रवाई के लिए गुहार लगाई है। दर्ज आवेदन में लिखा है कि हमारे शादी 2023 में सुधीर प्रसाद के साथ हुई थी लेकिन शादी के कुछ दिन ठीक रहा बाद में लगातार प्रताड़ित करने लगा, जिसको लेकर हम मायके चले गए मायके की तरफ से काफी समझौता भी हुआ, फिर शनिवार को पूजा के पैसे ले जाने के नाम पर बहाने करके बुलाया और जान मारने की नीयत से मारने पीटने लगा उसकी बहन भी इस पूरे घटना में शामिल है।

# भैंस चराने गए अधेड़ की करंट से मौत, परिजनों में कोहराम

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा प्रखंड के अंतर्गत हाजीपुर गाँव में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहाँ लोहे के तार से घेरा हुआ खेत के तार मे बिजली के करंट की चपेट में आने से एक 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान हाजीपुर गाँव निवासी सबल राय के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से ही गाँव में मातम पसरा हुआ है और पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सबल राय रोज की तरह शनिवार को अपनी भैंसों को चराने के लिए गाँव के बाहर खेत की ओर गए थे। दोपहर के समय जब वे भैंसों को चरा रहे थे लोहे के तार से घेरा हुआ खेत के तार मे बिजली के करंट की चपेट चपेट में आ गए। तार में करंट प्रवाहित हो रहा था, जिसके कारण उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला और घटनास्थल पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक के पुत्र राहुल कुमार ने बताया कि उनके पिता घर से सकुशल निकले थे, खेत मालिक के लापरवाही ने उनकी जान ले ली। उन्होंने कहा कि दिन मे खेत के तार मे करेंट रहने के वजह से यह हादसा हुआ। जैसे ही ग्रामीणों को घटना की सूचना मिली, मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीण शव को लेकर सीधे फतुहा थाना पहुँचे। परिजनों ने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी और उचित मुआवजे की मांग की।



# पारस हेल्थ, पटना में आधुनिक और उन्नत शिशु रोग विभाग की शुरूआत

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पारस हेल्थ, पटना में 'आधुनिक और उन्नत शिशु रोग विभाग' की औपचारिक शुरूआत कर दी गई। इस नई सुविधा की घोषणा प्रेस कॉन्फ्रेंस में पारस हेल्थ के जोनल डायरेक्टर श्री अनिल कुमार, निदेशक जेनेरल सर्जरी डॉ. अहमद अब्दुल हई एंव निदेशक वं विभागाध्यक्ष पीडियाट्रिक्स डॉ. विवेक रंजन द्वारा की गई। नए शिशु रोग विभाग के अंतर्गत 24x7 बाल आपातकालीन सेवाएं, PICU, NICU, सामान्य बाल रोगों का उपचार, टीकाकरण सेवाएं, पोषण एवं विकास परामर्श तथा बुखार, खांसी एवं संक्रमण जैसी समस्याओं का समुचित इलाज उपलब्ध रहेगा। इस अवसर पर जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य बिहार के बच्चों को महानगरों जैसी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं यहीं उपलब्ध कराना है। अत्याधुनिक PICU और NICU की सुविधा के साथ अब गंभीर रूप से बीमार नवजात और बच्चों का इलाज पूरी दक्षता और संवेदनशीलता के साथ किया जा सकेगा। वहीं, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष पीडियाट्रिक्स, डॉ. विवेक रंजन ने कहा कि ह्लबच्चों का स्वास्थ्य केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि सही समय पर पहचान, रोकथाम और समुचित देखभाल भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। हमारे विभाग में अनुभवी चिकित्सकों और प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की टीम 24x7 उपलब्ध रहेगी, ताकि हर बच्चे को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके। पारस हेल्थ, पटना में इस नई पहल से क्षेत्र के अभिभावकों को अपने बच्चों के इलाज के लिए बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी ।



## आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया गया, परियोजना पदाधिकारी ने कहा मामले की होगी जांच

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के सुदूर टाल क्षेत्र का बेलछी प्रखंड के किशनपुर गांव स्थित आदर्शआंगनबाड़ी केंद्र संख्या-207 शनिवार की सुबह 9:00 बजे तक केंद्र में ताला लटका हुआ था ग्रामीणों ने बताया कि सेविका उदामा कुमारी गांव की ही महिला है सप्ताह में एक दो दिन घंटे भर के लिए केंद्र खोलती है। इस दौरान अपने घर से टिफिन में बच्चों के लिए कुछ नाश्ता लेकर आती है बच्चों की संख्या दो अंक में भी नहीं रहता है और ना ही बच्चों को या ग्रामीणों को सही तरीके से योजना का लाभ भी नहीं दिया जाता है। वही सहायिका पूनम देवी कई बरसों से आंगनबाड़ी केंद्र पर नहीं आती है वह पति के साथ दूसरे प्रदेश में रहती हैं लेकिन आज तक उसके जगह पर दूसरे लोगों को नहीं रखा गया है।

# पिस्तौल और दो जिन्दा कारतूसों के साथ लुटेरा गिरफ्तार

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार को फतुहा पुलिस ने एक लोडेड पिस्तौल तथा दो जिन्दा कारतूस के साथ एक लूटेरा को गिरफतार किया है। इस संबंध में शनिवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर एस डी पी ओ अबधेश कुमार ने बताया कि विगत 4 मई को फतुहा थाना क्षेत्र के न्यू कॉपरेटिव कॉलोनी मुहल्ला में एक घर कुछ अपराधियों द्वारा द्वारा लूट पाट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में न्यू कॉपरेटिव कॉलोनी निवासी अशोक कुमार द्वारा थाना में कांड संख्या 270/26 दर्ज कराया गया था। इस घटना का उद्भेदन के लिए पुलिस द्वारा एक टीम गठित की गई थी। अनुसंधान के क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि लूट की घटना में संलिप्त एक लूटेरा जो फरार था ,वह अपने घर आया हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने फतुहा थाना क्षेत्र के सुरंगा गांव में छोपेमारी कर मथुरा प्रसाद के पुत्र रॉकी कुमार को एक लोडेड पिस्तौल तथा दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि रॉकी कुमार पूर्व में भी लूट,हत्या, छिनतई जैसे संगीन मामलों में जेल जा चुका है। इसके गिरफ्तारी से फतुहा थाना सहित कई थाने के कांडों का उद्भेदन हुआ है। पुछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्त ने अपने अन्य साथियों का नाम बताया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



## दनियावां के ज्ञानस्थली स्कूल में मातृ दिवस मनाया गया

**दनियावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ज्ञान स्थली इंटरनेशनल स्कूल, सिग्रियावां, पटना में शनिवार को मातृ दिवस की पूर्व संध्या पर मातृ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित व गणेश वंदना के साथ किया गया । बच्चों ने नृत्य के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी मां भावुक हो गए।भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया । वर्ग अष्टम की छात्रा अनुष्का कुमारी ने अपनी भाषण में मां की त्याग और ममता के बारे में बताया। बच्चों ने अपने-अपने मां को पैर धोकर आशीर्वाद लिया । साथ ही साथ तिलक लगाकर व आरती दिखाकर भव्य रूप से स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा एक बढ़कर एक नृत्य का प्रस्तुती किया गया। वर्ग अष्टम के छात्र ऋषभ कुमार ने अपने भाषण से भावुक कर दिया। निदेशक रवि रंजन ने कहा कि बच्चे की सबसे पहली शिक्षिका उसकी माता होती है। मां, दया ,ममता व त्याग की मूर्ति होती है। मौजूद माताओं के बीच रैम्प वॉक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता माता को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया।गौरतलब बात है कि निदेशक महोदय के द्वारा सभी मातृ शक्ति को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन वर्ग अष्टम की छात्रा अर्चना व पलक के द्वारा किया गया। मौके पर अभिभावक, शिक्षकगण व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक की महती योगदान रहा।



## महाराणा प्रताप जनसेवा की जीवंत मिसाल थे: विधायक

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अधीन नीरपुर ग्राम में वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई।इस उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बाढ़ विधायक डॉ सियाराम सिंह भी शामिल हुए। जहां उन्होंने उनकी अश्वारोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप ट्रस्ट के अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह सहित दर्जनों गणमान्य एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अपने विचार व्यक्त करते हुए बाढ़ विधायक ने कहा कि महाराणा प्रताप जी केवल एक योद्धा नहीं थे, बल्कि वे त्याग, संघर्ष, सम्मान और जनसेवा की जीवंत मिसाल थे। उन्होंने अपने जीवन में कभी अन्याय के सामने झुकना स्वीकार नहीं किया और हर वर्ग, हर समाज को साथ लेकर चलने का कार्य किया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व वही होता है जो समाज के अंतिम व्यक्ति के सम्मान और अधिकार की चिंता करे। आज के समय में हम सभी को उनके विचारों और आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। समाज में एकता, भाईचारा, स्वाभिमान और आपसी सम्मान को मजबूत करना ही महाराणा प्रताप जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनकी वीरता और संघर्ष की गाथा आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा देती रहेगी।



## अब अफसर खुद चलकर आएंगे आपके द्वार : 19 मई से पंचायत स्तरीय सहयोग शिविर शुरू

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता की समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन करने के लिए सरकार का बड़ा कदम। आगामी 19 मई से 8 जून 2026 तक पूरे अनुमंडल में 'पंचायत स्तरीय सहयोग शिविर' अभियान चलेगा। इस दौरान वरीय पदाधिकारी खुद पंचायतों में जाकर आम लोगों की शिकायतें सुनेंगे और त्वरित समाधान करेंगे।ऐसे मे एसडीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि धनरूआ प्रखंड में इस अभियान की कमान भूमि सुधार उपसमाहर्ता कोमल किरण और लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सोनाली को सौंपी गई है। दोनों पदाधिकारी 19 मई से प्रतिदिन दो पंचायतों में कैंप लगाकर लोगों की समस्याएं सुनेंगी। बीडीओ सीमा कुमारी ने बताया की शिविर में दाखिल-खारिज, एलपीसी, जमीन मापी, परिमार्जन, रसीद पेंशन, राशन कार्ड, आवास योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, नल-जल, नाली-गली, मनरेगा जॉब कार्ड, बिजली, अतिक्रमण, अवैध खनन, सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी आदी सुने जायेगी। एसडीएम अभिषेक कुमार ने कहा, अब जनता को प्रखंड-दफ्तर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अफसर खुद आपके पंचायत में आएंगे। हमारा लक्ष्य है कि 70% शिकायतों का निष्पादन शिविर में ही हो जाए। बाकी मामलों के लिए समय-सीमा तय कर रसीद दी जाएगी। लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर सीधी कार्रवाई होगी। शुरूआत के पहले दिन धनरूआ पंचायत और मोरियावां पंचायत में कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 204 मामलों का हुआ निपटारा

## 23 लाख 59,912 बैंक सेटेलमेंट

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी सिविल कोर्ट में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जहां 204 मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया, जिसमे पांच मामले माप तौल,79 बिजली विभाग और 120 कंपाउंडेबुल केस का निपटारा किया गया। वहीं 23 लाख 59,912 की राशि का बैंक सेंटलमेंट किया गया।गौरतलब है की राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी मामलों की सुनवाई को लेकर पांच बेंच का गठन किया गया, इसके अलावा 2000 से अधिक पक्षकारों को नोटिस भेजी गई, गठित बेंच में प्रथम बेंच पर एसीजीएम रूपा रानी, वही दुसरे बेंच पर एसडीजेएम शुभम त्रिपाठी,तिसरे बेंच पर निखिल चंद्रा जेएमएफसी,चौथे बेंच पर मिथलेश कुमार जेएमएफसी, एवं पांचवें बेंच पर मुंसिफ रत्ना कुमारी रहे।सभी बेंच पर सभी तरह के कंफर्टेबल क्रिमिनल केस, बैंक रिकवरी, बिजली टेलीफोन बिल समेत सभी वादों का निपटारा किया गया। एसीजेएम रूपा रानी ने कहा कि लोक अदालत आमजन के लिए त्वरित, सरल और कम खर्च में न्याय प्राप्त करने का एक प्रभावी मंच है, जहां आपसी सहमति और समझौते के आधार पर वर्षों से लंबित विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान संभव होता है। ऐसे में विधिक सेवा प्राधिकार,के द्वारा न्यायालयों में लंबित समझौता योग्य मामलों की पहचान कर संबंधित तकरीबन 2 हजार पक्षकारों को नोटिस जारी किये गये, ताकि अधिक से अधिक मामलों का निपटारा इस राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कराया जा सके। इसके साथ ही शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को लोक अदालत के लाभों की जानकारी दी जा रही। पैरा लीगल वॉलिंटियर्स की सक्रिय भागीदारी से पक्षकारों को नोटिस तामील कराने, उन्हें लोक अदालत की प्रक्रिया समझाने तथा अधिक-से-अधिक लोगों को इसमें भाग लेने के लिए सक्रिय भूमिका मे रहे। वही इस मौके पर कार्यालय सहायक पंकज कुमार शामिल रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### पैर से लाचार युवक को डा अनिल सुलभ ने दी बैसाखी

**पटना/शिवहर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सुप्रसिद्ध साहित्यकार और समाजसेवी डा अनिल सुलभ ने शुक्रवार को ज़िले के पिपराही बाजार थाना अंतर्गत अम्बा ओझा टोला गाँव में, पैर से लाचार युवक राजू ठाकुर को बैसाखी देकर पुनर्वासित किया। यह बैसाखी डा सुलभ के पटना स्थित इंडियन इंस्टिच्युट ऑफ हेल्थ एडुकेशन ऐंड रिसर्च, बेउर की ओर से प्रदान किया गया था। इस अवसर पर आयोजित एक संक्षिप्त समारोह को संबोधित करते हुए डा सुलभ ने कहा कि पटना स्थित उनके संस्थान में गूँगे-बहरों और सुनने-बोलने से संबंधित सभी बीमारियों का निःशुल्क उपचार किया जा रहा है। हकलाने-तुतलाने आदि बीमारियाँ पूरी तरह से ठीक की जा सकती हैं। नवजात-शिशुओं की जाँच कर के भी बताया जा सकता है कि शिशु सुन सकता है अथवा नहीं। जाँच के बाद उसे श्रवण-यंत्र लगाकार सुनने योग्य बनाया जा सकता है। अन्य तरह की विकलांगता का भी उनके संस्थान में उपचार होता है। इस अवसर पर, शिक्षाविद विद्यापति झा, पारसनाथ मिश्र, रणजीत मिश्र, अमरनाथ झा, विकास झा 'धिराज', अरुण कुमार झा, सुनील कुमार झा, मनोज कुमार झा, जीतेश चौधरी, विक्रम झा आदि प्रबुद्धजन आदि उपस्थित थे।



### नशीले पदार्थ के साथ युवक-युवती गिरफ्तार

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी रोकने को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) नेपाल को बड़ी सफलता मिली है। वीरगंज महानगरपालिका-16 स्थित भंसार मेनगेट क्षेत्र में नियमित जांच के दौरान एक युवक और युवती को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार, सीमा सुरक्षा गुल्म हेडक्वार्टर वीरगंज की



टीम ड्रग डिटेक्शन प्रशिक्षण प्राप्त खोजी कुत्ते के साथ जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान भारत से नेपाल प्रवेश कर रहे एक ऑटो में सवार दो लोग संदिग्ध पाए गए। तलाशी लेने पर उनके पास से करीब 5 ग्राम ब्राउन शुगर जैसा पदार्थ तथा 0.34 मिलीग्राम सफेद हेरोइन जैसा पदार्थ बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मकवानपुर जिले के हेटौंडा उपमहानगरपालिका-11 सिमलटार निवासी 20 वर्षीय सागर घिमिरे और 23 वर्षीय पूजा जिष्का के रूप में हुई है। बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर दोनों को आगे की जांच एवं कानूनी कार्रवाई के लिए वडा प्रहरी कार्यालय विर्ता को सौंप दिया गया है। सशस्त्र पुलिस बल नेपाल नं. 13 गण हेडक्वार्टर पर्सा ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए नियमित जांच अभियान लगातार जारी रहेगा।

### श्यामपुर गांव में घर में चोरी

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के श्यामपुर गांव में चोरी होने की खबर से ग्रामीण दहशत में, पुलिसिया कार्रवाई शुरू, थाना प्रभारी पूजा कुमारी ने बताया कि आवेदक के द्वारा आवेदन में बताया कि पन्द्रह हजार रुपए की चोरी की शिकायत की गई है पुलिस को भेजा गया है आवश्यक जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जायेगी, वहीं पिडित व्यक्ति इंद्रजित भगत ने सुबह में पत्रकारों को बताया की करीब एक लाख की चोरी हुई है चोर बिजली पोल पर चढ़कर छत के उपर चढकर घर में प्रवेश किया, घटना तीन बजे की संभावना जताई गई है,इस घटना से ग्राम वासी चिन्तित है।

### स्नातक तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा दूसरे दिन शांतिपूर्ण संपन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में स्नातक (सी.बी.सी.एस) तृतीय सेमेस्टर, सत्र 2024झ28 की परीक्षा दिनांक 8 मई 2026 से प्रारंभ है । मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी को एल. एन. डी कॉलेज, मोतिहारी और मोतिहारी डिग्री इवनिंग कॉलेज, मोतिहारी के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। दिनाँक- 09/05/2026 को परीक्षा के दूसरे दिन मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में मेजर ग्रुप-सी के अंतर्गत गणित, भौतिकी, हिंदी और मनोविज्ञान विषयों की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें कुल 1005 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में मेजर ग्रुप- डी के अंतर्गत जूलॉजी और इतिहास विषयों की परीक्षा हुई, जिसमें 623 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी ' परीक्षा कदाचार मुक्त, अनुशासित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा की शुचिता एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी प्रबंध किए गए थे। यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी के प्राचार्य प्रो. एम.एन.हक और परीक्षा नियंत्रक डॉ. मशहूर अहमद के हवाले से महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी।

### शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसंतपुर के प्रांगण में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य था हमारा बच्चा, हमारी जिम्मेदारी, इस अवसर पर विद्यालय में आए अभिभावकों का स्वागत किया गया साथ ही



उनके साथ विद्यालय के अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई जैसे नियमित और समय से विद्यालय भेजना, साफ सफाई का ध्यान रखना ,प्रतिदिन गृह कार्य और डायरी का निरीक्षण करना आदि , सबसे पहले प्रधान शिक्षिका श्रीमती मीना राय ने अभिभावकों को आज के थीम का महत्व बताया और विद्यालय के शिक्षक जितेंद्र ठाकुर ने उन पर प्रकाश डाला कि कैसे अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संबंध में स्थापित कर हम बच्चों का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं शिक्षक मनोज कुमार ने बच्चों नियमित और समय से विद्यालय भेजने पर जोर दिया, तथा प्रतिदिन विद्यालय के व्हाट्सएप ग्रुप को देखकर विद्यालय की गतिविधियों को ध्यान देना और सुझाव देने की सलाह दी, अभिभावकों ने भी अपनी समस्याएं रखी जिसे कुछ तो तुरंत समाधान किया गया कुछ आगे सुधार करने का वादा किया गया इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मिथिलेश कुमार ,यासमीन ,सनुबर रिजवाना, के साथ अभिभावक सूरज राय,मुन्ना कुमार,सगीर अंसारी, नजीर अंसारी , साबिर अंसारी, मनोज कुमार, रामबालक यादव आदि उपस्थित थे।

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर सीपीएस, छपरा के सभागार में इंडियन चेस्ट सोसाइटी के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज के बीच अस्थमा तथा अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिले के प्रसिद्ध वक्ष रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव रंजन सिंह थे। कार्यक्रम में सीपीएस समूह के अध्यक्ष डॉ. हरेंद्र सिंह ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अपने संबोधन में डॉ. राजीव रंजन सिंह ने अस्थमा से बचाव के उपायों और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर एवं कमरे में प्रतिदिन कम से कम तीन घंटे तक समुचित वायु संचार होना आवश्यक है। उन्होंने धूम्रपान से दूरी बनाने, प्रदूषण नियंत्रण तथा नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की आवश्यकता पर भी बल दिया। कार्यक्रम में कक्षा दसवीं और बारहवीं के सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# 1.82 करोड़ की लागत वाली तीन महत्वपूर्ण विकास योजनाओं की निविदा जारी : गरिमा

**नगर निगम क्षेत्र के अब तक उपेक्षित उत्तर पश्चिम क्षेत्र में आमजन को चालू वर्ष में ही मिलेगी सुसज्जित पार्क के साथ बहुउपयोगी सामुदायिक भवन की भी सुविधा**



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के झिलिया मुहल्ले में 1.82 करोड़ से अधिक की लागत वाली तीन महत्वपूर्ण विकास योजनाओं की निविदा जारी कर दी गई है। नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित के स्तर से जारी इस निविदा के तहत झिलिया क्षेत्र में 68.29 लाख से अधिक की लागत से एक बहुउपयोगी सामुदायिक भवन निर्माण के साथ 44.77 लाख एवं 69.41 लाख से अधिक की लागत से झिलिया पार्क निर्माण व सौंदर्यीकरण कार्य कराया जाएगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इन योजनाओं की स्वीकृति और निविदा भी जारी हो जाने से स्थानीय जनता में व्यापक उत्साह देखा जा रहा है, क्योंकि इससे नगर क्षेत्र में आम जनता जनार्दन के लिए बुनियादी शहरी सुविधाओं और सार्वजनिक संसाधनों का विस्तार होगा। महापौर ने बताया कि जारी संबंधित निविदा के क्रम संख्या -1 पर दर्ज झिलिया में अत्याधुनिक कम्युनिटी हॉल निर्माण कार्य कराया जाएगा। इस योजना की प्राक्कलित राशि 68 लाख 29 हजार 127 रुपये निर्धारित की गई है। निर्माण एजेंसी को छह माह में कार्य पूरा करना होगा। वहीं क्रम संख्या-2 में झिलिया स्थित पूर्व के बदहाल पार्क के सौंदर्यीकरण का कार्य शामिल किया गया है। इसके लिए 44 लाख 77 हजार 244 रुपये की प्राक्कलित राशि तय की गई है तथा कार्य अवधि तीन माह निर्धारित की गई है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इन दोनों योजनाओं के अलावा उसी निविदा में क्रम संख्या-3 के तहत झिलिया में ही एक नए मनोरम पार्क निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान करते हुए अब इसकी निविदा भी जारी कर दी गई है। नए पार्क निर्माण की इस योजना की अनुमानित लागत 69 लाख 41 हजार 674 रुपये रखी गई है और कार्य पूर्ण करने की समय सीमा छह माह तय की गई है। नगर निगम प्रशासन के निर्णय के अनुसार सभी निविदाएं ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आमंत्रित की गई हैं। निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि 8 जून 2026 निर्धारित की गई है, जबकि तकनीकी बीड 9 जून 2026 को खोली जाएगी। महापौर ने बताया कि नगर निगम प्रशासन की इस पहल से झिलिया क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों, हरित वातावरण और नागरिक सुविधाओं को नया आयाम मिलेगा। महापौर ने बताया इसको लेकर जारी निविदा में करीब पांच फीट ऊंचाई में मिट्टी भराई अतिरिक्त 750 फिट लंबी चहारदीवारी, गेट और में मुख्य सड़क से पार्क के गेट तक करीब 175 फिट लंबाई वाले पीसीसी संपर्क पथ का निर्माण कराया जाएगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने यह भी बताया पार्क की चहारदीवारी के अंदर डेढ़ हजार फीट लंबा वाकिंग ट्रैक के रूप में पेबर ब्लॉक के पाथवे का निर्माण, लाइट, पेड़ पौधे, गजीबो, समरसेबल, बेंच, झूले, गजीबो, गार्ड रूम इत्यादि निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही महापौर ने पार्क की जारी निविदा में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी की अपील की है।

## सुगम और पर्यावरणीय दृष्टि से बचाया जा सकता है 87 करोड़ प्रजातियों का जीवन : डॉ. अमित रंजन

**चकिया प्रखण्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालय भेरखिया में पर्यावरण की पाठशाला का हुआ आयोजन, लगाए गए पौधे**





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चकिया प्रखण्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालय भेरखिया में मोतिहारी वन प्रमंडल के सहयोग से नेत्रिका फाउंडेशन एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के बैनर तले पर्यावरण की पाठशाला सह पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के डॉ. डॉ अमित रंजन ने कहा कि आज के समय में ह्लब्रह्मा, विष्णु और महेशह्व के रूप में पेड़ और पौधे है, जो हमारी सृष्टि के पालनकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि 87 करोड़ जीवों की प्रजाति है जिनका जीवन जलवायु परिवर्तन के कारण संकट में है। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास और पर्यावरणीय दृष्टि से जीवों का जीवन बचाई जा सकती है। पर्यावरण कार्यकर्ता नीरज कुमार ने बच्चों के अधिकार और कर्तव्य से जोड़ कर प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग जरूरत भर ही करने पर प्रकाश डाला। पर्यावरणविद विनय कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण एक बड़ी चुनौती बन चुकी है।तापमान में वृद्धि ,एक साथ बाढ़ और सुखाड़ का होना, असमय वारिस, अति वृष्टि, अनावृष्टि आदि समस्यायें बढ़ती जा रही है। इस चुनौती को स्वीकार करने के लिए युवाओं को अधिक से अधिक पौधा लगाने और पेड़ बचाने के लिए आगे आने की जरूरत है।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक भाग्य नारायण यादव ने की। मौके पर बाली मांझी,खुशी कुमारी,राहुल मधेसिया,संजू यादव,किरण कुमारी,अरुण कुमार मौर्य, श्रुति कुमारी, एस. बिनी, दीपांशु कुमार श्रीवास्तव के साथ छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छात्र - छात्राओं ने अतिथियों के साथ पौधारोपण किया और लगाए गये पौधों की रक्षा का संकल्प लिए। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सुशान्त कुमार के साथ विद्यालय परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में सेंट जार्ज हाई स्कूल मोतिहारी विजयी

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय नेहरू स्टेडियम में चल रहे आशीर्वाद मेमोरियल इंटर स्कूल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के उदघाटन मुकाबले में सेंट जार्ज हाई स्कूल मोतिहारी ने द रॉयल इंटरनेशनल स्कूल सीवान को 6 विकेट से हरा दिया। मीडिया प्रभारी प्रीतेश रंजन ने जानकारी देते हुए बताया की ग्रुप ए के मुकाबले में टॉस जीतकर पहले खेलने उतरी द रॉयल इंटरनेशनल स्कूल की टीम राहुल के 32 व आयुष के 14 रन की पारी के बदौलत में 82/10 रन (18.3ओवर) का स्कोर बनाया।सेंट जार्ज हाई स्कूल के गेंदबाज शक्ति व सौरव ने 2-2 विकेट लिए।जवाब में सेंट जार्ज हाई स्कूल ने शहरयार के 23 व अमन के 19 रन के बदौलत 83/4 (12.5 ओवर) का स्कोर बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।द रॉयल इंटरनेशनल स्कूल के गेंदबाज उज्ज्वल ने 3 विकेट लिया।मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सेंट जार्ज हाई स्कूल के शक्ति को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।मैच में अम्पायर की भूमिका में बीसीए ग्रेड लेवल ए के वेदप्रकाश व मो. तैयब ने निभाया वही स्कोरर की भूमिका में अस्मित व आशिक रहे।कल सुबह-सत्र में द रॉयल इंटरनेशनल स्कूल सीवान की टीम द रेडिएंट पब्लिक स्कूल सुगौली के सामने होगी वही शाम के मुकाबले में इमैनुएल स्कूल की टीम के सामने डीएवी पब्लिक स्कूल मोतिहारी की टीम होगी। मौके पर मुख्य अतिथियों में अनिल वर्मा, सुशील कुमार, डॉ.अमित, डॉ. फैसल परवेज खान, महफूज रहमान खान, एडवोकेट कमलेश कुमार, मो.आलम,शाहिद हसन,सचिन सहनी, मो.रेयान इत्यादि की उपस्थिति रही।

## रक्सौल की पान मंडी में नकली तंबाकू उत्पादों पर बड़ी कार्रवाई, कारोबारी हिरासत में

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के बैंक रोड स्थित पान मंडी में नकली तंबाकू उत्पादों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई से कारोबारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस और कंपनी प्रतिनिधियों की संयुक्त छापेमारी में भारी मात्रा में कथित रूप से नकली ह्यतुलसी 00ह्न समेत अन्य उत्पाद बरामद किए गए। जब्त सामान को सीज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, रजनीगंधा और तुलसी ब्रांड का निर्माण करने वाली कंपनी धर्मपाल सत्यपाल लिमिटेड (डीएस ग्रुप) को रक्सौल में नकली उत्पादों की बिक्री की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद कंपनी के नोएडा कार्यालय से ब्रांड प्रोटेक्शन एवं विजिलेंस टीम के अधिकारी रक्सौल पहुंचे और पान मंडी की विभिन्न दुकानों से उत्पाद खरीदकर उसकी जांच कराई। जांच में उत्पाद नकली पाए जाने के बाद इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही प्रशिक्षु आईपीएस सह रक्सौल थानाध्यक्ष हेमंत कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पान मंडी में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान एक दुकान से ह्यतुलसी 00ह्न के 8 ग्राम वाले 663 पाउच, 50 ग्राम के टिन तथा साढ़े चार ग्राम वाले 72 पाउच जब्त किए गए। मामले में पान मंडी के एक थोक कारोबारी विनय कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि नकली उत्पादों की सप्लाई कहां से हो रही थी और इस धंधे में कौन-कौन लोग शामिल हैं। इस कार्रवाई के बाद पान मंडी समेत शहर के अन्य व्यापारिक इलाकों में भी नकली उत्पादों के कारोबार को लेकर चचाओं का बाजार गर्म हो गया है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे और भी कार्रवाई की जा सकती है।

## दाउदपुर में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना शिविर, 80 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने किया निरीक्षण, सुरक्षित मातृत्व के प्रति किया जागरूक**



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के मांझी प्रखंड क्षेत्र के दाउदपुर स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में शनिवार को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के क्षेत्रों से पहुंचीं करीब 80 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान महिलाओं के रक्तचाप, हीमोग्लोबिन तथा गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य की जांच की गई। साथ ही सुरक्षित मातृत्व, नियमित स्वास्थ्य जांच और पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। शिविर का निरीक्षण मांझी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रोहित कुमार ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं की जांच पूरी गंभीरता और सावधानीपूर्वक की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य जटिलता का समय रहते पता लगाया जा सके। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई, रजिस्टर संधारण और अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत प्रत्येक माह की 9 और 22 तारीख को विशेष जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिससे गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. अजय कुमार सोनी ने बताया कि शिविर में जांच के दौरान महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने और चिकित्सकीय सलाह का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जीएनएम नेहा कुमारी तथा एएनएम प्रिया कुमारी, पूजा कुमारी, मिन्नता कुमारी, काजल कुमारी, वनिता कुमारी, खुशबू कुमारी और सोनू कुमार समेत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती स्वाभिमान दिवस के रूप में मनी

**महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित करने की सरकार से उठी मांग**



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के विभिन्न स्थानों पर महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाई गई। इसी क्रम में मशरक प्रखंड के बंगरा पंचायत अंतर्गत चैनपुर गांव में भोजपुरी मंडल के तत्वावधान में महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती स्वाभिमान दिवस के रूप में समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी चन्द्रकेत नारायण सिंह ने की। समारोह का उद्घाटन समाजसेवी चन्द्रमा सिंह, पंचायत क्लब के सचिव दिनेश कुमार सिंह एवं डॉ. पीके परमार ने दीप प्रज्वलित कर तथा महाराणा प्रताप के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिंह कुशवाहा, जेपी सेनानी संघ के अध्यक्ष विक्रमा सिंह, डॉ. रविकांत, डॉ. पीके परमार, डॉ. सुधांशु, दिनेश कुमार सिंह, प्रो. शशिकांत, नित्यानंद मिश्रा, सुरेश सिंह, पप्पू यादव, पवन कुमार समेत अन्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए महाराणा प्रताप के साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति को प्रेरणास्रोत बताया। वक्ताओं ने कहा कि उनके विचारों को समाज में अपनाने और स्थापित करने की आवश्यकता है। समारोह में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर मशरक में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित करने की सरकार से मांग की गई।

## रासलीला के सातवे दिन भगवान श्री कृष्णा और सुदामा मैत्री मिलन हुआ मंचन, भाव विभोर हुए भक्तजन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ के हरला में चल रहे भव्य रासलीला महोत्सव के सातवें दिन बरसाने वृन्दावन से आये व्यास नन्दकिशोर के कलाकारों द्वारा सुदामा के जीवन चरित्र का बहुत ही बेहतरीन प्रस्तुतीकरण की गई, जिसने दर्शकों को भाव-विभोर करके रख दिया। सुदामा एक गरीब ब्राह्मण थे । उनका जीवन अत्यंत गरीबी में व्यतीत हो रहा था। उनकी पत्नी शुशीला उन्हें बार-बार उनके बचपन के परमप्रिय मित्र तथा द्वारका के राजा श्रीकृष्ण से मिलने के लिए प्रेरित करती थी। अंततः सुदामा श्रीकृष्ण से मिलने के लिए तैयार हो गए। सुदामा तथा श्रीकृष्ण सांदीपन मुनि के आश्रम में साथ-साथ शिक्षा ग्रहण किए थे। उसकी पत्नी द्वारिकाधीश को भेंट देने के लिए पड़ोसियों से थोड़े-से चावल मांगकर ले आईं। सुदामा बहुत से कष्ट झेल कर द्वारका पहुंचे। जैसे ही श्रीकृष्ण द्वारपाल से सुदामा का नाम सुने, वे नंगे पांव ही अपने परमप्रिय मित्र से भेंट करने के लिए दौड़ पड़े। दोनों का मिलन अद्भुत थे। प्रेम से एक-दूसरे से लिपट गए। दोनों के ही नेत्रों से झर-झर आंसू निकल रहे थे। चारो तरफ जयकारे होने लगे। द्वारिकाधीश ने उन्हें प्रेम से अपने महल में लाकर सिंहासन पर बैठाये। श्रीकृष्ण के नेत्रों से बहते आंसू ने सुदामा जी के चरण धो डाले। जब श्रीकृष्ण सुदामा से कुछ उपहार के बारे में पूछा तो सुदामा लज्जित हो गये । वे अपनी पोटली में रखे चावलों को निकालने में संकोच करने लगे।

## विरासत नहीं बल्कि सादगी,संस्कार एवं समर्पण से नई पहचान बना रहे निशांतः हिमराज राम

**नीतीश कुमार ने अपने नेतृत्व में बिहार को नई पहचान दी ● सुशासन, महिला सशक्तिकरण, जीविका, शिक्षा, सड़क, पुल, बिजली, पानी और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में जो ऐतिहासिक कार्य किए : निशांत**



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने सोशल मीडिया संवाद करते हुए कहा कि बिहार की राजनीति में आज एक ऐसा व्यक्तित्व उभरकर सामने आ रहा है जिसने अपनी पहचान विरासत से नहीं बल्कि संस्कार, सादगी और समर्पण से बनाई है। वह नाम है निशांत कुमार। नीतीश कुमार के पुत्र होने के बावजूद निशांत कुमार ने कभी भी पारिवारिक प्रभाव या राजनीतिक विरासत का प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने सादगी, संयम और सेवा के मार्ग को चुना है। यही कारण है कि आज वे समाज के हर वर्ग के बीच सम्मान और विश्वास का प्रतीक बनते जा रहे हैं। निशांत कुमार बार-बार यह कहते हैं कि उन्हें अपनी माता से संस्कार मिले हैं और अपने पिता के कार्यों पर गर्व है। यह केवल एक भावनात्मक वक्तव्य नहीं बल्कि उनके व्यक्तित्व और राजनीतिक सोच की गहराई को दशार्ता है। आज जब कई लोग अपनी राजनीतिक पहचान बनाने के लिए विरासत से दूरी बनाते हैं, वहीं निशांत कुमार अपने पिता के विकास कार्यों और जनसेवा की राजनीति को गर्व के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लेते दिखाई देते हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से यह संदेश दिया है कि अपराध, भ्रष्टाचार और समाज को बांटने वाली विचारधाराओं से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। यह केवल एक राजनीतिक बयान नहीं बल्कि बिहार के उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय करने वाला संकल्प है। नीतीश कुमार ने अपने नेतृत्व में बिहार को नई पहचान दी है। सुशासन, महिला सशक्तिकरण, जीविका, शिक्षा, सड़क, पुल, बिजली, पानी और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में जो ऐतिहासिक कार्य हुए हैं, उन्होंने बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। निशांत कुमार अब उसी विकास मॉडल और जनसेवा की भावना को आगे बढ़ाने के लिए जनता के बीच संवाद स्थापित कर रहे हैं। वे गांव-गांव जाकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों से मिल रहे हैं, उनकी समस्याओं को समझ रहे हैं और उनसे सीधा जुड़ाव बना रहे हैं। उनकी सद्भाव यात्रा ने जनता के बीच विश्वास और अपनत्व का वातावरण तैयार किया है। बुजुर्गों से आशीर्वाद लेना, महिलाओं की समस्याओं को सुनना, युवाओं से संवाद करना और कार्यकताओं से सीधे जुड़ना—इन सभी प्रयासों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे राजनीति को सेवा का माध्यम मानते हैं, न कि व्यक्तिगत लाभ का साधन। उनकी यात्राओं के दौरान जिस प्रकार जनता में उत्साह, ऊर्जा और भरोसा देखने को मिला है, वह इस बात का संकेत है कि बिहार की जनता उन्हें भविष्य की नई उम्मीद के रूप में देख रही है। लोगों का मानना है कि माननीय नीतीश कुमार जी की राजनीतिक विरासत, उनके विकासवादी विचार और जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने की क्षमता निशांत कुमार में मौजूद है।

कच्ची दरगाह में उमड़ा आस्था का सैलाबः

## हजरत मखदूम शाह शहाबुद्दीन पीर जगजोत का 781वां उर्स शुरू

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा नदी के पावन तट पर स्थित ऐतिहासिक कच्ची दरगाह में शनिवार से हजरत मखदूम शाह शहाबुद्दीन पीर जगजोत का 781वां दो दिवसीय सालाना उर्स अकीदत और उत्साह के साथ शुरू हो गया है. इस अवसर पर दरगाह परिसर "या पीर जगजोत" के नारों से गूंज उठा और हजारों की संख्या में श्रद्धालु अपनी हाजिरी लगाने पहुंच रहे हैं. कच्ची दरगाह की यह मजार सदियों से गंगा-जमुनी तहजीब और सांप्रदायिक सद्भाव का जीवंत प्रतीक रही है.शनिवार को उर्स की शुरूआत के मौके पर विभिन्न समुदायों के बीच आपसी भाईचारा देखने को मिला. इसी क्रम में मुन्ना मुश्ताक ,फिरोज अहमद और मोहम्मद कासिम सहित दो समुदायों के प्रमुख लोगों ने मजार शरीफ पर पवित्र चादरपोशी की और देश-दुनिया में शांति व अमन-चैन की दुआ मांगी.

# लोक अदालत में 335 वादों का किया गया निष्पादन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अनुमंडल व्यवहार न्यायालय दाउदनगर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। विकास कुमार-अनुमण्डलीय न्यायिक दंडाधिकारी, अनुराग गौरव- न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, करिश्मा कुमारी- न्यायकर्ता एवं निरंजन सिंह- अध्यक्ष व धर्मेंद्र कुमार, सचिव -विधिक संघ द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कई बैंक के पदाधिकारी भी शामिल रहे। एसडीजेएम ने कहा कि हम लोगों के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों का निपटारा तो किया ही गया, अगला राष्ट्रीय लोक अदालत में और सुलहनीय वादों का निष्पादन कराने हेतु लोगों को जागरूक किया जाएगा। सभी अधिवक्ताओं से अपील किया कि आगामी लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों के निष्पादन में सहयोग करें और अपने अपने मुवक्किलों को जागरूक करें। जिला विधिक सेवा प्राधिकर के द्वारा तीन बेंचों का गठन किया गया है। बेंच संख्या 12 में विकास कुमार अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी एवं अधिवक्ता धर्मवीर द्वारा 126 बीएनएसएस का 75 वाद एवं 163 बीएनएसएस का 17 वाद तथा आपराधिक मामलों के 65 वादों का निष्पादन किया गया। बेंच संख्या 13 में अनुराग गौरव न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी एवं अधिवक्ता दयानंद शर्मा द्वारा आपराधिक मामलों के कुल 40 वादों का निष्पादन किया गया। बेंच संख्या 14 में करिश्मा कुमारी एवं प्रेमचंद सिंह द्वारा सभी बैंको का कुल 138 वाद का निष्पादन करते हुए लगभग 71 लाख रुपये का सेटलमेंट किया गया। तीनो बेंचों को मिलाकर कुल 335 वादों निष्पादन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कई पुराने वादों तथा पति-पत्नी, देवर-भाभी, बाप-बेटे का भी वाद सुलह हो जाने के करण निष्पादन किया गया। बीएसएनएल एवं बैंक से संबंधित मामलों का भी निस्तारण किया गया।

# जनगणना के कार्य में अभिभावकों का सहयोग जरूरी

## पीएम श्री मध्य विद्यालय, कुटुंबा में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**अंबा (औरंगाबाद)।** जिला-शिक्षा विभाग के निदेशानुसार पीएमश्री मध्य विद्यालय कुटुंबा में शनिवार को अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई। 'हमारा बच्चा हमारी जिम्मेदारी' थीम पर आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर प्रसाद साहू ने किया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि बच्चों को विद्यालय नियमित रूप से भेजने और घर पर पढ़ने के लिए अनुकूल माहौल बनाने के उद्देश्य से ये संगोष्ठी आयोजित की गई है। अभिभावकों के साथ कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य है कि बच्चे आत्मविश्वास के साथ नियमित रूप से विद्यालय आएं और यहां आकर पढ़ना लिखना सीखें। प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों को विद्यालय नियमित रूप से भेजें। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता पर भी चर्चा की। अभिभावकों से आग्रह किया गया कि बच्चों को सुबह में नाश्ता कराने के बाद हीं विद्यालय भेजें। अभी भारतीय जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है। जनगणना के कार्य में सभी अभिभावकों को सहयोग करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि जिन बच्चों का आधार कार्ड में त्रुटि है उसे अद्यतन करा लें ताकि सभी बच्चों का अपार आईडी बनाया जा सके। अभिभावकों को जानकारी दी गई कि विद्यालय में कक्षावार व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा और उसमें अभिभावकों को जोड़ा जाएगा । इस व्हाट्सएप ग्रुप में बच्चों की प्रगति, उपलब्धि एवं शैक्षिक कार्यक्रम की जानकारी साझा की जाएगी। संगोष्ठी में अभिभावक गुड़िया देवी, सरस्वती देवी, लाल मुनी कुंवर, प्रमिला देवी, विमली देवी, शिव शंकर प्रसाद, राजू मेहता, अभिषेक सिंह, किरण देवी, मंटू पाल, सकरीता देवी, प्रभा देवी,संगीता देवी, सविता देवी, गायत्री देवी सहित कई अभिभावक उपस्थित हुए।

# बिना नंबर प्लेट ट्रैक्टरों से होता है अवैध कारोबार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद।** जिले में बिना नंबर प्लेट ट्रैक्टरों से अवैध कारोबार हो रहा है। जानकार सूत्रों का कहना है कि इसमें से कई ट्रैक्टरों का रजिस्ट्रेशन व इंश्योरेंस भी नहीं है। इन ट्रैक्टरों पर कोई रोक -टोक नहीं होता है और विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। परिवहन नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ग्रामीण इलाकों में बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के ट्रैक्टर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि दर्जनों ट्रैक्टरों और ट्रॉलियों पर कोई पंजीकरण नंबर अंकित नहीं है। नियमानुसार ट्रैक्टर और ट्रॉली दोनों का अलग-अलग नंबर होना अनिवार्य है। लेकिन यहां नियमों को ताक पर रखकर परिचालन किया जा रहा है। इन ट्रैक्टरों के जरिए क्षमता से अधिक बालू और गिट्टी की असुरक्षित तरीके से ढुलाई की जा रही है। इस पूरी लापरवाही का सबसे स्याह पहलू अवैध बालू परिवहन एवं हिट एंड रन की घटनाएं हैं। प्रबुद्ध नागरिकों का कहना है कि बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के ट्रैक्टर से अवैध बालू की ढुलाई की जा रही है। साथ ही यदि कोई ट्रैक्टर किसी राहगीर को टक्कर मारकर भाग जाता है, तो बिना नंबर प्लेट के उस वाहन की पहचान कर पाना पूरी तरह नामुमकिन हो जाता है। ऐसी स्थिति में पुलिस के लिए भी दुर्घटनाकारी वाहन को पकड़ना बेहद मुश्किल होता है, जिससे दोषी साफ बच निकलते हैं और पीड़ित परिवार इंसाफ के लिए भटकता रह जाता है। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन और परिवहन विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। सड़कों पर बिना नंबर के दौड़ते ये वाहन न सिर्फ आम लोगों की सुरक्षा के लिहाज से खतरनाक हैं, बल्कि इससे सरकार को मिलने वाले राजस्व को भी भारी चूना लग रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बिना नंबर के चल रहे वाहनों के खिलाफ जल्द से जल्द एक विशेष जांच अभियान चलाकर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में होने वाले हादसों पर लगाम लगाई जा सके। इस संबध में जिला परिवहन पदाधिकारी को फोन से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। इसलिए उनका पक्ष नहीं रखा जा सका।

# सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबा थाना क्षेत्र के बाबू चिल्हकी गांव के समीप शनिवार की सुबह एन एच 139 सड़क पर एक बाइक सवार को भारी वाहन ने टक्कर दे दी जिससे वह टेंपो में जा टकराया। टेंपो में टकराने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के एरका बिगहा गांव निवासी नरेश मेहता का पुत्र 35 वर्षीय धनंजय कुमार मेहता बताया गया है। मौके पर वहां के लोगों ने 112 टीम को पुलिस को सूचना दी। सूचना पर अंबा थाना की 112 की टीम के अधिकारी पारसनाथ सिंह व सुरक्षा कर्मी घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज हेतु रेफरल अस्पताल कुटुंबा भेजा। रेफरल अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया।

# हथियार के बल पर युवक का अपहरण

**अंबा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के सैदपुर नौघरा गांव निवासी विष्णु पासवान ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया है कि 3 मई को वे अपने मित्र आकाश कुमार (पिता–प्रमोद पासवान) के साथ घरेलू सामान खरीदने कुटुंबा जा रहे थे। विष्णु पासवान के अनुसार, कासीमपुर के पास पहुंचते ही अनकुपा, करमडीह और चौखरा गांव के 15–20 लोग हथियार के साथ घात लगाए बैठे थे। आरोप है कि बदमाशों ने उनकी बाइक जबरन रोक ली। इस दौरान चौखरा निवासी गोलू सिंह ने बाइक की चाबी निकाल ली और पिस्तौल कनपटी पर सटाकर जातिसूचक गालियां दीं। आवेदक का कहना है कि इसके बाद अंकित सिंह, चाहत सिंह, रोहित सिंह, सत्यम सिंह, विशाल सिंह और बिगरू सिंह समेत अन्य लोगों ने दोनों को जबरन चारपहिया वाहन में बैठाकर आंखों पर पट्टी बांध दी। आरोपियों ने उन्हें सुनसान स्थान पर ले जाकर आम के पेड़ से बांध दिया और लोहे की रॉड व डंडों से बेरहमी से पिटाई की। मारपीट के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए और किसी को घटना की जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# बहुद्देशीय भवन में संकुल संचालक, समन्वयक एवं विद्यालय प्रधान के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**अंबा (औरंगाबाद)।** शिक्षा विभाग के बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) कार्यक्रम अंतर्गत कुटुम्बा प्रखंड कार्यालय,अंबा स्थित बहुउद्देश्यीय भवन में संकुल संचालक, संकुल समन्वयक एवं विद्यालय प्रधान की एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के राकेश कुमार गुप्ता और शिक्षक डॉ राजीव रंजन सिंह ने कक्षा 4, 5 एवं 6 के बच्चों के लिए बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान से जुड़ी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। ये अभियान चार चरणों में सम्पन्न किया जाना है।

प्रत्येक कार्य दिवस को पहली और दूसरी घण्टी में हिंदी सिखाया जाना है। भाषा और गणित के मैन्यूअल पर चर्चा की गई। बार कोड के माध्यम से बच्चों को कहानी और बारहखड़ी सिखाना और इससे जुड़ी गतिविधियां संचालित की जानी है। समर कैंप के लिए प्रत्येक मिडिल स्कूल से दो वीटी का चयन कर संकुल को सूची उपलब्ध करानी है। खेल गतिविधि पर चर्चा की गई और बार कोड से डेमो कर के दिखाया गया। कार्यशाला में 'असर टेस्टिंग टूल' पर चर्चा की गई। एफ एल एन किट का उपयोग स्तर अनुसार कैसे किया जाये उसे भी बताया गया। कार्यशाला में संकुल संचालक, समन्वयक, विद्यालय प्रधान के साथ लेखापाल अविनाश कुमार, विकास कुमार विश्वास, विपिन कुमार, नीरज कुमार पांडेय, दिनेश राम आदि उपस्थित थे।

# सलेमपुर नहर पुल बना हादसों का 'मौत का कुआं', चौड़ीकरण नहीं होने से बढ़ी चिंता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा–पचरुखिया मुख्य सड़क पर स्थित सलेमपुर नहर पुल इन दिनों गंभीर दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है। तीखे मोड़ पर बना यह पुल मात्र 10 फीट चौड़ा है, जिस पर एक समय में मुश्किल से एक ही वाहन गुजर पाता है। यही कारण है कि स्थानीय लोग इसे 'मौत का कुआं' तक कहने लगे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, पुल की संकीर्णता और खतरनाक मोड़ के कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थिति यह है कि पुल के दोनों ओर सड़क से 3–4 फीट का गैप है, जिससे वाहन सीधे नहर में गिर जाते हैं। रात और शाम के समय यह खतरा और बढ़ जाता है, क्योंकि गैप साफ दिखाई नहीं देता। हाल ही में रांची से आ रहा एक परिवार ऑल्टो कार समेत नहर में गिर गया था। हालांकि संयोगवश नहर में पानी नहीं होने के कारण चारों लोग बाल-बाल बच गए। इससे पहले अरवल जिले के केयाल गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार भी बाइक समेत नहर में गिर चुके हैं, जिन्हें ग्रामीणों ने बचाया था। वहीं, मैट्रिक परीक्षा के दौरान बढ़े यातायात के बीच कई छात्र भी हादसे से बचते-बचते रहे। ग्रामीण बताते हैं कि हसपुरा–पचरुखिया सड़क का चौड़ीकरण करीब 10 वर्ष पहले ही हो चुका है, लेकिन पुल आज तक संकरा ही है। विभाग द्वारा केवल इंडिकेटर लगाकर औपचारिकता पूरी कर ली गई है। पुल के चौड़ीकरण को लेकर ग्रामीण कई बार आवाज उठा चुके हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी लोगों ने वोट बहिष्कार का ऐलान कर पुल के पास बैनर लगाया था। तब जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीण मतदान के लिए तैयार हुए थे। लेकिन चुनाव के चार साल बाद भी कोई पहल नहीं होने से लोगों में आक्रोश है। ग्रामीण नागेंद्र पासवान, दुधेश्वर पासवान, बल्केश्वर पासवान, राजेंद्र राजबंशी, हारून खान, एनामुल खान और बबन पासवान का कहना है कि प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। उन्होंने अविलंब पुल के चौड़ीकरण की मांग की है, ताकि संभावित हादसों को रोका जा सके।

# बिजली चोरी मामले में कनीय विद्युत अभियंता ने दर्ज कराई प्राथमिकी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**अंबा (औरंगाबाद)।** बिजली चोरी मामले में आवश्यक निरीक्षण कर रहे कनीय विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा कुटुंबा प्रिय कंचन कुमार निराला, कर्मचारी कमलेश राम दक्ष खलासी, ओम प्रकाश यादव मानव बल के साथ बिजली चोरी के विरुद्ध छापामारी की। उन्होंने बताया कि कुटुंबा थाना क्षेत्र के महाराजगंज देवी मंदिर के समीप जीवन प्रसाद जायसवाल, सोफा निर्माता दुकान में गैर घरेलू परिसर में छापेमारी की गई तो पाया गया कि बिना किसी वैध विद्युत संबंध के एलटी केबल में टोका फंसाकर अवैध रूप से बिजली की चोरी कर रहे हैं। उक्त व्यक्ति का घरेलू परिसर का विद्युत भार 1197 वॉट पाया गया। बिना बिजली कनेक्शन लिए बिजली का उपयोग करने से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड पटना को 137251 रुपए का राजस्व की क्षति हुई है। उन्होंने बताया कि जांच दल को किसी प्रकार का वैध विद्युत संबंध से संबंधित दस्तावेज उन्होंने नहीं उपलब्ध कराया। विद्युत अभियंता ने थानाध्यक्ष से कहा कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं अन्य सुसंगत धाराओं में उक्त व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए उचित कार्रवाई की जाए। इस संबंध में कुटुंबा थाना पुलिस ने कांड संख्या 70 /26 दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# दो बाइकों की टक्कर में मां-बेटा व देवर सहित पांच लोग गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**औरंगाबाद।** तेज रफ्तार अनियंत्रित दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में एक बाइक पर सवार मां-बेटा व देवर सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना कुटुंबा थाना क्षेत्र के कुटुंबा थाना मोड़ के समीप की है।

घायलों में थाना क्षेत्र के ही बहुआरा गांव निवासी मिथिलेश राम की 25 वर्षीय पत्नी इंदु देवी, गोविंद राम के 25 वर्षीय पुत्र निर्भय कुमार, शिव शंकर राम के 18 वर्षीय पुत्र इंदल कुमार, छह वर्षीय पुत्र सार्थक कुमार व मिथिलेश राम के एक वर्षीय पुत्र कौशल कुमार शामिल हैं। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया की घायल महिला इंदु देवी का मायका मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तिताई बिगहा गांव में है। कुछ दिन पूर्व वह अपने ससुराल से मायके आयी थी। शनिवार की दोपहर इंदु देवी का देवर निर्भय उसे मायके से ससुराल ले जाने के लिए तिताई बिगहा गांव गया था। इसके बाद निर्भय सभी को एक ही बाइक पर बैठाकर बहुआरा गांव के लिए निकल पड़ा। इस दौरान बाइक पर पांच लोग सवार थे, हालांकि परिजनों ने एक बाइक पर पांच लोगों को जाने से मना भी किया था। इसके बावजूद भी निर्भय सभी को बाइक से ही लेकर निकल पड़ा, जैसे ही उस जगह पहुंचा, तभी नवीनगर की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि एक ही बाइक पर सवार पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दूसरा बाइक सवार बाइक लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए रेफरल अस्पताल कुटुंबा पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने इंदु देवी की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल निर्भय, इंदल, सार्थक व कौशल का इलाज सदर अस्पताल में ही किया जा रहा है। इधर घटना की सूचना पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और सभी घायलों का हाल जाना। इसके बाद गंभीर रूप से घायल महिला इंदु देवी को बेहतर इलाज हेतु गोपाल नारायण सिंह मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल जमुहार लेकर चले गए। थानाध्यक्ष मो. इमरान आलम ने बताया की घटना की जानकारी मिली है। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दोनों ओर से प्राथमिकी, 17 नामजद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के चरकावां निचलीडीह ठाकुरबाड़ी में बरात के दौरान दो पक्षों में मारपीट हुई। मामले में दोनों पक्षों से कुल 17 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम पक्ष विक्कु कुमार ने आवेदन देकर आरोप लगाया है कि गांव में बारात के दौरान 5 मई 2026 को अंकित कुमार, अकाश कुमार, विकास कुमार, बंटी कुमार, करण कुमार, महेश कुमार, प्रिंस कुमार सहित 11 नामजद आरोपी एवं कुछ अज्ञात लोगों द्वारा स्टेज पर नाच नहीं करने पर गाली-गलौज एवं मारपीट की गई। आरोप है कि लाठी-डंडे से हमला कर कई लोगों को घायल कर दिया गया। घायल लोगों का इलाज स्थानीय अस्पताल कराया गया। आवेदन में नकदी एवं आभूषण छीनने का भी आरोप लगाया गया है।

वहीं दूसरे पक्ष के अंकित कुमार ने भी थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि बारात के दौरान विवाद हुआ, जिसके बाद उनके साथ मारपीट की गई तथा वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष के मिथुन दास, रंजन दास, राजकुमार मेहता सहित छह लोगों ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया। रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि पुलिस को दिए गए आवेदन के आधार पर दोनों पक्षों से प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में कुल 17 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# श्री श्री रुद्र चंडी महायज्ञ को ले निकली भव्य कलश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**औरंगाबाद।** भक्ति, आस्था और सनातन संस्कृति के अद्भुत संगम के बीच क्षेत्र में श्री श्री रुद्र चंडी महायज्ञ का भव्य शुभारंभ किया गया। कामख्या साधक यज्ञाचार्य राकेश महाराज के सानिध्य में निकली विशाल कलश यात्रा ने पूरा माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी देखने को मिली। कलश यात्रा शक्ति धाम देवी पोखर जयप्रकाश नगर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ हुई। यात्रा गाजे-बाजे और जयघोष के बीच रमेश चौक होते हुए अंबा दोमुहान पहुंची, जहां श्रद्धालुओं द्वारा जल भरने की रस्म पूरी की गई। इस क्रम में पूरा क्षेत्र जय श्री राम और हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा। कलश यात्रा में सैंकड़ों की संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लेकर शामिल हुई। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाएं भक्ति गीतों पर झूमती नजर आई। वहीं पुरुष श्रद्धालु भी पूरे उत्साह के साथ यात्रा में शामिल रहे। जगह-जगह स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया और यात्रा की भव्यता में चार चांद लगा दिए। महायज्ञ स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रंग-बिरंगी रोशनी, धार्मिक झांकियां और भव्य पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और पूजा-अर्चना के साथ महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ किया गया। वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत दिखाई दिया। इस मौके पर यज्ञाचार्य राकेश जी महाराज ने कहा कि रुद्र चंडी महायज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में सुख, शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देने का माध्यम है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की। आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। सुरक्षा, पेयजल, प्रसाद वितरण और बैठने की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है। फिलहाल यह भव्य धार्मिक आयोजन पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

# रफीगंज अंचल कार्यालय में लगा जनता दरबार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को भूमि विवाद मामलों के निष्पादन को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह की देखरेख में लगाया गया, जिसमें भूमि संबंधी विवादों की सुनवाई की गई। जनता दरबार में कुल 9 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 7 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष 2 मामलों में सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई। अंचलाधिकारी ने बताया कि भूमि विवाद मामलों को त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से नियमित रूप से जनता दरबार लगाया जा रहा है।

जानकारी दी गई कि पूर्व में रफीगंज थाना, पौथू थाना एवं कासमा थाना में अलग-अलग जनता दरबार आयोजित किया जाता था, लेकिन अब प्रत्येक शनिवार को रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में ही पूरे प्रखंड के भूमि विवाद मामलों की सुनवाई की जाएगी। इस दौरान रफीगंज थाना के एसआई आकाश कुमार, कासमा थाना के एएसआई नवीन कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# शोभा यात्रा के साथ रोहिदास खाप गांव में यज्ञ हेतु की गई जलभरी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड के सूही टोले रोहिदास खाप गांव के नवनिर्मित मंदिर में भगवान शिव-पार्वती, कार्तिकेय, गणेश जी एवं बजरंग बली की प्राण-प्रतिष्ठा को ले भव्य शोभायात्रा शनिवार को निकाली गई। धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन को ले बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा के साथ हीं प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आगाज हो गया।

छरहरी के दौरान यज्ञाचार्य समेत अनेक विद्वान आचार्य मौजूद रहे। आचार्यों में राधेकृष्ण पांडेय, भरत मिश्र, कंचन पांडेय, सौरभ शास्त्री, सत्यम शास्त्री, सचिन शास्त्री, सूरज शास्त्री आदि ने मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं को कलश में जलभरी कराए।

इस दौरान आयोजक सुखदेव यादव, ग्रामीण रामचंद्र यादव, ब्रह्मदेव यादव, ललन यादव, देवरिया गांव के उमेश यादव, सूही मुखिया मंजीत कुमार यादव, अजीत कुमार, विनय सिंह, कौशल कुमार, ललन सिंह समेत सूही खपिया रोहिदासखाप गांव के श्रद्धालु शामिल हुए। यज्ञ स्थल रोहिदास खाप से जलयात्रा शुरू हो कर ओरडीह शिवपुर होते हुए पाढी गांव के सरोवर से श्रद्धालुओं ने जलभरी की। शोभायात्रा में पूर्व मुखिया धनंजय कुमार सिंह उर्फ छप्पन सिंह, खैरा गांव निवासी श्यामजी पांडेय द्वारा शिवपुर में श्रद्धालुओं के लिए सर्बत पानी की व्यवस्था कराई गई थी। जल यात्रा के बाद मंडप प्रवेश व पंचांग पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया जाना है। कल से विधि अधिवास शुरू होगा। 12 मई को देव दर्शन हेतु नगर भ्रमण 13 मई को प्राण प्रतिष्ठा व पूर्णाहुति हवन पूजन व विसर्जन किया जाएगा। 14 मई को महा भंडारा का आयोजन होगा।आयोजक मंडल के अध्यक्ष सुखदेव यादव ने बताया की आचार्य भरत मिश्र व आचार्य राधे कृष्ण पांडेय के सानिध्य में यज्ञीय अनुष्ठान संपन्न होगा। आयोजको ने बताया कि प्रतिदिन संध्या में श्री अयोध्या धाम के विद्वान कथावाचक नीरज शास्त्री सहित अन्य विद्वतजन प्रवचन करेंगे।

# ऊर्जा सचिव ने किया विद्युत शक्ति उपकेंद्र का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर**। शनिवार को ऊर्जा सचिव सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह द्वारा जिले का क्षेत्र भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने जिले के 220/132/33 केवी ग्रिड सबस्टेशन एवं 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र जीरो माइल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, उपकरणों के रख-रखाव, सुरक्षा मानकों तथा संचालन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ऊर्जा सचिव द्वारा विद्युत अवसंरचना को सुदृढ़ बनाए रखने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने हेतु नियमित अनुरक्षण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने ग्रिड एवं विद्युत उपकेंद्रों के संचालन से संबंधित तकनीकी पहलुओं की भी जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने पर बल दिया।

इसके उपरांत समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की उपस्थिति में विद्युत विभाग के सभी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एचटी नए विद्युत संबंध, विद्युत आपूर्ति की स्थिति, कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के छतों पर सोलर पैनल स्थापना, राजस्व संग्रहण तथा विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान ऊर्जा सचिव ने राजस्व वसूली में तेजी लाने, लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने तथा विद्युत चोरी के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान करने एवं विद्युत सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने पर विशेष बल दिया गया।बैठक में महाप्रबंधक (राजस्व), मुख्य अभियंता (वाणिज्य), विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्यपालक अभियंता बेगूसराय, बरौनी एवं खगड़िया सहित विद्युत विभाग के सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लू से बचने के सिखाये गए गुर

नावकोठी। गर्मी में लू का खतरा रहता है। वह भी खासकर दोपहर से चार बजे के बीच जब सूर्यातप अधिक रहता है। इसलिए भीषण गर्मी में लू से बचने के लिए दोपहर 12 से 4 बजे के बीच घर से बाहर न निकलें। ये बातें प्रधानाध्यापक सह पूर्व डीडीओ राजेश कुमार ने सुरक्षित शनिवार को आपदा के संबंध में बच्चों को जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में शरीर में पानी की कमी हो जाती है। शरीर का तापमान 104 डिग्री फारेनहाइट तक हो जाता है। इस अवस्था में बेहोशी आ जाती है। व्यक्ति कोमा में चला जाता है। मांस पेशियों में ऐंठन और शरीर में कमजोरी आ जाती है। यदि समय पर इलाज नहीं हो तो किडनी,लीवर या हृदय काम करना बंद कर देता है। यहां तक कि मौत हो सकती है। इससे बचाव के लिए पर्याप्त पानी,ओ आर एस या छाछ पीने की सलाह दी। गर्मी में हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने,सिर ढककर रखने, प्याज का सेवन करेने और खाली पेट बाहर न जाने की भी बात कही। चाय, कॉफी या शराब का सेवन न करें, इससे डिहाइड्रेशन बढ़ता है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय चक्का, सैदपुर विष्णुपुर, चकमुजफ्फर, हसनपुर बागर, अकहा ररिऔना,

# जॉब कैम्प में 67 लोगों का हुआ चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर**। युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत जिला नियोजनालय में शनिवार को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कैंप में निजी कंपनी नव भारत फर्टिलाइजर एवं सीआईपीएटी के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कैंप में कंपनी के प्रतिनिधि गोपाल कृष्णा एवं इमो थियम द्वारा उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य से संबंधित वेतन एवं भत्ते, कार्यस्थल, कार्य प्रकृति तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराई गई 75 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 216 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जिनमें साक्षात्कारोपरांत 67 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेश ने उपस्थित बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार संबंधी मार्गदर्शन देते हुए बताया कि जिला नियोजनालय द्वारा जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में प्रत्येक माह जॉब कैंप का आयोजन किया जाता है। इन कैंपों में बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है, जिसकी सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है।उन्होंने यह भी बताया कि जिले के वैसे अभ्यर्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, वे जिला नियोजनालय में संचालित पुस्तकालय की निःशुल्क सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। नेशनल करियर सर्विस द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं एवं उसके उपयोग के संबंध में कर्मी राहुल कुमार एवं यंग प्रोफेशनल पंकज कुमार द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।इस अवसर पर जिला कौशल प्रबंधक विंध्याचल कुमार एवं प्रेम प्रकाश सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# कटा पैर ले स्टेशन पर तड़पता रहा यात्री

## पौने घंटे बाद पहुंची रेल एंबुलेंस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमालपुर(मुंगेर)** । जमालपुर-भागलपुर और जमालपुर-किऊल रेलखंड पर शनिवार को ट्रेन से उतरने के दौरान हुए दो अलग-अलग घटना में दो यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनमें एक यात्री का पैर ट्रेन की चपेट में आने से कट गया।जबकि दूसरा युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। सबसे दर्दनाक स्थिति तब दिखी जब घायल यात्री कटे पैर के साथ जमालपुर स्टेशन पर स्ट्रेचर पर तड़पता रहा और रेल एंबुलेंस करीब पौने घंटे की देरी से पहुंची। पहली घटना जमालपुर-रतनपुर रेलखंड के बीच 212 नंबर रेलवे पुल आशिकपुर के पास हुई। यहां भागलपुर से आ रही मालदा-नई दिल्ली एक्सप्रेस से उतरने के दौरान नया रामनगर निवासी नवल किशोर के पुत्र गुलशन कुमार का पैर फिसल गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन और स्थानीय लोग उसे निजी अस्पताल ले गए। वहीं दूसरी घटना उरैन स्टेशन के पास हुई, जहां भागलपुर के नाथनगर निवासी छत्तीस मंडल अपने रिश्तेदार को छोड़ने आए थे। जमालपुर-किऊल डेमू पैसेंजर से उतरने के दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गए और उनका बायां पैर पहिए के नीचे आ गया। घटना के बाद यात्रियों और परिजनों ने किसी तरह घायल को ट्रेन से जमालपुर स्टेशन पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी थानाध्यक्ष स्वराज कुमार, आरपीएफ इंस्पेक्टर राजीव नयन और स्टेशन अधीक्षक दीपक कुमार मौके पर पहुंचे। रेल चिकित्सक समय पर पहुंच गए, लेकिन एंबुलेंस आने में करीब 45 मिनट लग गए।

# डीएवी पब्लिक स्कूल जमालपुर में मदर्स डे समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमालपुर(मुंगेर)** । डीएवी पब्लिक स्कूल जमालपुर के प्रांगण में शनिवार को मातृत्व, प्रेम और सम्मान को समर्पित ह्लमदर्स डे समारोहह्व का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं के प्रति सम्मान प्रकट करना तथा उनके त्याग, समर्पण और स्नेह को समाज के समक्ष रेखांकित करना था।

विद्यालय परिसर में आयोजित इस समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की।कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित सभी माताओं के प्रति अपना प्रेम और सम्मान व्यक्त किया।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गीत, कविता एवं लघु नाटिका ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति भावनात्मक संदेश भी साझा किए, जिसे सुनकर कई अभिभावक भावुक हो उठे।इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या लक्ष्मी रथ ने अपने संबोधन




में कहा कि माँ केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि बच्चों के संस्कार, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व निर्माण की प्रथम गुरु भी होती हैं। उन्होंने कहा कि माताओं का योगदान समाज और राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा उनके सम्मान के बिना किसी भी सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती।

समारोह की मुख्य अतिथि नगर परिषद, जमालपुर की अध्यक्षा पार्वती देवी ने अपने संबोधन में मातृत्व को ईश्वर का सर्वोत्तम उपहार बताते हुए कहा कि माँ का स्नेह जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने विद्यालय द्वारा इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं सामाजिक मूल्यों से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन की सराहना की।विशिष्ट अतिथि एवं लायंस क्लब की अध्यक्ष रजनी कुमार ने बच्चों को अपनी माताओं का सदैव सम्मान करने तथा उनके त्याग को समझने की प्रेरणा दी।समारोह के अंत में सभी माताओं को सम्मानित किया गया तथा विद्यालय परिवार की ओर से उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। पूरे कार्यक्रम का वातावरण प्रेम, स्नेह और भावनात्मक जुड़ाव से ओत-प्रोत रहा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं से समाज रखती है बड़ी अपेक्षा : भिखूभाई दलसानिया

## दो दिवसीय पंडित दीनदयाल महा प्रशिक्षण शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी**। भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान का जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन नावकोठी स्थित द्वारिका पैलेस में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री सह सांसद गिरिराज सिंह, भाजपा संगठन महामंत्री भिखूभाई दलसानिया ,भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा, बछवाड़ा विधायक सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सुरेंद्र मेहता, तेघरा विधायक रजनीश कुमार, बेगूसराय सदर विधायक कुंदन कुमार, एमएलसी सर्वेश कुमार, पूर्व मंत्री अशोक महतो, पूर्व विधायक श्री कृष्णा सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान सहित अन्य ने दीप प्रज्वलित कर एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। प्रशिक्षण अभियान का प्रथम सत्र केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने लिया ।अपने सत्र के दौरान गिरिराज सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ कार्य करने वाला संगठन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, मजदूर, महिला एवं युवाओं के कल्याण हेतु अनेक ऐतिहासिक योजनाओं को धरातल पर उतारा है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, हर घर जल, किसान सम्मान निधि, जनधन योजना एवं मुफ्त राशन जैसी योजनाओं ने देश के करोड़ों गरीब परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। गिरिराज सिंह ने कहा कि इन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में भाजपा संगठन एवं कार्यकताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय सत्र में संगठन महामंत्री भीखु भाई दलसानिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता केवल राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सजग प्रहरी होता है। भाजपा की ताकत उसके समर्पित एवं संस्कारित कार्यकर्ता हैं, जो सेवा, संगठन और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करते हैं।उन्होंने कहा कि कार्यकताओं का निरंतर वैचारिक एवं व्यक्तिगत विकास संगठन की प्राथमिकता है। एक भाजपा कार्यकर्ता को अपने व्यवहार, अनुशासन, सेवा भावना एवं आचरण से समाज में सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन में पद से अधिक महत्वपूर्ण कार्यकर्ता का चरित्र और समर्पण होता है।उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र ह्लसेवा ही संगठनह्व है और इसी भावना के साथ प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, सामाजिक समरसता बढ़ाने एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। प्रशिक्षण में भाजपा नेता कृष्णमोहन पप्पू, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय कुमार ,किसान मोर्चा के महामंत्री नवीन कुमार,भाजपा नेता निरंजन सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार, विकास कुमार, मृत्युंजय कुमार वीरेश ,सुमित सनी, सुनील कुमार मुन्ना, राकेश रोशन ,बेबी रजक,जिला मंत्री शुभम कुमार ,पल्लवी कुशवाहा,पुष्पा राम,रेखा राम, शालिनी देवी, आभा सिंह,ऋचा सिंह,कामिनी कंचन, सहित 250 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता प्रशिक्षण अभियान में शामिल हुए।

# कोलकाता में जमालपुर कारखाना के 5 रेलकर्मी हुए सम्मानित

## 92 उत्कृष्ट रेलकर्मियों को मिला विशेष सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमालपुर(मुंगेर)**। रेलवे महिला कल्याण संगठन (इरवो) की ओर से कोलकाता में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में रेलवे के उत्कृष्ट और समर्पित कर्मचारियों को उनके कार्यों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में पूर्व रेलवे के विभिन्न मंडलों एवं कार्यशालाओं से चयनित कुल 92 रेलकर्मियों को विशेष मे-डे सम्मान प्रदान किया गया। इसमें जमालपुर रेल इंजन कारखाना के पांच कर्मियों ने भी अपनी उत्कृष्ट सेवा और कार्यकुशलता के दम पर सम्मान हासिल कर लौहनगरी का गौरव बढ़ाया। जमालपुर कारखाना के पांच कर्मचारियों को सम्मानित किया गया जिसमें रामनाथ ठाकुर, अर्धेंदू भूषण, पूनम देवी, तुरणती दास एवं एजिजाबेथ टॉप्पो शामिल हैं। इन सभी को रेलवे में सुरक्षित और सुचारू ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करने, कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट सेवा भावना के लिए प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। जमालपुर वर्कशॉप के सीडब्लूएम विनय कुमार वर्णवाल ने सभी सम्मानित रेलकर्मियों को बधाई दी, तथा उनकी मंगल कामनाएं की। कार्यक्रम में इरवो अध्यक्षा सीमा देऊस्कर ने सभी सम्मानित कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि रेलवे जैसी विशाल व्यवस्था को गति देने में कर्मचारियों की भूमिका सबसे अहम होती है। समर्पण, अनुशासन और टीम वर्क के बिना रेलवे की सफलता संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि श्रमिक ही किसी भी संगठन की रीढ़ होते हैं और उनके योगदान को सम्मान देना समाज और संस्था दोनों की जिम्मेदारी है। समारोह के दौरान श्रमिकों के सम्मान में कई प्रेरणादायक वक्तव्य भी दिए गए। वक्ताओं ने कहा कि रेलवे कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करते हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 79 मामले हुए निष्पादित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी**। बखरी में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 79 मामले का निष्पादन किया गया। जिसमें एसीजेएम कोर्ट मे 24 एवं जेएम फर्स्ट क्लास कोर्ट मे 17 वाद तथा अनुमंडल दंडाधिकारी न्यायालय में 38 वाद निष्पादित किये गये। इस लोक अदालत के पीठासीन पदाधिकारी एसीजेएम मनोज कुमार सिंह, पीठ के सदस्य के रूप में अधिवक्ता राजकुमार उपस्थित थे।



लोक अदालत की कार्यवाही के दौरान पेशकार वीरेश सिन्हा द्वारा अभिलेख प्रस्तुत किया गया । न्यायिक पदाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से वर्षों से लंबित मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निष्पादन किया जाता है, जिससे समय, धन और श्रम की बचत होती है। लोक अदालत में किसी भी प्रकार की औपचारिक जटिलताएं नहीं होतीं और यहां दिया गया निर्णय दोनों पक्षों की सहमति से होता है, जो अंतिम एवं बाध्यकारी होता है। इससे आपसी सौहार्द बना रहता है और लंबे समय तक चलने वाले न्यायिक विवादों से राहत मिलती है। वही फर्स्ट क्लास मजिस्ट्रेट आदित्य आनंद एवं अभियोजन पदाधिकारी मयंक श्रीवास्तव ने कहा कि लोक अदालत में केस निपटारे से किसी का हार जीत नहीं होता है, समाज में शांति व्यवस्था कायम होती है। मौके पर अधिवक्ता गौरव कुमार,संजीव कुमार, कपिल देव साहु, पेशकार विपिन कुमार, संतोष कुमार, आर्यन राज सहित न्यायालय कर्मी एवं अन्य अधिवक्ता भी उपस्थित रहे।लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन को लेकर लोगों की काफी भीड़ देखी गई। बड़ी संख्या में फरियादी एवं वादकारी अपने मामलों के त्वरित और आपसी समझौते के आधार पर निपटारे की उम्मीद लेकर पहुंचे। आयोजन को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल रहा।

# विद्यालयों में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी**। प्रखंड के विभिन्न प्राथमिक एवं प्रारंभिक विद्यालयों में शनिवार को हमारा बच्चा, हमारी जिम्मेदारी थीम पर आधारित अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की शिक्षा, नियमित उपस्थिति, मानसिक स्वास्थ्य, अनुशासन तथा सर्वांगीण विकास को लेकर विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लेकर बच्चों के भविष्य निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी का भरोसा दिलाया। मध्य विद्यालय नावकोठी, पहसारा बभनगामा, महेशवाड़ा, छतौना, रजाकपुर, समसा, ररिऔना, कन्या मध्य विद्यालय नावकोठी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चकमुजफ्फर, हसनपुर बागर, सैदपुर विष्णुपुर, बगरस विष्णुपुर, गम्हरिया सहित अन्य विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों ने अभिभावकों को नई शिक्षा पद्धति, बच्चों की पढ़ाई की स्थिति, विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं तथा बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग की जानकारी दी।

मध्य विद्यालय नावकोठी के प्रधानाध्यापक सह पूर्व डीडीओ राजेश कुमार ने कहा कि बच्चों का बेहतर भविष्य केवल विद्यालय के प्रयास से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए अभिभावकों और समाज की भी बराबर भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। यदि बच्चे घर और स्कूल दोनों जगह सकारात्मक वातावरण पाएंगे तो वे पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे प्रतिदिन बच्चों की पढ़ाई, होमवर्क और विद्यालय गतिविधियों की जानकारी लें तथा बच्चों के साथ संवाद बनाए रखें।प्रधानाध्यापक अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजना, समय पर पढ़ाई करवाना और मोबाइल व टीवी के अत्यधिक उपयोग से दूर रखना अभिभावकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कई बच्चे केवल अभिभावकीय निगरानी के अभाव में पढ़ाई से दूर हो जाते हैं। बच्चों के पोषण, स्वच्छता और स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना जरूरी है, क्योंकि स्वस्थ बच्चा ही बेहतर तरीके से शिक्षा ग्रहण कर सकता है।

प्रभारी प्रधानाध्यापिका कंचन कुमारी एवं इन्दु कुमारी ने कहा कि विद्यालय बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ उनमें नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सामाजिक व्यवहार का भी विकास करता है।संगोष्ठी के दौरान कई विद्यालयों में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जागरूकता प्रस्तुतियां भी दी गईं। शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों की उपस्थिति, परीक्षा परिणाम, पठन-पाठन की गुणवत्ता तथा विद्यालय में चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। वहीं अभिभावकों ने भी बच्चों की पढ़ाई और व्यवहार से संबंधित समस्याओं को शिक्षकों के समक्ष रखा।

# संक्षिप्त समाचार

## जनता दरबार आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर**। अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए जमीन से संबंधित विवादों को निपटारे के लिए पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को अंचल कार्यालय परिसर में वीरपुर के अंचलाधिकारी भाई के अध्यक्षता जनता दरवार लगाई गई। जानकारी देते हुए भाई वीरेंद्र ने बताया कि नया कोई आवेदन नहीं आया पूर्व का पांच आवेदन पर सुनवाई की गई जिसमें फिलहाल कोई समझौता नहीं हुआ है। सभी पांच आवेदन को लेकर अगली तिथि निर्धारित कर दोनों पक्षों को साक्ष्य के साथ उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी की जाएगी। मौके पर थाना से वरीय पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सहित फरियादी मौजूद थे।

## कार्रवाई को लेकर सीओ को दिया गया आवेदन

**जमालपुर**। प्रखंड के सिंघिया पंचायत के जगदंबापुर फरदा निवासी हरिराम यादव ने अंचल अधिकारी जमालपुर से आवेदन देकर दबंग से अपनी जमीन को मुक्त करवाने की मांग किया है। बुखार आने की पता नहीं बताया कि पिछले 19 फरवरी से अपनी जमीन को दबंग के कब्ज से मुक्त करवाने को लेकर थाना आंचल का चक्कर लगाकर परेशान है फिर भी इस दिशा में अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया है।सीओ ने बताया मामला संज्ञान में आया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत शिविर का आयोजन

**जमालपुर(मुंगेर)**। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत जांच शिविर आयोजित की गई। पीएसी के डॉक्टर शहला एवं पंकज कुमार अपने शिविर में उपस्थित महिलाओं को बताया कि गर्भवती महिलाओं का खून, पेशाब, हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, एचआइबी, समेत गर्भस्थ शिशु की गतिविधि जांच की गई। इस दौरान जांच कराने पहुंची महिलाएं नियमों के प्रति सजग दिखी। दोनों डॉक्टर ने प्रधानमंत्री सुरक्षा मातृत्व अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी के बारे में विस्तृत शिविर में पहुंची महिलाओं को दिए। शिविर में लगभग 70 महिलाओं का जांच किया गया जबकि उपस्थित महिलाओं को नाश्ता पानी की भी व्यवस्था किया गया। डॉक्टर ने यह भी बताया कि यह शिविर प्रत्येक माह के 9,15 एवं 21 तारीख को लगाया जाता है। मौके पर कार्यपालक सहायक जयराम मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय मूर्तिकला कार्यशाला हुआ सम्पन्न

बेगूसराय नगर। जिला कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा संग्रहालय में आयोजित 5 दिवसीय मूर्तिकला (टेराकोटा) कार्यशाला का शनिवार को सम्पन्न हुआ।कार्यशाला के दौरान विभिन्न विद्यालयों के लगभग 52 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मूर्तिकला की बारीकियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।कार्यशाला के अंतिम दिन तक प्रतिभागियों द्वारा कुल 112 कलाकृतियों का निर्माण किया गया। पाँच दिनों तक चले प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं ने पूरे मनोयोग एवं रचनात्मकता के साथ मूर्तिकला की विभिन्न विधाओं को सीखा। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को मूर्तिकला उपकरणों के उपयोग, मिट्टी तैयार करने की विधि तथा अपनी कल्पनाओं एवं अभिव्यक्तियों को मिट्टी के माध्यम से आकार देने की कला का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।कार्यशाला के अंतिम सत्र में छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए तथा प्रशिक्षण प्रक्रिया के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा लोकगीत एवं लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुति भी दी गई, जिसने कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग प्रदान किया।कार्यक्रम में जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी ने गिटार वादक श्री केशव कुमार के साथ बच्चों को स्वर अभ्यास कराते हुए लोकगीत प्रस्तुत किया।मूर्तिकला प्रशिक्षण के लिए आभार व्यक्त करते हुए बच्चों ने कला एवं संस्कृति कार्यालय की ओर से प्रशिक्षक मनीष कौशिक, वरिष्ठ चित्रकार इन्द्रमोहन प्रसाद, विजय सिन्हा तथा गिटार वादक श्री केशव कुमार को अंगवस्त्र एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया।समापन अवसर पर जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्री श्याम कुमार सहनी द्वारा सभी प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकगण भी उपस्थित रहे एवं बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## बागवान निवासी मजदूर की हरियाणा में मौत

**बखरी**। प्रखंड के बागवान वार्ड संख्या 11 निवासी 30 वर्षीय गणेश सदा की हरियाणा के हिसार में सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। मृतक गणेश सदा स्वर्गीय दुलार सदा के पुत्र थे। वे हिसार स्थित एक चिमनी भट्ठा पर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह काम समाप्त करने के बाद गणेश सदा दुकान पर सर्फ लेने गए थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दी, जिससे वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।शनिवार को उनका शव गांव बागवान पहुंचते ही पूरे इलाके में मातम छा गया। शव पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पत्नी कैशना देवी अपने पति की मौत से बेसुध हो गईं। गणेश सदा अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनकी मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

मृतक अपने पीछे पत्नी समेत चार छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व मुखिया कैलाश सदा, भाजपा नेता संजय पासवान, स्थानीय वार्ड प्रतिनिधि सतीश कुमार समेत कई जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने शोक व्यक्त करते हुए सरकार से मृतक के आश्रित परिवार को उचित मुआवजा एवं सरकारी सहायता देने की मांग की है।

## तंबाकू निषेध दिवस पर दिलाया गया संकल्प

जमालपुर(मुंगेर)। जमालपुर कॉलेज जमालपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा तंबाकू निषेध अभियान मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अमित कुमार, विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय मनोविज्ञान विभाग, मुंगेर विश्वविद्यालय मुंगेर थे। कार्यक्रम का संयोजन एनएसएस के कप्तान सोनू कुमार, संचालन उपकप्तान पीयूष कुमार ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य और कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ चन्दन कुमार ने की।कार्यक्रम का प्रारंभ लक्ष्य गीत से किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा आमंत्रित मुख्य अतिथि डॉ अमित कुमार विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय मनोविज्ञान विभाग, मुंगेर विश्वविद्यालय मुंगेर का औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद स्वयंसेविका अनुष्का राज , सोनू कुमार, रिया कुमारी द्वारा अंगवस्त्र और जीवंत पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस क्रम में कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा सभी को तंबाकू निषेध का शपथ दिलाया गया। अपने वक्तव्य में डॉ अमित कुमार ने कहा कि तंबाकू से बने उत्पादों में बीड़ी, सिगरेट, गुटखा आदि के अलावे अन्य जितने भी नशीले पदार्थ हैं इसका सेवन लोग पहले पहल जिज्ञासा वश और दोस्तों के दबाव में करते हैं। शुरूआत में तंबाकू की कोई तलब नहीं होती। इसके अलावे लोगों में यह भ्रम है कि इसके सेवन से मानसिक तनाव को खत्म हो जाता है।सर्वे में कशिश, राजकुमार, प्रशांत,सोनू, मिट्ठू, शुभम, पीयूष कुमार, सन्नी, कौशिक, छोटी, कोमल, कोमल प्रिया, कोमल कुमारी, सोनी, प्रीति, नेहा, मनीषा, तनिषा, रश्मि, ब्यूटी, ब्यूटी कुमारी, सुधांशु ,सरस कुमार, राजनंदनी, अंशु कुमारी, अंशु कुमार, राखी , पीयूष चौहान, साजो ,काजल, कुणाल, रिया , रिया कुमारी ,राहुल, श्रुति, माही, आयुष, धीरज ठाकुर, अल्ताफ राजा, शिवम, अनुष्का, रानी, आलोक, सुमित, सोनम, रौशन, खुशी, अंजली, साक्षी, मुस्कान आदि ने भाग लिया।इस अवसर पर कॉलेज के अन्य शिक्षकों में डॉ नीता कुमारी, डॉ रजनी कुमारी, डॉ जितेंद्र कुमार, डॉ राकेश कुमार नटराजन आदि ने सहयोग किया। इसके अतिरिक्त कार्यालय के कर्मियों में अश्विनी, राजीव , श्याम, गौरव, आशीष, अजय सिंह, सुष्मिता, रंजू, रणजीत शर्मा, ब्रह्मदेव यादव आदि ने सहयोग किया।

CMYK

# 15 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

## आरा नगर निगम कर्मियों का बड़ा ऐलानः



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** आरा नगर निगम कर्मचारी संघ की बैठक शनिवार को संघ अध्यक्ष के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम के स्थायी एवं एनजीओ कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर बड़ा निर्णय लेते हुए 15 मई 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। कर्मचारी संघ की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, 11 मई 2026 को पहले सांकेतिक हड़ताल की जाएगी। यदि इसके बाद भी निगम प्रशासन द्वारा मांगों पर कोई ठोस पहल नहीं की गई, तो 15 मई से सभी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। संघ ने बताया कि 7 अप्रैल 2026 को रमना मैदान स्थित स्टेडियम परिसर में कर्मचारी संघ का चुनाव कराया गया था, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन किया गया। अध्यक्ष पद के लिए पुष्पा सिंह को चुना गया, जिसकी जानकारी निगम कार्यालय को पहले ही दी जा चुकी है। इसके बाद 22 अप्रैल 2026 को कर्मचारी संघ की ओर से नगर आयुक्त को छह सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था। संघ का आरोप है कि 15 दिनों का समय देने के बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से कोई वार्ता नहीं की गई और न ही कर्मचारियों की समस्याओं पर गंभीरता दिखाई गई। बैठक में मौजूद कर्मचारियों ने निगम प्रशासन के रवैये पर नाराजगी जताई और कहा कि लगातार अनदेखी के कारण अब आंदोलन ही एकमात्र विकल्प बचा है। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि हड़ताल होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी। कर्मचारी संघ की अध्यक्ष पूषा सिंह ने कहा कि आज आरा नगर निगम कर्मचारी यूनियन की बैठक आयोजित की गई। कई दिनों से लगातार चल रही बैठकों के बाद अब आंदोलन की रूपरेखा पूरी तरह तय कर ली गई है। उन्होंने बताया कि यूनियन की ओर से नगर निगम प्रशासन को 15 दिनों का समय दिया गया था ताकि कर्मचारियों की मांगों पर विचार किया जा सके, लेकिन इस दौरान किसी भी यूनियन प्रतिनिधि को बातचीत के लिए नहीं बुलाया गया। इसी कारण अब हड़ताल का निर्णय लिया गया है। इस बैठक में आरा नगर निगम के कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष अमरनाथ, सचिव राकेश कुमार, उप सचिव दिलीप कुमार सिंह, कार्यालय सचिव सरुण कपूर, कार्यालय सचिव सुरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद, उपकोष पाल जितेंद्र सिंह, सहयोगी ललिता देवी, सहयोगी पूनम देवी के अलावा निगम के सभी वार्ड सुपरवाइजर, वार्ड जमादार, ड्राइवर, सहित सैकड़ो सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# महावीर प्रसाद द्विवेदी का साहित्यिक समर्पण बनी प्रेरणा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** महंथ महादेवानंद महिला महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा" हिंदी आलोचना एवं महावीर प्रसाद द्विवेदी " विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो.डॉ नरेंद्र प्रताप पालित ने की। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा निकेतन रंजनी ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सभी का स्वागत किया व महावीर प्रसाद द्विवेदी के आलोचना में योगदान, व खड़ीबोली के माध्यम से हिंदी को विकसित व परिनिष्ठित करने पर प्रकाश डाला। हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ प्रीति कुमारी ने महावीर प्रसाद द्विवेदी के विभिन्न अन्तरानुशासिक विषयों को साहित्य में समाहित कर साहित्य के क्षेत्र को विकसित करने व स्वतंत्रता आंदोलन में हिंदी साहित्य के योगदान पर चर्चा की। हिंदी विभाग की छात्रा जूही कुमारी ने महावीर प्रसाद द्विवेदी के आलोचना कर्म पर विस्तार में प्रकाश डाला। अध्यक्षीय भाषण में प्रो. डॉ. नरेंद्र प्रताप पालित ने हिंदी साहित्य के विस्तृत विषयों पर चर्चा करते हुए महावीर प्रसाद द्विवेदी के व्यक्तिगत जीवन में साहित्य को चुनने के संदर्भ में 200 रुपए की रेलवे की नौकरी छोड़ साहित्य सेवा के लिए 20 रुपए की नौकरी करने की बात की जिससे उनके साहित्य के प्रति प्रेम और समर्पण का पता चलता है। उन्होंने महावीर प्रसाद द्विवेदी के हिंदी साहित्य में योगदान पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. अंजू कुमारी ने महावीर प्रसाद द्विवेदी के व्याकरण में योगदान प्रकाश डालने के साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी, मीडियाकर्मी व छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में डॉ. विभा कुमारी, राघवेंद्र, अमरजीत, आदि शिक्षक के साथ नाहिद, नीतिश और शोधार्थी तनीशा सागरिका। जूही कुमारी, सिमरन कुमारी, उमा पाण्डेय, जया कुमारी, एकता कुमारी, नंदिनी कुमारी आदि बहुत बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# पीरो में योजना व विकास मंत्री का गर्मजोशी से हुआ स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीरो (आरा)।** सूबे बिहार के नवगठित मंत्रिमंडल में शामिल कर योजना व विकास विभाग का मंत्री बनाए जाने के बाद पहली बार अपने निर्वाचन क्षेत्र में पहुंचे भगवान सिंह कुशवाहा का उनके समर्थकों ने काफी गर्मजोशी से स्वागत किया। पहले से उनके आगमन की प्रतीक्षा में खड़े समर्थक श्री कुशवाहा के यहां पहुंचते ही उन्हें फूल माला से लाद दिया। इस दौरान नीतीश कुमार जिन्दाबाद, सम्राट चौधरी जिन्दाबाद के खूब नारे लगे। मंत्री कुशवाहा ने गाड़ी से उतरकर समर्थकों का अभिवादन किया और उनका आभार जताया। मंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि वे उनके सुख-दुःख में हमेशा साथ खड़े रहेंगे। इस दौरान मंत्री ने स्थानीय मां पीटन देवी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद नगर के लोहिया चौक स्थित



डा. राममनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मंत्री श्री कुशवाहा काफिले के साथ ऐतिहासिक बहरी महादेव धाम स्थित शिव मंदिर व सूर्य मंदिर में भी गए।जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की व देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष अक्षय लाल चौधरी, नगर अध्यक्ष अमित कुमार बकुली, पप्पू सिंह, अशोक कुशवाहा, बमबम केशरी, संजय सिंह, हृदयानंद कुशवाहा, शुभम पटेल, अरुण प्रताप सिंह, अनिल सिंह गुडडू, सहित भाजपा व जदयू के सैकड़ों समर्थक मौजूद थे।

# धरहरा से पासवान चौक तक चलाया गया अतिक्रमण उन्मूलन अभियान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर शनिवार को धरहरा से पासवान चौक तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व अंचलाधिकारी आरा सदर द्वारा किया गया। इस दौरान नगर निगम की टीम, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। अभियान के तहत सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। जिला प्रशासन द्वारा अवैध रूप से निर्मित पक्के संरचनाओं को भी तोड़ा जा रहा है। यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई। साथ ही, पासवान चौक से धरहरा तक प्रस्तावित सड़क परियोजना के कार्य को सुचारु रूप से सुनिश्चित करने के लिए भी अतिक्रमण हटाना आवश्यक हैं। अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक भूमि एवं सड़क पर किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा। जिला प्रशासन द्वारा सख्त चेतावनी दी गई है कि दोबारा अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस का सरकार पर हमला, अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज की निंदा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** शहर स्थित शहीद भवन में कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. श्रीधर तिवारी ने बिहार सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि छात्र-नौजवान अपने अधिकारों की मांग कर रहे थे, लेकिन राजधानी पटना में पुलिस द्वारा उन पर बर्बर लाठीचार्ज किया गया, जिसकी कांग्रेस पार्टी कड़ी निंदा करती है।

उन्होंने कहा कि घटना ने लोकतांत्रिक मूल्यों को आहत किया है और हालात ऐसे प्रतीत हो रहे थे मानो अभ्यर्थियों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया हो। कई छात्रों के घायल होने और छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार की भी उन्होंने आलोचना की।



जिलाध्यक्ष ने कहा कि राज्य में दो लाख से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं, बावजूद इसके सरकार बहाली प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीईटी और एसटीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थी लंबे समय से नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन उन्हें बार-बार तिथि देकर टालमटोल किया जा रहा है। इससे बड़ी संख्या में अभ्यर्थी आयु सीमा पार कर रहे हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी अभ्यर्थियों के संघर्ष में उनके साथ खड़ी है और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन जारी रखेगी। उन्होंने सरकार से शीघ्र शिक्षक बहाली प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। प्रेस वार्ता में एआईसीसी सदस्य डॉ. शशि कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र मिश्रा, अशोक यादव, शशिकांत तिवारी, युवा जिलाध्यक्ष डॉ. भानु प्रताप सिंह, ओमप्रकाश सिंह, एनएसयूआई अध्यक्ष अभिषेक तिवारी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीएनबी के कृषि आउटरीच कार्यक्रम में किसानों को 5 करोड़ के ऋण का स्वीकृति पत्र वितरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के मंडल कार्यालय, आरा द्वारा कृषि क्षेत्र के समग्र विकास और किसानों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने के उद्देश्य से भव्य कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल प्रमुख उत्पल कुमार ने किया, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान कार्यालय के वित्तीय समावेशन प्रभाग से महाप्रबंधक प्रमोद रंजन तूफ़ान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी जीविका दीदियां, कृषि उपकरण, कार एवं ट्रैक्टर डीलर, बैंक के ग्राहक तथा गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान किसानों को बैंक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं—किसान क्रेडिट कार्ड, डेयरी, पशुपालन, कृषि यंत्रीकरण एवं




अन्य स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर कृषि लाभुकों के बीच लगभग 5 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही किसानों को आश्वस्त किया गया कि बैंक उनके आर्थिक सशक्तिकरण और कृषि उन्नति के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

मंडल प्रमुख उत्पल कुमार ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में किसानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और बैंक उनके विकास को राष्ट्र निर्माण का आधार मानता है। वहीं मुख्य अतिथि प्रमोद रंजन तूफ़ान ने वित्तीय समावेशन पर जोर देते हुए कहा कि बैंक का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाना है तथा किसानों और स्वयं सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

# गोलीकांड में घायल सुल्तानगंज नगर सभापति की मौत, दस दिन बाद तोड़ा दम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** सुल्तानगंज नगर परिषद कार्यालय में हुए सनसनीखेज गोलीकांड में गंभीर रूप से घायल नगर सभापति राजकुमार गुड्डू ने दस दिनों तक जिंदगी और मौत से संघर्ष करने के बाद शनिवार को दम तोड़ दिया। उनका इलाज पटना स्थित मेदांता अस्पताल में चल रहा था, जहां चिकित्सकों की टीम लगातार उन्हें बचाने का प्रयास कर रही थी। बताया जाता है कि शनिवार सुबह अचानक उनकी स्थिति बिगड़ गई। मौके पर मौजूद डॉक्टरों ने हरसंभव कोशिश की, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके निधन की खबर मिलते ही सुल्तानगंज नगर परिषद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और आमजन गहरे सदमे में डूब गए।

# भोजपुर में उपचुनाव को लेकर अलर्ट, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर में आगामी बिहार विधान परिषद उप-निर्वाचन 2026 को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त माहौल में कराने के लिए शाहाबाद क्षेत्र, डिहरी-ऑन-सोन के पुलिस उपमहानिरीक्षक ने एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक में भोजपुर के पुलिस अधीक्षक सहित कई वरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान चुनाव के समय सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और हर स्तर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जाए और किसी भी तरह की गड़बड़ी या तनाव की स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया जाए। इसके साथ ही संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था करने और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी कहा गया कि चुनाव के दौरान मतदाताओं को पूरी सुरक्षा दी जाए ताकि लोग बिना किसी डर के अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकें। पुलिस प्रशासन ने साफ किया कि चुनाव में शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




# डॉ ममता मिश्र की पांचवी पुस्तक मिहिर गर्गः एक संस्मरण का लोकार्पण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी मानवेन्द्र कुमार राय एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन प्रभाकर के कर कमलों द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय कक्ष में डॉ ममता मिश्र की पांचवी पुस्तक मिहिर गर्गः एक संस्मरण का लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पुस्तक की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बीच संघर्ष करते हुए मिहिर गर्ग ने अद्वितीय सफलता प्राप्त की थी और वे अपनी क्षमता से निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहे थे। उन्होंने मिहिर गर्ग को अभिमन्यु सा वीर बताया। वहीं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी महोदय ने मिहिर गर्ग को आधुनिक युग का श्रवण कुमार कहा। उन्होंने कहा कि मिहिर गर्ग ने अपनी योग्यता, सादगी, अनुशासन, दयालुता, शिष्टता, दूरदर्शिता, सामाजिकता, इच्छाशक्ति, धैर्य आदि से यह साबित किया कि एक योग्य पुत्र अपने परिवार का नाम कैसे रौशन करता है। इस अवसर पर पम्मी कुमारी और जिला शिक्षा कार्यालय के कर्मी मौजूद थे।


## कार्यालय जिला परिषद, पलामू

E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

### सैरात बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना (5th Call)

दिनांक 13.09.2025 को सम्पन्न जिला परिषद पलामू की बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में जिला परिषद, पलामू के नियंत्रणाधीन बहुद्देशीय भवन, डाक बंगला एवं बस पड़ाव की तीन वर्षो के लिए खुली डाक के माध्यम से बंदोबस्ती हेतु पलामू जिला के स्थानीय निवासीयों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 | सैरात का नाम | प्रखण्ड | मासिक किराया दर (रूपये में) | तीन वर्षो के लिए डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि 25% | डाक की तिथि समय व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नया डांक बंगला भवन, नावाखास | पाटन | 6000.00 | 216000.00 | 54000.00 | Date- 20-05-2026 Time- 11:30 AM स्थान– उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू का कार्यालय प्रकोष्ट |
| 2 | पुराना बहुद्देशीय भवन, सेमरी | पाटन | 3000.00 | 108000.00 | 27000.00 | |
| 3 | बहुद्देशीय भवन, किशुनपुर | पाटन | 4000.00 | 144000.00 | 36000.00 | |
| 4 | बस पड़ाव, मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | 7500.00 | 270000.00 | 67500.00 | |
| 5 | बहुद्देशीय भवन, बिश्रामपुर | बिश्रामपुर | 5000.00 | 180000.00 | 45000.00 | |
| 6 | नया डाक बंगला भवन, मनातु | मनातु | 6000.00 | 216000.00 | 54000.00 | |
| 7 | नया डाक बंगला, पण्डवा | पण्डवा | 8000.00 | 288000.00 | 72000.00 | |

उपरोक्त सैरात के बंदोबस्ती हेतु खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 19.05.2026 तक कॉलम संख्या–6 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट/चेक/कैश द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu) के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। अग्रधन राशि के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। सैरात की बंदोबस्ती की अवधि तीन वर्षो की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् तत्काल सम्पूर्ण डाक राशि का 50% राशि जमा करना अनिवार्य होगा।

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के वाद–विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू

PR 379402 District (26-27)_D



## कार्यालय
## मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक................../दिनांक.............

### कार्यालय आदेश

अपर अभियान निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड राँची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग स्वास्थ्य के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and Wellness Center के संचालन हेतु चिकित्सको की अनुबध पर सेवा प्राप्त किया जाना है। इच्छुक उम्मीदवार शौक्षणिक योग्यता, आधार कार्ड, पैन कार्ड, अनुभव प्रमाण–पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो, आवेदन के साथ 42/- रू0 का टिक्ट सटा दो लिफाफा एवं स्व पता लिखित दिनांक 18.05.2026 तक कार्यालय में हाथो–हाथ/निबंधित डाक से कचहरी कम्पाउण्ड, मेदिनीनगर नगर निगम, मेदिनीनगर, पलामू में भेज सकते है।

निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 | पदनाम | न्यूनतम योग्यता | उम्र सीमा | मानदेय | कुल रिक्त |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सक | मेडिकल कॉउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S की डिग्री (चयन प्रक्रिया मौखिक पुछ–ताछ से किया जायेगा) | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक चिकित्सकों की सेवा एक वर्ष के लिए मान्य होगी।) | प्रतिमा 63,000/- (तिरसठ हजार रूपये मात्र) | 01 |

नोटः– 1. चिकित्सक का चयन प्रक्रिया पुछ–ताछ (Walk Interview) के माध्यम से किया जायेगा।
2. कार्य अवधि सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 8 घण्टा) समय 9:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक।
3. चयनित चिकित्सको को भविष्य में नियमितिकरण हेतु दावा मान्य नहीं होगा।

ह0/–
नगर आयुक्त मेदिनीनगर नगर निगम।

PR.NO.379412 District(26-27):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

### अल्पकालीन पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 10RV/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ

दिनांक–07.05.2026

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/14/23-24 | विश्रामपुर | 1 | L024 पी0डब्लू0डी0 रोड से बघमनवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.90कि0मी0 | 1228.564 | बारह करोड़ अठाईस लाख छप्पन हजार चार सौ रू0 मात्र | 15 माह | छठा |
| | | विश्रामपुर | 2 | पिपरा से निमिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 1.80कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 3 | L035 पी0डब्लू0डी0 रोड से टोना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.30कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 4 | L075 पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड सुलुदाग से लोहदगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 5.50कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 5 | कुल्ही से पंचायत भवन भाया करकट्टा बाजार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.00कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 6 | मेन रोड एन0एच0 98 से चेनया चारमुहान रामधीर दुबे एवं बैजनाथ हाउस भाया लभझी नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 1.40कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 7 | महुगांवा मेन रोड से कांती तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.50कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 8 | मोदा सिंह के घर से बक्सा कजरू खूर्द तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 3.00कि0मी0 | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 14.05.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 27.05.2026 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 29.05.2026 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 379376 Rural Development(26-27)#D

# लोक अदालत में 2015 मामलों का निस्तारण, 5.14 करोड़ का समझौता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद तथा अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय दाउदनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। उद्घाटन व्यवहार न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अरूण कुमार, पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल, सचिव तान्या पटेल, जिला विधि संघ अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय तथा अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। संचालन न्यायिक दंडाधिकारी शिवांगी ने किया। तान्या पटेल ने स्वागत




भाषण में राष्ट्रीय लोक अदालत की उपयोगिता बताते हुए कहा कि इससे न्यायालय, प्रशासन और पुलिस पर मुकदमों का बोझ कम होता है तथा पक्षों के बीच तनाव समाप्त होता है। संजय कुमार सिंह ने इसे सौहार्द बढ़ाने वाला मंच बताया, जबकि विजय कुमार पाण्डेय ने अधिवक्ताओं से सहयोग का आह्वान किया। एसपी अम्बरीश राहुल ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत वादों के त्वरित निस्तारण का सरल माध्यम है। अध्यक्षीय संबोधन में जिला जज राजीव रंजन कुमार ने कहा कि लोक अदालत समाधान का मंच है, शोषण का नहीं। उन्होंने बैंक अधिकारियों से ऋण मामलों में अधिक से अधिक राहत और ब्याज माफी देने की अपील की। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2015 मामलों का निस्तारण करते हुए लगभग 5 करोड़ 14 लाख 17 हजार 565 रुपये का समझौता कराया गया। इसमें 546 बैंक ऋण मामलों में 3 करोड़ 1 लाख 54 हजार 5 रुपये, 319 यातायात चालान मामलों में 5 लाख 14 हजार रुपये तथा चेक बाउंस के दो मामलों में 7 लाख रुपये का समझौता शामिल रहा। 41 ऐसे मामलों का भी निस्तारण हुआ जो दस वर्ष पुराने थे। नगर भवन में एकमुश्त यातायात चालान निपटान योजना के तहत विशेष शिविर लगाया गया, जहां 319 मामलों का निपटारा हुआ। वहीं सीबीएसई बोर्ड में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों आकृति सोनल, अर्णव सिसोदिया, अलिष्बा रेहान, सलोनी कुमारी, गुनगुन कुमारी और अभिनव राज को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा एवं नेत्र जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें वादकारियों और न्यायालय कर्मियों की स्वास्थ्य जांच कर दवाओं का वितरण किया गया।

# अतिक्रमणमुक्त होगा औरंगाबाद शहर : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शहर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के पूर्व जिलाधिकारी द्वारा पुरानी जीटी रोड, एमजी रोड, रामाबांध बस स्टैंड, जसोईया मोड़, ओवरब्रिज, मस्जिद, नावाडीह रोड सहित अन्य प्रमुख यातायात प्रभावित स्थलों का निरीक्षण एवं भ्रमण कर जाम की समस्या, अतिक्रमण, अवैध पार्किंग, भारी वाहनों के अनियमित संचालन तथा सर्विस लेन के दुरुपयोग का विस्तृत आकलन किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि एमजी रोड एवं ओवरब्रिज क्षेत्र में बहु-दिशात्मक यातायात, भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही, सर्विस लेन के अव्यवस्थित उपयोग तथा सड़क किनारे अनधिकृत



ठहराव के कारण लगातार जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। वहीं रामाबांध बस स्टैंड के समीप बसों एवं भारी वाहनों के अनियमित पड़ाव के कारण आमजन को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी द्वारा ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार को निर्देशित किया गया कि बाईपास से अंबा रोड तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण हटाया जाए तथा रमेश चौक के समीप प्रस्तावित टेंपो स्टैंड में वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग सुनिश्चित की जाए। साथ ही रमेश चौक के पास अनावश्यक रूप से टेंपो खड़ा नहीं होने देने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त नावाडीह रोड को वन-वे घोषित करने, रामाबांध बस स्टैंड एवं काली क्लब के समीप पुलिस बल एवं जवानों की प्रतिनियुक्ति करने तथा रामाबांध बस स्टैंड के बाहर अनधिकृत रूप से बस एवं भारी वाहन खड़ा करने वाले वाहन चालकों पर नियमानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अंबा-झारखंड की ओर से आने वाले वाहनों को जसोईया मार्ग से गया की ओर सुचारू रूप से भेजने हेतु पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बैंक रिकवरी एजेंट का हत्यारोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** प्रखंड के उचौली स्थित इंडियन बैंक के रिकवरी एजेंट राजेंद्र पासवान हत्याकांड में बैंक के ही सुरक्षा गार्ड अभय सिंह को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल शुक्रवार को सुरक्षा गार्ड के बंदूक से गोली चलने पर रिकवरी एजेंट गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। घटना के बाद जख्मी अवस्था में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर मृतक राजेन्द्र पासवान के पुत्र नीतीश कुमार ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया जिसमें बताया कि प्रतिदिन की तरह पिताजी शुक्रवार की सुबह 10.30 बजे गए थे। करीब 11 बजें बैंक सुरक्षा गार्ड महुआईन निवासी बलेन्द्र सिंह के पुत्र अभय कुमार सिंह ने जाति सूचक शब्द और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर सुरक्षा गार्ड ने गोली मारकर हत्या कर दी। हालांकि इस घटना से पूर्व पिताजी द्वारा बैंक प्रबंधक संजीत कुमार निराला से शिकायत किया गया था लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई और वाद-विवाद में गोली मारकर हत्या कर दिया गया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। बैंक गार्ड को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में पीएसआई सुरेन्द्र कुमार, एसआई रोहित कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे।

# न्यू जेल परिसर के समीप लगेगी फल एवं सब्जी मंडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के फल एवं सब्जी मंडी के स्थानांतरण को लेकर बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कुल 82 फल एवं सब्जी विक्रेताओं की संयुक्त मंडी को पुराने स्थान से स्थानांतरित कर न्यू जेल परिसर के समीप निर्धारित स्थल पर स्थानांतरित किया जाएगा। बैठक के दौरान फल एवं सब्जी विक्रेताओं द्वारा नए स्थल पर मूलभूत सुविधाओं जैसे बिजली, सड़क, पेयजल एवं शौचालय उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस पर जिलाधिकारी ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी, विद्युत विभाग



कार्यपालक अभियंता एवं पथ निर्माण विभाग कार्यपालक अभियंता को आवश्यक सुविधाओं हेतु समुचित योजना तैयार करने तथा शीघ्र प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि माह मई के भीतर मंडी का स्थानांतरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि नए स्थल पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं यथाशीघ्र उपलब्ध कराई जाएं, ताकि विक्रेताओं एवं आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी सदर संतन कुमार सिंह एवं फल-सब्जी विक्रेताओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग एवं कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग एवं नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा प्रस्तावित नए फल एवं सब्जी मंडी स्थल, न्यू जेल परिसर के समीप, एवं फोरम का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा स्थल पर बिजली, सड़क, पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यों की रूपरेखा तैयार कर शीघ्र प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया गया।

# अलग-अलग मामलों में 43 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त, अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने विशेष अभियान चला रही है। इस क्रम में शुक्रवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 43 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 20 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के शीर्ष में एक, लूट में तीन, पुलिस पर हमला में एक, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 6 तथा अन्य मामलों में 32 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 30 लीटर देसी शराब, 4 बाइक, एक सोने का लॉकेट एवं चोरी का एक मोटर बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1637 वाहनों की जांच की गई जिसमें 150100 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 13 वारंट एवं एक कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें।

# सुरक्षा व्यवस्था की मजबूत रीढ़ हैं पुलिस के जवान : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने जिला पुलिसकर्मियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए अपने कार्यालय में विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विभिन्न थाना व शाखाओं से आए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी व्यक्तिगत तथा सेवा संबंधी समस्याएं खुलकर रखीं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक कर्मचारी की समस्या को गंभीरता से सुना और कई मामलों का मौके पर ही समाधान करते हुए संबंधित शाखा प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी केवल कानून व्यवस्था



के रक्षक ही नहीं बल्कि समाज की सुरक्षा व्यवस्था की मजबूत रीढ़ हैं, इसलिए उनके कल्याण, सुविधा और मनोबल का विशेष ध्यान रखा जाना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि संतुष्ट और प्रेरित पुलिस बल ही आमजन को बेहतर व प्रभावी सेवा दे सकता है। इसी उद्देश्य से जिला पुलिस प्रशासन समय-समय पर ऐसे संवाद कार्यक्रम आयोजित करता है ताकि पुलिसकर्मियों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने आश्वस्त किया कि जींद पुलिस अपने कर्मठ जवानों के कल्याण और सुविधा के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम जारी रहेंगे।

# लूट के सामान के साथ तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** चाकू का भय दिखाकर रोहतास जिले के एक व्यक्ति को लूटने वाले रॉकी कुमार उर्फ सोनू-भगवान बिगहा, खुरम खान-मौलाबाग वार्ड न.-22 एवं राजा बाबु उर्फ राजा-पचकठ्वा देवी मंदिर को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में शनिवार को एसडीपीओ अशोक कुमार दास ने थाना अध्यक्ष विकास कुमार और पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार की उपस्थिति में पूरी जानकारी दी। बताया कि शुक्रवार को रोहतास जिले के हरिहरगंज निवासी मोनु कुमार ने पुलिस को सूचना दी कि गुरुवार की रात तीन मोटरसाइकिल सवार अपराध कर्मियों द्वारा चाकू का भय दिखाकर गर्दन से सोने का लॉकेट लुट लिया गया है। एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। आसूचना संकलन, सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी सहायता से विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर तीन को पकड़ा गया। इनकी निशानदेही से कांड में लुटी गयी सोने का लॉकेट एवं लूट कांड में प्रयोग की गयी मोटरसाईकिल को बरामद किया गया। लूट कांड में इस्तेमाल किया गया बाइक चोरी का निकला। पुलिस ने बताया कि यह मोटरसाईकिल पूर्व में इन्हीं आरोपितों द्वारा चोरी की गयी थी। पूर्व में चोरी हुई पम्प मोटर को इसी टीम ने बरामद करते हुए उद्भेदन किया।

# 20 मई को बंद रहेंगी जिले की सभी दवा दुकानें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रेगिस्ट्स के आह्वान पर 20 मई यानी बुधवार को जिले के सभी दवा प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। इसे लेकर मदनपुर में औरंगाबाद जिला औषधि विक्रेता संघ द्वारा ज्ञानदत पांडेय की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में मदनपुर सहित जिले में सभी दवा दुकान को बंद रखने का निर्णय लिया है। संगठन के सचिव अशोक कुमार सिंह ने बताया कि ऑनलाइन दवा बिक्री, बड़े कॉरपोरेट घरानों को भारी छूट देकर बाजार प्रभावित करने तथा नकली दवाइयां के बढ़ते खतरे के विरोध में यह एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन माध्यम से दावों की बिक्री जन स्वास्थ्य और मरीजों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। फर्जी चिकित्सकीय पर्चियो के आधार पर दावओं की बिक्री से दुरुपयोग की आशंका बढ़ रही है। ऐसे में अवैध ई-फार्मेसी पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की आवश्यकता है।

Mount Energy 927947823
Empowering The World
सोलर लगाइए बिजली बिल और रिचार्ज मीटर से जीवन भर छुटकारा पाइए!
78000 तक की सरकारी सब्सिडी
सभी प्राइवेट और सरकारी बैंक से आसान किस्तों में लोन
तो देर किस बात की अभी संपर्क करें
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
MIN STRY OF NEW AND RENEWABLE ENERGY
सत्यमेव जयते
ब्रेडा BREDA
बिहार सरकार ऊर्जा विभाग
ROOF TOP SOLAR | SOLAR ATTA CHAKKI | SOLAR PUMP | SOLAR STREET LIGHT




Address- Plot No-334, Club Road, Auranagabad ( Bihar), PH No- 9279478232

# सिन्हा कॉलेज में विदाई सह सम्मान समारोह धूमधाम से आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय के भूगोल विभाग के स्नातकोत्तर सत्र 2024-26 के छात्र-छात्राओं द्वारा शनिवार को सेमिनार हॉल में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों एवं विभागाध्यक्ष विभीषण कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के



प्राचार्य प्रो. डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा तथा भूगोल विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष सेवानिवृत्त डॉ. रामाधार सिंह उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों के प्रेरणादायी संबोधन से छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। अपने संबोधन में प्राचार्य प्रो. डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने कहा कि सफलता की एकमात्र कुंजी कठिन परिश्रम और ईमानदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन को सही दिशा प्रदान करती है तथा विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति सदैव समर्पित रहना चाहिए। विभागाध्यक्ष विभीषण कुमार ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखते हुए पूरी ईमानदारी के साथ अपने कार्य को करना चाहिए। उन्होंने भी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने एक-एक कर अपनी प्रतिभा और अभिव्यक्ति का प्रदर्शन किया। समारोह को सफल बनाने में अभिजीत कुमार, राजू रंजन सिंह, गोल्डी कुमारी, राज प्रकाश, चंदन कुमार, नीतीश कुमार, धनंजय कुमार सहित अन्य विद्यार्थियों की भूमिका सराहनीय रही।

# गलत इलाज के कारण बच्चे की मौत

**मदनपुर(नबिटा संवाददाता)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के खिरियावां के एक निजी अस्पताल में इलाज़ के दौरान चार वर्षीय मासूम बच्चे की मौत का मामला सामने आया है। आरोप है कि मासूम को बुखार लगा था। इलाज को लेकर अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां गलत इंजेक्वशन व दवाई रिएक्शन करने से बच्चे की मौत हो गई है। मृतक की पहचान सलैया थाना क्षेत्र के हसनपुर निवासी केशव यादव के चार वर्षीय पुत्र आयुष कुमार के रुप में की गई है। बताया जाता है कि खिरियावां बाजार में संचालित भवानी मेडिकल अस्पताल में दो दिनों से बच्चे का बुखार संबधित इलाज चल रहा था। शनिवार को देर शाम में मृतक परिजनों से अस्पताल संचालक से नोंकझोंक हुई। इसके बाद विवाद बढ़ गया। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और समझा-बुझाकर आक्रोशितों को शांत कराया।

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।

# पात्र लाभुकों को मिला सरकारी योजनाओं का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के सभी प्रखंडों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में दिव्यांगजनों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत दिव्यांगजनों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन, यूडीआईडी कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, ट्राई साईकिल सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ ससमय पहुंचाया जा सके। इसी क्रम में आज 09 मई 2026 को कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत



प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुटुंबा में विशेष कैंप का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित हुए तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन, यूडीआईडी कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं ट्राई साईकिल जैसी योजनाओं हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में संबंधित विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा लाभुकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए आवेदन प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग किया गया। जिला प्रशासन द्वारा संचालित यह विशेष अभियान 02 मई 2026 से जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगातार आयोजित किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मदनपुर में 11 मई, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नवीनगर में 12 मई, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ओबरा में 13 मई तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रफीगंज में 14 मई को शिविर आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी के निदेशनुसार सभी शिविर स्थलों पर संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है ताकि शिविरों का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके एवं अधिकाधिक दिव्यांगजनों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन, यूडीआईडी कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ट्राई साईकिल सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269